शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 328 | गुवाहाटी | मंगलवार, 27 जून, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

रिश्वत लेते लोक सेवक गिरफ्तार — पेज 3
भोपाल में खराब मौसम के चलते प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो रद्द — पेज 4
विंध्य-बुंदेलखंड में अगस्त तक पहुंचाएं हर घर नल से जल : मुख्यमंत्री — पेज 5
हर्ष देव सिंह जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद के गंभीर दावेदार : अंकित लव — पेज 8

## बीएसएफ चौकी पर ग्रामीणों का हमला



**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में रविवार रात एक सीमा चौकी पर ग्रामीणों के हमले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दो जवानों समेत कम से कम पांच लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि राज्य की राजधानी से 100 किलोमीटर दक्षिण में डावकी शहर के पास उमसियेम गांव में रात करीब 10 बजे भीड़ ने चौकी पर हमला कर दिया। बीएसएफ मेघालय फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) प्रदीप कुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में, हमने काफी सामग्री जब्त की है, जिसे तस्करी के माध्यम से बांग्लादेश भेजा जाना था। तस्करों की भी पहचान की गई। इस कार्रवाई के बाद उन्होंने (तस्करों ने) चौकी पर हमला किया और जवाबी कार्रवाई में बीएसएफ को हवा में गोलियां चलानी पड़ी। बीएसएफ ने एक बयान में बताया कि उन्होंने 2.7 लाख रुपए के कपड़े जब्त किए हैं, जिनकी तस्करी की जानी थी। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि बीएसएफ ने रविवार को तस्करी की दो कोशिशें नाकाम की। सुबह, उन्होंने उमसियेम गांव से 2.21 लाख रुपए के कपड़े जब्त किए। रात में, बीएसएफ ने उसी गांव -शेष पृष्ठ दो पर

## अंबुबासी मेला : खुले कामाख्या मंदिर के कपाट

**गुवाहाटी (हि.स.)।** योग की निवृत्ति के साथ अंबुबासी मेला संपन्न हो गया। अंबुबासी की निवृत्ति के बाद विधि-विधान से पूजा पाठ के बाद कामाख्या मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह से लंबी कतारों में श्रद्धालुओं ने माता रानी का दर्शन एवं पूजन किया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं का अपने-अपने घरों को लौटना शुरू हो गया। सोमवार को सूर्योदय के बाद सुबह 05.05 बजे देवी के स्नान, विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कामाख्या मंदिर के कपाट पूजा-अर्चना एवं दर्शन के लिए खोल दिए गए। अंबुबासी की निवृत्ति के दिन मां कामाख्या का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों भक्त नीलाचल पहाड़ पर इकट्ठा हुए। श्रद्धालुओं की भीड़ से नीलाचल पहाड़ पूरी तरह से धार्मिक क्षेत्र के रूप में तब्दील हो गया है। कामाख्या मंदिर में साधु-संतों सहित देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों से आए श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। दरअसल, अंबुबासी योग की प्रवृत्ति 22 जून की रात 2 बजकर 30 मिनट 42 सेकंड के बाद शुरू हुआ था। राज्य सरकार एवं कामरूप (मेट्रो) जिला प्रशासन के साथ ही कामाख्या धाम प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं एवं साधु-संतों को किसी भी परेशानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस बार अंबुबासी मेले के दौरान प्रबंधन पहलू पर विशेष नजर रखी गई। कामाख्या मंदिर में वाहनों को जाने की अनुमति नहीं थी। सभी श्रद्धालु पैदल ही कामाख्या मंदिर तक गए। आज भी वीआईपी-वीवीआईपी के लिए कोई खास इंतजाम नहीं है। प्रशासन ने सुरक्षा के -शेष पृष्ठ दो पर



## मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक



**नई दिल्ली।** मणिपुर पिछले 53 दिनों से हिंसा की भेंट चढ़ा हुआ है। इस बीच अमेरिका और मिस्र का दौरा कर लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने सोमवार को हाईलेवल बैठक की है, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह, वित्तमंत्री, वितमंत्री पेट्रोलियम से लेकर बड़े अधिकारी मौजूद रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी के साथ बैठक में मणिपुर की स्थिति पर चर्चा हुई है। मणिपुर में पेट्रोलियम और गैस की किल्लत न हो इसके लिए पीएम की तरफ से सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने अलग से गृहमंत्री के शांति बहाली के लिए किए जा रहे प्रयासों और मौजूदा स्थिति की समीक्षा भी की। गृहमंत्री शाह ने पीएम को विगत एक हफ्ते में मणिपुर को लेकर हुए गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी साझा की है। उधर रविवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शाह को राज्य की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी और कहा कि राज्य और केंद्र सरकार काफी हद तक हिंसा को नियंत्रित करने में सक्षम हैं। इससे पहले, पीएम मोदी अमेरिका और मिस्र की सफल यात्रा के बाद रविवार की रात दिल्ली पहुंचे। पालम एयरपोर्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और दिल्ली के सभी सांसदों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने नड्डा से पूछा कि देश में क्या चल रहा है, जिस पर नड्डा ने बताया कि पार्टी के नेता -शेष पृष्ठ दो पर

## पंचायत चुनाव : भाजपा से कांग्रेस-सीपीआईएम पर मिलीभगत का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की बैठक के कुछ दिनों बाद सोमवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस की भूमिका की आलोचना की। बनर्जी ने कहा कि वह तो केंद्र में भाजपा के खिलाफ एक बड़ा विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन माकपा और कांग्रेस पश्चिम बंगाल में भाजपा के साथ मिलकर काम करने का प्रयास करके इसमें बाधा उत्पन्न कर रही हैं। पंद्रह विपक्षी दलों ने शुक्रवार को पटना में आयोजित -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वाঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## सीएम ने छह स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का किया उद्घाटन



**गुवाहाटी (हि.स.)।** आपातकालीन मरीजों के इलाज की व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज यहां गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) में आयोजित एक समारोह में असम के लोगों के लिए छह नई स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। लॉन्च की गई परियोजनाओं में 10 बिस्तरों वाली आईसीयू परियोजना, जीएमसीएच में राष्ट्रीय आपातकालीन जीवन दायिनी कौशल केंद्र, जीएमसीएच में बहुविषयक अनुसंधान इकाई, जीएमसीएच में 32 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन, जीएमसीएच में राज्य कैंसर संस्थान के लिए आणविक ऑन्कोलॉजी लैब और एसेट मैनेजमेंट पोर्टल शामिल हैं। गौरतलब है कि 10 बेड आईसीयू परियोजना के तहत 21 जिलों के 23 जिला अस्पतालों में 365 तकनीक से लैस आईसीयू बेड बनाए गए हैं। परियोजना के महत्वपूर्ण घटक आईसीयू चिकित्सा उपकरण, टेली आईसीयू विशेषज्ञ, केयर तकनीकी मंच, आईसीयू और सिस्टम प्रशिक्षण और साम्यीकरण हैं। यह परियोजना एनएचएम असम, ई-सरकार फाउंडेशन और करुणा ट्रस्ट के पीपीपी मॉडल के तहत शुरू की गई है। राष्ट्रीय आपातकालीन जीवन दायिनी कौशल केंद्र के तहत, उन्नत आपातकालीन जीवन दायिनी कौशल में संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के प्रशिक्षण के लिए जीएमसीएच में 2.5 करोड़ रुपए की परियोजना लागत के साथ पांच आधुनिक कौशल स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, जीएमसीएच में स्थापित बहुविषयक अनुसंधान इकाई के तहत संकाय -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर : 12 बंकर तबाह, 135 गिरफ्तार, मोर्टार-आईईडी भी बरामद



**इंफाल।** पिछले 24 घंटों में हिंसा प्रभावित मणिपुर के विभिन्न जिलों में पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर उग्रवादियों द्वारा बनाए गए 12 बंकरों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मणिपुर पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों ने तमेंगलोंग, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, चुराचांदपुर और काकचिंग जिलों में तलाशी अभियान चलाया और पहाड़ी और घाटी दोनों में 12 बंकरों को नष्ट कर दिया। मणिपुर पुलिस ने कहा कि स्थिति तनावपूर्ण -शेष पृष्ठ दो पर

## पति की संपत्ति में आधे की हिस्सेदार है पत्नी



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि एक पत्नी अपने पति द्वारा खरीदी गई संपत्ति में बराबर हिस्सेदारी की हकदार है और कहा कि उसके द्वारा निभाई गई कई भूमिकाओं को पति की 8 घंटे की नौकरी से कम नहीं आंका जा सकता है। न्यायमूर्ति कृष्णन रामासामी ने हाल ही में एक संपत्ति विवाद पर आदेश दिया, जिसमें मूल अपीलकर्ता, शामिल थी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने संपत्ति पर स्वामित्व का दावा किया, साथ ही आरोप लगाया कि वह विवाहेतर संबंध में भी शामिल थीं। बाद में उनकी मृत्यु के बाद उनके बच्चों को मामले में शामिल किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि प्रतिवादी महिला एक गृहिणी है, हालांकि उसने कोई प्रत्यक्ष वित्तीय योगदान नहीं दिया, लेकिन उसने बच्चों की देखभाल, -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## वामपंथी और एआईयूडीएफ को असुविधा होती है, तो मुझे अच्छी नींद आती है : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी।** परिसीमन के मसौदे के प्रकाशन को लेकर जहां कुछ जगहों पर विरोध हो रहा है, वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि जब वामपंथी और एआईयूडीएफ संकट में हों तो उन्हें चैन की नींद आ सकती है, उन्होंने कहा कि अगर मसौदा प्रस्ताव वास्तविकता बन गए तो कांग्रेस पार्टी अगले 50 वर्षों तक रोएगी। एआईयूडीएफ ने परिसीमन प्रस्ताव पर नाराजगी व्यक्त की है और असम में कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि चुनाव आयोग परिसीमन प्रस्ताव का मसौदा प्रकाशित करने से पहले 25 जुलाई की सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का इंतजार कर सकता था। शर्मा ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि जब वामपंथियों और एआईयूडीएफ को असुविधा होती है, तो मुझे अच्छी नींद आती है। पिछले कुछ दिनों से मुझे अच्छी नींद आ रही है क्योंकि ये लोग असुविधा में हैं। यदि मसौदा प्रस्ताव वास्तविकता बन जाता है तो कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व अगले 50 वर्षों तक खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इतना रोयेगी कि इसकी तुलना -शेष पृष्ठ दो पर

## बाढ़ से फसल को हुआ भारी नुकसान



**बरपेटा।** असम में बाढ़ की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी 15 जिलों के करीब 2.72 लाख लोग प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, बजाली, बाक्सा, बरपेटा, दरंग, धुबड़ी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, लखीमपुर, नगांव, नलबाड़ी और तामुलपुर जिलों में 37 राजस्व मंडलों के अंतर्गत 874 गांव वर्तमान में जलमग्न हो गए। अकेले बरपेटा जिले में 1.70 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि बजाली में 60707, लखीमपुर में 22060 और नलबाड़ी जिले में 10351 लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में 5936.63 हेक्टेयर भूमि में लगी फसल बाढ़ के चपेट में आ गई। बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासन ने 61 राहत शिविर और 104 राहत वितरण केंद्र स्थापित किए हैं और 43064 लोग अभी भी राहत -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*सोने के साथ मिलकर चांदी भी सोने जैसी दिखाई पड़ती है अर्थात सत्संग का प्रभाव मनुष्य पर अवश्य पड़ता है।*

– **आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

## पत्नी पर शक में पति ने दोस्त का रेता गला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक से बेहद ही हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां एक शख्स ने कथित तौर पर अपने ही दोस्त का गला रेत दिया और फिर उसका खून पी लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी शख्स को शक था की उसकी पत्नी और दोस्त के बीच अवैध संबंध चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। राहत की बात यह रही कि दोस्त बच गया और फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। दोस्त का गला रेतने से लेकर खून -शेष पृष्ठ दो पर

## बेरोजगारी के खिलाफ 25 से ज्यादा संगठन करेंगे जंतर-मंतर कूच



**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए 25 से ज्यादा संगठनों ने 9 जुलाई को जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन का एलान किया है। इसी दिन केंद्र सरकार का बेरोजगारी की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए और उस पर ठोस नीति बनवाने के लिए एक वोट एक रोजगार आंदोलन की मुहिम शुरू की जाएगी। युवा हुंकार के संस्थापक और इस आंदोलन के अगुवा डॉ. संत प्रकाश का कहना है कि देश के एक प्रतिशत लोग जो कि देश के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग करते हैं यदि अपनी आय का कुछ हिस्सा बढ़ाकर कर के रूप में देश के कोष को दे दें तो एक वोट पर एक रोजगार की बात को आसानी से साकार किया जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए तत्काल कानून बनाकर अमली जामा पहनाया जाना चाहिए। हाल में इसी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 25 जून को दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित एन.डी. तिवारी भवन में एक बैठक हुई थी। इसमें न्यूनतम वेतन की गारंटी, समान काम के लिए समान वेतन की मांग के साथ 60 साल से अधिक उम्र -शेष पृष्ठ दो पर

## समान नागरिक संहिता को लेकर 300 विशेषज्ञों के साथ संघ करेगा मंथन




**नई दिल्ली।** देश में कॉमन सिविल कोड लागू किए जाने की कवायद एक बार फिर जोर शोर से चल रही है। भारत के विधि आयोग ने भी देश के तमाम धार्मिक संगठनों से समान नागरिक संहिता को लेकर 30 दिनों के अंदर सुझाव आमंत्रित किए हैं। इसी बीच राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का *थिंक टैंक* समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट पर मंथन करने के लिए मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जमा होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह अरुण कुमार और सुरेश सोनी के अलावा देश भर के करीब 300 विषय विशेषज्ञ भी एकत्र होंगे। इस मौके पर संघ कुछ अन्य मुद्दों पर भी विचार -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# अमेरिका के बाद अब फ्रांस भारत के साथ लड़ाकू जेट इंजन बनाने को तैयार

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के बीच लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल होने के बाद अब फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान भारत के साथ 110 किलो न्यूटन थ्रस्ट मिलिट्री इंजन विकसित करने के लिए तैयार हो गई है। हालांकि, फ्रांसीसी कंपनी ने दो साल पहले जेट इंजनों की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इसके लिए एक बिलियन यूरो से अधिक की मांग करने से यह मामला लटका था। भारत के सबसे महत्वाकांक्षी पांचवीं पीढ़ी के विमान के लिए कोई स्वदेशी जेट इंजन नहीं है। इसलिए, भारत ने विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करने के साथ ही *आत्मनिर्भर भारत* और मेक इन इंडिया मिशन को बढ़ावा देते हुए एएमसीए के इंजन का निर्माण भी खुद ही करने का फैसला लिया है। 5.5 जनरेशन के विमान को शक्ति देने के लिए 120 किलो न्यूटन के इंजन का विकास किया जाना है। इसके लिए कई विदेशी कंपनियों से बातचीत की गई, जिनमें फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान, अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक और ब्रिटिश फर्म रोल्स रॉयस हैं। दरअसल, भारत के साथ 2016 में 7.8 बिलियन यूरो के राफेल सौदे पर हस्ताक्षर करते समय फ्रांस ने भारतीय ऑफसेट पॉलिसी के तहत भारत में 50 प्रतिशत या 3.9 बिलियन यूरो का निवेश करने का करार किया था। इसके बावजूद ऑफसेट अनुबंध के हिस्से के रूप में इंजन बनाने की तकनीक स्थानांतरित नहीं की गई, बल्कि फ्रांसीसी इंजन कंपनी सफ्रान 1 बिलियन यूरो से अधिक की मांग करने लगी। इसलिए जेट इंजनों की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का मामला लटक गया। इसी तरह ब्रिटिश फर्म रोल्स रॉयस से सौदे को अंतिम रूप देने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लंदन जाना था, लेकिन भारत ने प्रोटोकॉल संबंधित मुद्दों को देखते हुए अंतिम समय में उनका दौरा रद्द कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया अमेरिका दौरे में लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल हो गई। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने खुद घोषणा की कि उसके सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारत में ही लड़ाकू विमानों के लिए जीई-एफ 414 इंजन बनाएगा, जिससे भारत के फाइटर जेट्स को आधुनिक इंजन मिल जाएंगे। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत को जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने के इस ऐतिहासिक रक्षा सौदे की घोषणा भी की गई। फ्रांसीसी कंपनी डीआरडीओ के गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (जीटीआरई) के साथ एक नया अत्याधुनिक 110 किलो न्यूटन थ्रस्ट इंजन विकसित करने के लिए तैयार है। प्रस्ताव में कहा गया है कि पूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) के तहत एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-2 के लिए इंजन विकसित किया जाएगा। फ्रांसीसी कंपनी अपनी ऑफसेट प्रतिबद्धताओं के हिस्से के रूप में भारत में विमान इंजनों के लिए रखरखाव मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एमआरओ सुविधा 100 प्रतिशत भारतीय सहयोग से स्थापित की जाएगी, जो न केवल भारतीय वाणिज्यिक विमानों के लगभग 330 इंजनों को सेवा प्रदान करेगी, बल्कि दक्षिण एशिया के अन्य देशों के सफ्रान-जीई संयुक्त उद्यम इंजनों को भी सेवा प्रदान करेगी।

## करीमपुर में ढाई किलो ड्रग्स बरामद किया, दो गिरफ्तार

**करीमगंज ( हिंस )।** रामकृष्णनगर पुलिस ने करीमपुर जिले के राताबाड़ी और रैलाकांदी जिले की सीमा पर ईशानपेरा में बीती रात कार ((एएस-11वाई-7668) से 2.5 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया है। पुलिस ने कार सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि इस ड्रग्स की बाजार कीमत 20 करोड़ रुपए से अधिक है। पुलिस का कहना है कि पक्की सूचना पर रैलाकांदी से रामकृष्णनगर की ओर आ रही कार को रोककर तलाशी ली। कार में बने गुप्त चैंबर ड्रग्स छुपाकर रखी गई थी। पकड़े गए दोनों आरोपी करीमगंज जिले के रहने वाले हैं। दोनों मादक पदार्थों के तस्कर हैं। पुलिस ने आरोपियों की पहचान का खुलासा नहीं किया है। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थप्रतिम दास और रामकृष्णनगर थाने के ओसी निलयज्योति का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मादक पदार्थ को 200 साबुनदानी में छिपाकर रखा गया था।

## हाथी का बच्चा पानी की टंकी में फंसा

**जोरहाट ( हिंस )।** एक हाथी का बच्चा आज जिले के मोरियानी के निकटवर्ती होलोंगगुड़ी चाय बागान में पानी की टंकी में फंस गया। रात को भोजन की तलाश में गिब्बन अभयारण्य से निकले हाथियों के झुंड के साथ यह हाथी का बच्चा भी था। झुंड से बिछुड़कर हाथी का बच्चा पानी की टंकी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने हाथी के बच्चे के गिरने की जानकारी पुलिस एवं वन विभाग को दी। बचाव कार्य जारी है।

## उपायुक्त बनकर शहर में घूम रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**शोणितपुर ( हिंस )।** शोणितपुर जिला मुख्यालय शहर तेजपुर में जिला उपायुक्त बनकर नौ अंग रक्षकों और ड्राइवर के साथ बड़ी गाड़ी में घूम रहा व्यक्ति आखिरकार आज पुलिस के हत्थे चढ़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकुर सैकिया नामक व्यक्ति बीते कुछ समय से विभिन्न स्थानों पर जा जाकर खुद को जिला उपायुक्त बता कर अलग-अलग तरह से लोगों को परेशान कर रहा था। पुलिस अब तक उसे पकड़ने में नाकामयाब रही थी। आखिरकार आज वह पुलिस की गिरफ्त में उस समय आ गया जब वह तेजपुर शहर के बीचोबीच नौ अंगरक्षकों को साथ लेकर एक बड़ी गाड़ी में घूम रहा था। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो पता चला कि वह फर्जी जिला उपायुक्त है।

## डिब्रू नदी में नाव के साथ डूबे दो लोग

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार अवश्य हो रहा है। लेकिन, अभी भी राज्य के 15 जिलों के 2 लाख 71 हजार 522 लोग भीषण बाढ़ की चपेट में हैं। इस सिलसिले में आज (सोमवार) को जिले के डिब्रू नदी को नाव से पार कर रहे दो लोग नाव के साथ नदी में डूब गए। यह हादसा उस समय हुआ जब छोटे नाव पर भूसा लादकर दोनों लोग नदी पार कर रहे थे। नाव को डूबते देख नदी के किनारे खड़े लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। नाव के साथ डूबे लोगों का नाम बिनई सुमार और बेदान मुड़ा बताया गया है। स्थानीय लोगों ने दोनों तापता लोगों की तलाश में डिब्रू नदी में गोता लगाना शुरू किया। इसी बीच घटनास्थल पर पहुंची पुलिस दल ने भी लापता हुए लोगों की तलाशी शुरू कर दिए। बताया जाता है कि भूसा का वजन बहुत अधिक होने की वजह से नाव डूब गया, जिस पर सवार दोनों ही व्यक्ति पानी से भरे नदी में नाव के साथ डूब गए। घटना की सूचना पाकर नदी के दोनों किनारे पर देखने वालों की भारी भीड़ जुट गई। समाचार लिखे जाने तक लापता लोगों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

## गुवाहाटी में हुआ *ऑल इंडिया के पॉप कांटेस्ट 2023* का रीजनल राउंड

**गुवाहाटी।** कोरिया और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया (केसीसीआई) एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर ऑल इंडिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2023 का आयोजन किया। आज गुवाहाटी के बिरिंची कुमार बरुवा सभागार, गौहाटी विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कांटेस्ट का रीजनल राउंड जिसमे 19 टीमों ने हिस्सा लिया (10 वोकल और 09 डांस)7 वह मौजूद के-पॉप प्रशंसकों ने प्रतियोगियों का उत्साह बहुत खूब बढ़ाया। इस साल पूरे भारत से 11,071 टीमें भाग ले रही हैं जो अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी रही है। यह आयोजन लगभग छह महीने में पूरी होगी जिसे चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है; ऑनलाइन, रीजनल राउंड, सेमी-फाइनल और ग्रैंड फिनाले। ऑनलाइन क्वालिफायर राउंड 26 अप्रैल से 13 मई तक आयोजित किया गया



था जिसमें पूरे भारत से 11,071 टीमों ने भाग लिया7 ऑनलाइन राउंड से चयनित प्रतिभागी 11 शहरों में आयोजित होने वाले रीजनल राउंड में भाग लेंगे। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, गुवाहाटी, कोलकाता, भोपाल, कोहिमा, लखनऊ और ईटानगर में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय दौरों में प्रतिभागी कड़ी प्रतिस्पर्धा देने के लिए कमर कस रहे हैं। रीजनल प्रीलीमिनरी से चयनित सिंगिंग और डांस कैटेगिरी के हर विजेता को जुलाई के अंत में दिल्ली में होने वाले सेमीफाइनल में भाग लेने का मौका मिलेगा। सेमीफाइनल के 10 विजेता (5 सिंगिंग, 5 डांस) *के-पोप अकादमी* के जरिए एक्सपर्ट्स से ट्रेनिंग मिलेगी। फाइनल जीतने वाले विजेता को पुरस्कार के तौर पर कोरिया का दौरा कराया जाएगा। दिल्ली सेमी फाइनल और फाइनल राउंड दोनों की मेजबानी करेगा। इवेंट का फाइनल राउंड कोरिया के प्रसिद्ध के-पॉप कलाकार बैंड के साथ जी 20 शिखर सम्मेलन का जश्न मनाने के लिए एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक ह्वांग इल-योंग ने कहा कि के-पॉप सिर्फ कोरियाई पॉप सांग नहीं है, बल्कि दुनिया भर के लोगों को जोड़ने का एक माध्यम बन गया है। भारत में भी कई ऐसे युवा हैं जो के-पॉप को पसंद करते हैं और इसमें टैलेंटेड हैं। हम एक ऐसा मंच बनाना चाहते हैं, जहां कोरिया और के-पॉप से प्यार करने वाले भारतीय युवा मंच पर खड़े हो सकें, शो का आनंद ले सकें और अपने सपनों को आगे बढ़ा सकें।

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *बीएसएफ चौकी पर ...*

में तस्करों द्वारा फेंकी गई 50 हजार रुपए मूल्य की साड़ियां जब्त कीं। बीएसएफ को संदेह है कि तस्करों ने इस कार्रवाई का बदला लेने के मकसद से भीड़ को एकत्रित किया और चौकी का घेराव किया। उन्होंने बताया कि भीड़ द्वारा पथराव किए जाने से बीएसएफ के कम से कम दो कर्मी घायल हो गए। कुछ ग्रामीणों ने जबरदस्ती चौकी में घुसने की कोशिश की, हालांकि उन्हें पीछे धकेल दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना में कम से कम तीन ग्रामीण भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि एक वाहन चौकी के पास कथित तौर पर खराब हो गया, जिसमें तीन लोग सवार थे और इसके बाद ही यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि बीएसएफ कर्मियों ने उन तीनों पर तस्कर होने का आरोप लगाया। यह खबर फैल गई और आसपास के ग्रामीण बचाव में आ गए। ग्रामीणों ने बीएसएफ जवानों पर ड्यूटी के दौरान नशे में धुत होने का भी आरोप लगाया, जिसे आईजी ने खारिज कर दिया है। कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस तथा बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने मामले की आंतरिक जांच शुरू कर दी है।

### *अंबुबासी मेला : खुले ...*

साथ ही स्वास्थ्य, भोजन, पेयजल एवं श्रद्धालुओं के ठहरने की भी व्यवस्था की गई थी। प्रशासन के इस कार्य में स्वयंसेवी संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी सेवाएं दीं। उल्लेखनीय है कि हर साल अंबुबासी के दौरान लाखों श्रद्धालु, संत और संन्यासी कामाख्या धाम आते हैं। अंबुबासी मेला आरंभ होने के बाद मंदिर के कपाट बंद होने से लेकर अंतिम दिन तक कामाख्या धाम पर अनगिनत श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रहती है। सभी श्रद्धालु अंबुबासी योग के निवृत्ति के बाद मां कामाख्या के आशीर्वाद के लिए इंतजार करते हैं।

### *मणिपुर हिंसा पर...*

उनकी सरकार के नौ वर्षों के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों तक पहुंच रहे हैं। देश के लोग भी काफी खुश हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पीएम मोदी की अमेरिका और मिस्र की राजकीय यात्रा पर बात की। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही ऐतिहासिक यात्रा थी। यह बहुत गर्व का क्षण था, जब व्हाइट हाउस में भारत पर चर्चा हुई। अमेरिका भारत को एक समान भागीदार के रूप में देखता है। यात्रा के दौरान भारत पर केंद्रित कई विदेश नीतियों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत और अमेरिका एक बड़ी ताकत के रूप में एक साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी की यात्रा को विश्व स्तर पर एक मील का पत्थर माना जाता है। भारत अब एक बड़ी ताकत बन गया है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत को अब एक महत्वपूर्ण तकनीकी भागीदार और वैश्विक खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। यात्रा के दौरान अमेरिका के साथ 35 उभरती हुई तकनीकों पर साझेदारी की गई। भारत-अमेरिका अर्धचालकों के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेंगे। जेट इंजन सौदा सबसे महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### *पंचायत चुनाव : भाजपा ...*

बैठक में केंद्र में भाजपा को हराने के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लिया था। वे संयुक्त रणनीति बनाने के लिए अगले महीने शिमला में बैठक करेंगे। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने विपक्षी एकजुटता की इस पूरी कवायद पर यह कहकर प्रश्नचिह्न भी लगा दिया कि दिल्ली से संबंधित केंद्र के अध्यादेश पर कांग्रेस के अपना रुख स्पष्ट करने तक वह उसकी मौजूदगी वाली किसी भी विपक्षी बैठक में शामिल नहीं होगी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी ने सोमवार को यहां पंचायत चुनाव के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम केंद्र में भाजपा के खिलाफ एक महागठबंधन (महाजोट) बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन माकपा और कांग्रेस बंगाल में भाजपा के साथ मिलकर काम करने की कोशिश कर रही हैं। मैं बंगाल में इस नापाक गठजोड़ को तोड़ दूंगी। पिछले दस दिनों में यह दूसरी बार है, जब बनर्जी ने भाजपा के साथ मौन समझौता करने के लिए कांग्रेस और माकपा की आलोचना की है। बनर्जी के दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि भाजपा के खिलाफ लड़ाई में टीएमसी की विश्वसनीयता हमेशा सवालों के घेरे में रही है। हम सभी जानते हैं कि भाजपा के खिलाफ लड़ाई में टीएमसी ने पिछले कुछ वर्षों में क्या भूमिका निभाई है। चौधरी के सुर में सुर मिलाते हुए माकपा ने कहा कि बनर्जी को भाजपा के खिलाफ लड़ने के तरीकों पर वाम दलों और कांग्रेस को उपदेश देने की जरूरत नहीं है। इस बीच, भाजपा ने राज्य में माकपा और कांग्रेस के साथ किसी भी तरह का समझौता होने के आरोपों को खारिज कर दिया। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि माकपा, कांग्रेस और टीएमसी एक ही नाव पर सवार हैं। यह भाजपा है, जो राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ रही है।

### *सीएम ने छह स्वास्थ्य ...*

और छात्रों की अनुसंधान गतिविधियों को मजबूत करने के लिए एक कदम उठाया गया है। जीएमसीएच में 2.73 करोड़ रुपए की लागत से 32 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई। इससे मरीजों के उन्नत चिकित्सा निदान के क्षेत्र में मदद मिलेगी। जीएमसीएच में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की मॉलिक्यूलर ऑन्कोलॉजी लैब, 5 करोड़ रुपए रुपए की परियोजना लागत पर बनाई गई है। इसका उपयोग आनुवंशिक मार्करों का विश्लेषण करने और स्क्रीनिंग करने में किया जाएगा जो उत्तर पूर्व में अपनी तरह का पहला है। इसके अलावा, सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए एनआईसी द्वारा लॉन्च किया गया एसेट मैनेजमेंट पोर्टल सभी मेडिकल संपत्तियों को ट्रैक करने और बनाए रखने और उत्पादकता बढ़ाने में सहायता करेगा। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि राज्य के लोगों को छह स्वास्थ्य देखभाल परियोजनाओं का उद्घाटन राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक माना जाएगा। ये परियोजनाएं राज्य भर में मरीजों को गंभीर देखभाल उपचार प्रदान करने में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को पुनर्जीवित करने में काफी मदद करेंगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि ये परियोजनाएं उन्नत, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में काफी मदद करेंगी। ये सुविधाएं क्रिटिकल केयर उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगी और राज्य भर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए स्थायी मुस्कान सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि नवाचारों का गंभीर देखभाल का प्रबंधन पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और राज्य में बहुमूल्य जीवन बचाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू की गई स्वास्थ्य परियोजनाएं राज्य को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपकरण प्राप्त करने में भी मदद करेंगी। इसके अलावा, परियोजनाओं के एक हिस्से के रूप में, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के क्षमता सशक्तिकरण के लिए नर्सों और अन्य चिकित्सा पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीएमसीएच में राष्ट्रीय आपातकालीन जीवन सहायता कौशल केंद्र मरीजों के लिए फील्ड अस्पतालों को सशक्त बनाने के लिए *हब एंड स्पोक* के मॉडल पर काम करेगा। उन्होंने कहा कि एसेट मैनेजमेंट पोर्टल सीएम डैशबोर्ड के साथ एकीकृत वास्तविक समय डेटा निगरानी में मदद करेगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य हमेशा राज्य सरकार के लिए एक प्रतिबद्धता रही है और यह भविष्य में भी रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए राज्य सरकार ने अपने एसजीडीपी का 6 प्रतिशत स्वास्थ्य में निवेश किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन स्वास्थ्य परियोजनाओं को प्राप्त करने में राज्य की मदद करने के लिए ई-सरकार फाउंडेशन और करुणा ट्रस्ट और गुवाहाटी रिफाइनरी, एचडीएफसी जैसे अन्य दानदाताओं को भी धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री केशब महंत, केएएसी के सीईएम तुलीराम रांगहांग, प्रधान सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण अविनाश जोशी, आयुक्त और सचिव चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान सिद्धार्थ सिंह, चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अनुप बर्मन, 10 बेड आईसीयू के अध्यक्ष श्रीकांत नाधमुनि, प्रिंसिपल जीएमसीएच डॉ. अच्युत बैश्य और अन्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।

### *मणिपुर : 12 बंकर ...*

है लेकिन कुछ स्थानों पर नियंत्रण में है, कुछ छिटपुट घटनाएं हुई हैं लेकिन राज्य के अधिकांश जिलों में स्थिति सामान्य है। बयान में कहा गया है कि उन्होंने कर्फ्यू उल्लंघन, परित्यक्त घरों में चोरी, आगजनी के मामलों आदि के सिलसिले में 135 लोगों को गिरफ्तार किया है। बयान में कहा गया कि अब तक कुल 1100 हथियार, 13702 गोला-बारूद और विभिन्न प्रकार के 250 बम बरामद किए गए हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च, क्षेत्र प्रभुत्व, घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे राज्य में स्थिति सामान्य बनाने में हर संभव मदद करें, केंद्रीय नियंत्रण कक्ष के 9233522822 पर डायल करके किसी भी अफवाह की जानकारी दें, साथ ही हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक वापस पुलिस या सुरक्षा बल को तुरंत जमा कर दें।

### *वामपंथी और एआईयूडीएफ ...*

राज्य में बारिश और आंधी से नहीं की जा सकती। एआईयूडीएफ ने इस अभ्यास को अनुचित बताते हुए कई विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं। बराक डेमोक्रेटिक फ्रंट (बीडीएफ) ने परिसीमन के कदम के विरोध में 30 जून को 12 घंटे के बराक बंद का आह्वान करने का फैसला किया है। बराक घाटी के भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। शर्मा ने कहा कि बराक घाटी में कोई नाराजगी नहीं है और घाटी के लोगों ने परिसीमन प्रक्रिया के लिए उनके प्रति आभार जताया है। मैंने कहा कि उन्हें भारत के चुनाव आयोग के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए। हैलाकांदी के निवासियों ने आभार व्यक्त किया था और कहा था कि इससे असम के हितों की रक्षा होगी। हाल ही में प्रकाशित असम में प्रस्तावित परिसीमन मसौदा न केवल राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को बदल देगा, बल्कि कई राजनीतिक दिग्गजों को परेशान कर देगा। यदि इस मसौदे को अंतिम रूप दिया जाता है तो विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण का मतलब होगा कि कई नेताओं को 2024 के लोकसभा चुनाव और 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए नए निर्वाचन क्षेत्रों की तलाश करनी होगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को एक नए निर्वाचन क्षेत्र की तलाश करनी होगी क्योंकि जलुकबारी निर्वाचन क्षेत्र, जिसका वह 2001 से प्रतिनिधित्व कर रहे थे, को तीन भागों में विभाजित किया जाएगा। शर्मा को नये निर्वाचन क्षेत्र की तलाश करनी होगी। कम से कम 30 मौजूदा विधानसभा क्षेत्रों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और 26 नए निर्वाचन क्षेत्र बनाए गए हैं। इसी तरह, चार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अब अपने वर्तमान स्वरूप में मौजूद नहीं रहेंगे। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को असम के लिए परिसीमन प्रस्ताव का एक मसौदा प्रकाशित किया, जिसमें 11 जुलाई, 2023 तक सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। मसौदे में काजीरंगा नामक एक संसदीय सीट का प्रस्ताव है। मसौदा प्रस्ताव पर सार्वजनिक सुनवाई के लिए आयोग जुलाई 2023 में फिर से असम का दौरा करेगा। विधानसभा सीटों की संख्या 126 और लोकसभा सीटों की संख्या 14 बरकरार रखी गई है। मसौदा प्रस्ताव में 19 विधानसभा सीटें और 2 संसदीय सीटें एसटी के लिए, 9 विधानसभा सीटें और एक संसदीय सीट एससी के लिए आरक्षित हैं। चुनाव आयोग ने पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिले में विधानसभा सीटों की संख्या एक और बोडोलैंड जिलों में तीन सीटें बढ़ाने का सुझाव दिया है। डीफू और कोकराझाड़ संसदीय सीटें एसटी के लिए आरक्षित की गई हैं और चुनाव आयोग ने लखीमपुर संसदीय सीट को अनारक्षित बनाए रखने का प्रस्ताव दिया है।

### *बाढ़ से फसल को...*

शिविरों में शरण लिए हुए हैं। पिछले 24 घंटों में, बाढ़ के पानी ने नलबाड़ी जिले में 222 जानवरों को बहा दिया। वहीं, नलबाड़ी और तामुलपुर जिलों में 1290 घर क्षतिग्रस्त हो गए। तटबंधों, सड़कों, पुलों, कई आंगनवाड़ी केंद्रों, कृषि बांध और पुलियों को भी बाढ़ ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। राज्य में समग्र बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है, लेकिन बरपेटा जिले में स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। निचले असम जिले के 167 गांवों के लगभग 1.70 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बरपेटा जिले में, सार्थेबाड़ी राजस्व सर्कल में 1.20 लाख लोग, बरपेटा राजस्व सर्कल में 44394, चेंगा राजस्व सर्कल में 3255 और बाघबार राजस्व सर्कल में 1743 लोग प्रभावित हुए हैं। बरपेटा जिले में 382.75 हेक्टेयर में लगी फसल अभी भी बाढ़ के पानी में डूबी हुई है। जिला प्रशासन ने 59 राहत शिविर और 53 राहत वितरण केंद्र स्थापित किए हैं। जिले में लगभग 1.05 लाख घरेलू जानवर भी प्रभावित हुए हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 1477.77 क्विंटल चावल, 248.27 क्विंटल दाल, 74.09 क्विंटल नमक और 7478.88 लीटर सरसों तेल वितरित किया है। साथ ही 1646.20 क्विंटल पशु चारा भी वितरित किया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा कर्मी बचाव कार्य में लगे हुए हैं।

### *पति की संपत्ति ...*

खाना बनाना, सफाई करना और परिवार के दैनिक मामलों का प्रबंधन करके घरेलू कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वादी को कोई असुविधा दिए बिना, जो काम के लिए विदेश गया था। इसके अलावा, उसने अपने सपनों का बलिदान दिया और अपना पूरा जीवन परिवार और बच्चों के लिए बिताया। न्यायाधीश ने कहा कि आम तौर पर विवाहों में पत्नी बच्चों को जन्म देती है और उनका पालन-पोषण करती है तथा घर की देखभाल करती है। इस प्रकार वह अपने पति को उसकी आर्थिक गतिविधियों के लिए मुक्त कर देती है। चूंकि यह उसके कार्य का प्रदर्शन है जो पति को अपना कार्य करने में सक्षम बनाता है, इसलिए वह न्याय के दायरे में है और इसके फल में हिस्सा लेने की हकदार है।

### *बेरोजगारी के खिलाफ...*

के सभी बुजुर्गों को सम्मानजनक पेंशन की भी मांग पर चर्चा की गई। बैठक में कई युवा एवं नागरिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने शिरकत की। इनमें देश के आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जमात ए उलेमा ए हिंद द्वारा स्थापित सद्भावना मंच के राष्ट्रीय संयोजक जावेद सिद्दीकी कासमी ने बेरोजगारी को देश के लिए अभिशाप माना तथा उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग करने वाले इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया। लोक शक्ति अभियान के दिल्ली प्रदेश के संयोजक सुशील खन्ना, नागरिक सरोकारों से जुड़ी माही सिंह, मोहिन्दर सिंह, ज्योत्सना शर्मा, जतिन भल्ला, शशांक यादव, शकुंतला, प्रकाश कुमार, नाजमा, दीपक धोलकिया, दिल्ली साझा मंच के संयोजक संजय कन्नौजिया, विकास सैनी एवं शुभम ने भी वोट एक रोजगार पर अपने विचार रखे और सुझाव दिए। रोजगार गारंटी बिल का मसविदा तैयार करने के लिए युवा अर्थशास्त्री योगेश कुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी भी गठित की गई। इस बैठक में एक वोट एक रोजगार के संवैधानिक पक्ष पर युवा अर्थशास्त्री योगेश कुमार ने विस्तृत चर्चा की। वहीं जनाधिकार संघर्ष अभियान के संयोजक एवं शिक्षाशास्त्री अश्विनी कुमार सुकरात ने इस संदर्भ अपने सुझाव दिए।

### *समान नागरिक संहिता ...*

विमर्श करेगा। यह पहला मौका है जब संघ ने इस महत्वपूर्ण मसले पर अपनी अंतिम राय बनाने के लिए भोपाल का चयन किया है। इसके लिए 30 जून से 2 जुलाई तक यहां संघ के अनुषांगिक संगठन प्रज्ञा प्रवाह के तत्वावधान में देश भर के विशेषज्ञ विचार मंथन करेंगे। इसी बीच समान नागरिक संहिता का अंतिम प्रारूप तैयार करने के लिए 22वें विधि आयोग ने जनसामान्य के साथ सार्वजनिक संस्थान और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों से 14 जुलाई तक सुझाव मांगे हैं। यह भी संयोग ही है कि जी 20 के तहत सी-20 (सिविल ट्रैक) की बैठक भी इन्हीं तारीखों 1 और 2 जुलाई को इंदौर में बुलाई गई है। इसमें समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी और 100 से अधिक विदेशी मेहमान भी होंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। समान नागरिक संहिता का मतलब सबके लिए एक कानून से है। इसके तहत सभी धार्मिक समुदायों पर विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने और रखरखाव जैसे मसलों पर एक जैसा कानून लागू होगा। देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान आपराधिक संहिता तो है, लेकिन समान नागरिक कानून नहीं है।

### *पत्नी पर शक ...*

पीने तक की भयावह घटना को एक गवाह ने कैमरे में कैद कर लिया है। बता दें, यह पूरी वारदात कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजय को शक था कि उसके दोस्त मारेश का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है। विजय ने अपने दोस्त मारेश को मिलने के लिए अपने पास बुलाया। मारेश जब विजय के पास पहुंचा तो दोनों के बीच बहस होने लगी। इस बीच विजय बहुत गुस्से में आ गया और कथित तौर पर मारेश पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस बीच एक गवाह ने अपने मोबाइल से पूरे वारदात को कैमरे में कैद कर लिया। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि घायल मारेश जमीन पर लेटा हुआ है और विजय नीचे झुककर मारेश के गले से बह रहे खून को पी रहा हैं। वह घायल शख्स को मुक्का मारते और थप्पड़ मारते भी नजर आ रहे हैं। रोंगटे खड़े कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंचरलाहल्ली पुलिस स्टेशन में विजय के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है, जबकि मारेश का इलाज चल रहा है।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **चतुर्दश अध्याय**

**( आध्यात्मिक वंदना )**

**दृष्टि खुले अन्तर गजै, अन्तर दिव्य प्रकाश।**
**दशो दिशा में पूर्ण है, व्यापक शब्द विकाश॥ 19॥**

**शब्दार्थ :** (अन्तर) भीतर (गजै) प्रकाशमान, दीप्तिमान।

**भाष्य :** चेतन दिव्यदृष्टि के खुलने पर भीतर प्रदीप्त होने लगती है और उसके अंदर दिव्य-प्रकाश प्राप्त होता है। वह व्यापक शब्द-प्रकाश दशों दिशाओं में पूर्ण है।

**मछली जल कीरिड़ा करे, त्यों जन रूप तुम्हार।**
**हे प्रभु श्रण में राखिये, भुले न शब्द अधार॥ 20॥**

**शब्दार्थ :** (कीरिड़ा) खेल, आनंद।

**भाष्य :** जिस प्रकार मछली जल में क्रीड़ा करती है, वैसे ही संतजन तुम्हारे स्वरूप में क्रीड़ा करते हैं। हे प्रभो! अपनी शरण में रखिए कि शब्द का आधार कभी भूले नहीं अर्थात चेतन धार छूटकर अधोमुख आत्मा की चतेना न हो। मछली जल का आनंद लेती है और संतजन शब्दानंद को प्राप्तकर उसमें विहार करते हैं।



# रिश्वत लेते लोक सेवक गिरफ्तार

**मोरीगांव ( हिंस )।** एक लॉट मंडल (लेखपाल) को आज रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मोरीगांव राजस्व सर्कल के सर्कल अधिकारी कार्यालय के लॉट मंडल नबज्योति नाथ ने रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता के नामजारी कार्यों के निष्पादन के लिए शिकायतकर्ता से 30 हजार की रिश्वत मांगी थी। बाद में लॉट मंडल ने रिश्वत की रकम 30 हजार से घटाकर 25 हजार रुपए कर दी। रिश्वत देने को तैयार नहीं होने पर, शिकायतकर्ता ने उपरोक्त लोक



सेवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए निदेशालय से संपर्क किया। जिसके मद्देनजर सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम की एक टीम द्वारा आज जाल बिछाया गया। नबज्योति नाथ को रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। शिकायकर्ता से अग्रिम रकम के रूप में लिये गये 15 हजार रुपए उसके कब्जे से बरामद कर ली गई। स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उसे जब्त कर लिया गया। आरोपी लोक सेवक के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने पर सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में आज एसीबी पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। नबज्योति नाथ के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 7 (ए) के तहत मामला संख्या 47/2023 दर्ज किया गया है। आवश्यक कानूनी अनुवर्ती कार्रवाई चल रही है।

## लापता पत्रकार का शव नदी से बरामद

**कामरूप ( हिंस )।** शनिवार से लापता एक स्थानीय पत्रकार का शव आज नदी से बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार अब्दुर उर्फ आलमगीर का शव कामरूप (ग्रामीण) जिला के कलसी नदी से बरामद किया गया। शनिवार (24 जून) को अब्दुर जिले के बोको के जामबाड़ी से लापता हो गया था। स्थानीय लोगों को संदेह है कि अब्दुर को पहले अगवा किया गया और बाद में कुछ बदमाशों ने उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने अब्दुर के शरीर पर चोट के कई निशान स्पष्ट रूप से देखे हैं। बोको पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच भी शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि आज तड़के स्थानीय लोगों ने अब्दुर का शव नदी में देखा और पुलिस को सूचित किया था।

## होजाई : मायुमं और रमेश गोयल सेवा संस्थान का नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित

**होजाई ( निसं )।** ऐसे सेवा मुल्क स्वास्थ शिविर से जहां आम लोग लाभान्वित होते हैं ,वही आने वाली युवा पीढ़ी को सेवा मूलक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है उक्त बातें आज मारवाड़ी युवा मंच होजाई शाखा के बैनर तले होजाई के कुमराकटा स्थित पंडित जीवनराम बर्मन एमबी स्कूल परिसर में आयोजित स्वास्थ चेकअप शिविर में होजाई के विधायक रामकृष्ण घोष ने कही। उन्होंने कहा मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित उक्त निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ज्यादा से ज्यादा गांव वासी पहुंचकर इसका लाभ लें। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित की गई जिसमें अनेक विशिष्ट जन उपस्थित थे। सभी विशिष्ट जनों ने मारवाड़ी युवा मंच के इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। विधायक रामकृष्ण घोष ने सभा के पश्चात मेडिकल वैन के भीतर जाकर अच्छी तरह से उसका निरीक्षण कर मौजूद चिकित्सक दल से बातचीत की। स्वास्थ्य शिविर में 385 लोगों ने विभिन्न बीमारियों के संदर्भ में अपनी जांच करा



कर इसका लाभ उठाया। बताते चलें कि उक्त स्वास्थ सेवा शिविर रमेश गोयल सेवा संस्थान के सहयोग से आयोजित किया गया था।कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य गण उपस्थित थे ।वहीं उक्त कार्यक्रम के संयोजक पीयूष कयाल, शुभम सरावगी,सौरभ भीमसरिया। मंच अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने उक्त स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग मिला उन्हें धन्यवाद दिया।

# विश्वनाथ व करीमगंज में जब्त किए गए मादक पदार्थों को जलाया

**बिश्वनाथ/करीमगंज ( हिंस )।** अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स विरोधी दिवस के अवसर पर सोमवार को राज्यभर में ड्रग्स समेत अनेक प्रकार के मादक पदार्थों को नष्ट करने का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विश्वनाथ पुलिस ने पानीभराल स्थित निर्माणाधीन पुलिस रिजर्व परिसर में जब्त ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों को जला कर नष्ट किया गया। दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने ड्रग्स मुक्त असम बनाने के उद्देश्य से राज्यभर में इस कार्यक्रम को शुरू किया। इससे पहले भी विश्वनाथ जिला पुलिस कई करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जलाकर नष्ट कर चुकी है। सोमवार को जिले के अंतर्गत विभिन्न थानों में जब्त की गई नशीली सामग्री को विश्वनाथ जिला पुलिस ने एकत्र कर निर्माणाधीन पुलिस रिजर्व परिसर में जलाया। इस मौके पर विश्वनाथ जिला पुलिस अधीक्षक शुभाशीष बरुवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुलेंद्र नाथ डेका, पुलिस उपाधीक्षक जयंत बरुवा, प्रभारी जिला उपायुक्त जय शिवानी, पौर अधिकारी देबाशीष गोस्वामी के साथ ही आबकारी विभाग के द्वीपेन बोरा एवं स्वास्थ्य विभाग के लोग उपस्थित रहे। इस संबंध में एसपी बरुवा ने बताया कि जिले की विभिन्न थानों में जब्त नशीले पदार्थों को



जलाकर नष्ट किया गया है। इसका बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ 56 लाख 52 हजार रुपए होगा। **वहीं** करीमगंज जिले में पुलिस ने बड़े पैमाने पर जब्त किए गए मादक पदार्थों को वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट किया गया। सोमवार को पुलिस ने 224 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थों को आग के हवाले कर दिया है। इनमें 25 किलो 771 ग्राम हेरोइन भी थी, जिसका बाजार मूल्य करीब 52 करोड़ रुपए था। करीमगंज के जूनिटिला स्थित पुलिस छावनी के खुले इलाके में जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, बीएसएफ अधिकारियों और ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में 52 करोड़ रुपए की 25 किलो 771 ग्राम हेरोइन, 60 करोड़ रुपए 12 लाख याबा टैबलेट, 109 करोड़ रुपए का 22 हजार किग्रा गांजा को आग के हवाले कर दिया गया। इसके अलावा 3 करोड़ रुपए के 43 हजार से अधिक कफ सिरप भी नष्ट किए गए। उल्लेखनीय है कि करीमगंज पुलिस ने विभिन्न थाना पुलिस थानों में दर्ज 112 मामलों के तहत करीब 224 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए थे। इससे पहले जुलाई 2022 में करीमगंज पुलिस ने लगभग 60 करोड़ रुपए के मादक पदार्थों को नष्ट किया था, जबकि दिसंबर, 2021 में लगभग 43 करोड़ रुपए के मादक पदार्थों को नष्ट किया था।

## जंगली हाथी के उपद्रव से ग्रामीण परेशान, एक घायल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के सोनापुर के हहरा बरगोग में जंगली हाथियों द्वारा किए गए हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। जबकि कई लोग अपनी जान बचाकर भागने में सफल रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि खाद्य की तलाश में पिछले दो-तीन महीने से जंगली हाथियों का एक झुंड गांव के पास पहाड़ में शरण ले रखा है। रात होते ही गांव में प्रवेश कर हाथी जमकर उपद्रव मचाते हैं। इसी कड़ी में बीती रात लगभग 5 हाथियों का एक झुंड खाद्य की तलाश में पहाड़ से हहरा बरगोग गांव में प्रवेश कर निपुल डेका, पुलेन डेका, सनकुमार दास नामक तीन परिवारों के घरों को नुकसान पहुंचा। तीनों घर के सभी लोग अपनी जान बचाकर किसी तरह भागने में सफल रहे। जबकि, निपुल डेका के परिवार के बार्बी डेका हाथी के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए।

## जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन



**रंगिया ( विभास )।** नशीले पदार्थ दुरूपयोग और अवैध तस्करी विरोधी 26वां अंतर्राष्ट्रीय दिवस आज, 26 जून, 2023 को मनाया गया। इस मौके पर रंगिया महकमा प्रशासन द्वारा तथा कमलपुर राजस्व चक्र के सहयोग से कमलपुर राजस्व चक्र कार्यालय से सोनेश्वर चौक से होते हुए पुनः कमलपुर राजस्व चक्र कार्यालय तक जागरूकता साईकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में कमलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिगंत कलिता, रंगिया के महकमाधिपति दीपन बर्मन, कमलपुर राजस्व चक्र अधिकारी परीक्षित फुकन, रंगिया राजस्व चक्र अधिकारी भास्कर ज्योति कलिता, रंगिया महकमा की चुनाव अधिकारी नील हरित कौशिक सहित अंचल के लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया।

## लुइतपरिया कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के सहयोग से मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित

**नगरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के दक्षिणी भाग के एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान लुइतपरिया कॉलेज में आज 26 जून को मतदाता जागरूकता बैठक आयोजित किया गया है। मतदाता जागरूकता सभा का उद्देश्य अंबेडकर एसोसिएशन के समन्वयक प्रोफेसर डॉ. हजरत आली ने समझाया और कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अब्दुल वहाब ने उद्घाटन भाषण दिया। मतदाता जागरूकता बैठक में कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. शमसुल आलम सहरवर्दी, शिक्षा विभाग के डॉ. अनवर हुसैन, प्रोफेसर अब्दुल वहाब चौधरी ने अपने भाषण दिए। जागरूकता सभा की अध्यक्षता कॉलेज के राजनीति



विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. नूर आलम ने की। जागरुकता सभा में मौजूद रहे कॉलेज के प्रोफेसर अरबी विभाग की डॉ. डेजी आहमेद प्रोफेसर आबू अय्यूब आहमेद, अभिराम कलिता, सहायक प्रोफेसर अर्थशास्त्र जियाउर रहमान, इतिहास विभाग के प्रोफेसर आब्दुल बारिक, सहायक प्रोफेसर डॉ. रफीकुल हासान, डॉ. अताउर रहमान, डॉ. मसरत बानो, बेनजीर सुल्ताना आहमेद, हबीबुर रहमान, डॉ. मिर्जा हुमायूं कबीर, क्रुसेफ आलम। कार्यालय सहायक (वरिष्ठ) शुकुर माहमूद, लाइब्रेरियन मोफिदा आहमेद सहित कॉलेज के छात्र उपस्थित थे। बैठक के अंत में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर महर आली ने सलग की सराय का व्याख्यान किया।

## लोखरा में खुला *अर्बन तड़का* शाकाहारी रेस्टोरेंट

**गुवाहाटी ( विभास )।** महानगर के लोखरा के बेतकुची स्थित मणिराम देवान ट्रेड सेंटर के पास आज अर्बन तड़का नामक शाकाहारी रेस्टोरेंट का उद्घाटन हुआ। रेस्टोरेंट का शुभारंभ एमवीआई जॉय सिंह रोंगफार ने किया। उद्घाटन के मौके पर अन्य एमवीआई अधिकारी परुप ज्योति गोगोई, बीजू गोगोई, फिलिप्सन तिस्सोह, फरबीन माफूजा बेगम, रेस्टोरेंट के प्रमुख निलेश माथुर व विपिन शर्मा, मीनाक्षी माथुर, गोविंद शर्मा, राजेश जैन, प्रमोद हरलालका, बिश्वजीत शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस रेस्टोरेंट की विशेष बात यह है कि कंटेनर के भीतर बैठकर ग्राहक लजीज व्यंजनों का आनंद ले पाएंगे। इस मौके पर श्री माथुर ने कहा कि कंटेनर में बने इस रेस्टोरेंट के भीतर विभिन्न तरह के वाद्य यंत्र का संयोजन किया गया है, जहां ग्राहक इन वाद्य यंत्रों को बजा भी सकते हैं। रेस्टोरेंट में इंडियन, नॉर्थ इंडियन, चाइनिज मैनू के अलावा अन्य लजीज व्यंजनों की फेहरिश्त हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर तिरुपती बालाजी मंदिर व मणिराम देवान ट्रेड सेंटर जैसे प्रमुख स्थानों के आस-पास एक भी शाकाहारी रेस्टोरेंट नहीं होने के चलते दर्शनार्थियों से लेकर बाहरी



राज्यों से आने वाले शाकाहारी लोगों के खाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मगर अब इस रेस्टोरेंट के खुलने से जनता शाकाहारी व लजीज व्यंजनों का आनंद ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही अर्बन तड़का स्वीगी व जोमाटो के माध्यम से भी अपने लजीज व्यंजन लोगों के घरों तक पहुंचाने में कामयाब होगी। इसके अलावा रेस्टोरेंट में छोटी-मोटी पार्टियां, जैसे बर्थडे, वैवाहिक सालगिराह, किटी पार्टी, गेट-टुगेदर आदि भी प्री बुकिंग के आधार पर आयोजित कर सकते हैं।

## तीन दिवसीय बायर्स एंड सेलर्स मीट संपन्न

**गुवाहाटी ( विभास )।** असम सहित पूर्वोत्तर के बाजार में पिछले डेढ़ दशक से रेडीमेड गारमेंट के व्यापार में अपना लोहा मनवा चुके ऑर्बिट की ओर से तीन दिवसीय बायर्स एंड सेलर्स मीट का आयोजन किया गया है। महानगर के पलटन बाजार स्थित होटल अतिथि में इस मीट का उद्घाटन शनिवार को ऑर्बिट के प्रमुख प्रमोद कुमार रुंगटा, करुण रुंगटा, वरुण रुंगटा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर करुण रुंगटा ने बताया कि तीन दिवसीय इस मीट में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 50 से अधिक ब्रांड अपने अपने लेटेस्ट कलेक्शन को लेकर पहुंचे हैं। इनमें रिलायंस, लेविस के अंडर गारमेंट्स, डिज्नी फुटवेयर, वेडिंग के एथेनिक वेयर, डब्लू, अरेलिया सहित अन्य प्रसिद्ध व लोकप्रिय ब्रांड शामिल है। असम सहित पूर्वोत्तर के छोटे कपड़ा व्यापारियों को एक छत तले पुरुष,



महिलाएं व बच्चों के लिए सभी तरह के लेटेस्ट परिधान, फुटवेयर, अंडर गारमेंट्स व अन्य एसेसरीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया है। इस मौके पर वरुण रुंगटा ने कहा कि इसमें विशेष रूप से असम के ग्रामीण इलाकों से छोटे छोटे कपड़ा व्यापारी पहुंच रहे हैं। आगामी त्योहारों के मद्देनजर अटम विंटर कलेक्शन की भरमार है।

# हनुमान चालीसा के आध्यात्मिक रहस्यों पर सत्संग आयोजित

**नलबाड़ी।** हनुमान चालीसा का आध्यात्मिक रंग स्वर्वेद के संग कार्यक्रम का समापन भक्तिपूर्ण माहौल में हुआ। विहंगम योग नलबाड़ी के सौजन्य से और ठाकुरबाड़ी सत्संग समिति के तत्वावधान में स्थानीय मारवाड़ी पंचायत धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में तीन सौ से भी अधिक पुरुष और महिलाओं ने अंश ग्रहण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में निशा शर्मा एवं माया शर्मा ने एक स्वागत गान और मंगल गान पेश किया। तत्पश्चात ठाकुरबाड़ी सत्संग समिति के सदस्यों ने तेजकरण बोथरा के नेतृत्व में संगीतमय हनुमान चालीसा और भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन विहंगम योग के वरिष्ठ सलाहकार देवेंद्र शर्मा ने किया। मौके पर विहंगम योग की ओर से चंद्र प्रकाश शर्मा ने हनुमान चालीसा के अध्यात्मिक रहस्यों की स्वर्वेद के प्रकाश में विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि हनुमान चालीसा सिर्फ पारायण का ग्रंथ नहीं है, बल्कि बाह्य जगत से भीतर की ओर यात्रा करने का सूत्र है। उन्होंने कहा कि गोस्वामीजी ने मन के मुकुर यानि दर्पण को साफ करने के लिए कहा है, ताकि बंदी छूट कर महासुख हो सके। साथ ही हनुमानजी से प्रार्थना की है कि राम को पाने की गौरीसा पूरी हो इसके लिए गुरु की तरह कृपा करके उनके



मनरूपी दर्पण को साफ करने की युक्ति बताएं।शर्मा ने कहा कि कि मन के दर्पण को साफ करने के लिए जानना जरुरी है कि मन का वास शरीर में कब कहां होता है और मन को जानकर उससे पार परमात्मा को प्राप्त करने का एकमात्र साधन ब्रह्मविद्या विहंगम योग है। विहंगम योग की साधना से हनुमान चालीसा सहित सभी धार्मिक ग्रंथों के सूत्रों समझकर जीवन में उतारना सहज हो जाता है। उन्होंने कहा कि विहंगम योग से ही मनुष्य के अंदर की भक्ति जागृत होती है और उसे ईश्वर की प्राप्ति होती है। परमात्मा के बिना सारी सुंदरता बेकार है। जब तक मन के दर्पण को साफ नहीं किया जा सकता तब तक ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो सकती। हनुमान चालीसा और विहंगम योग का एक-दूसरे के साथ बहुत ही गहरा संपर्क है और विहंगम योग के बिना हनुमान चालीसा को समझना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सारा खेल आध्यात्म का है। संसार एक दुखालय है और यहां जो भी आया है सिर्फ दुख भोगने के लिए आया है। मनुष्य की चेतना हमेशा बाहर भटकती है। विहंगम योग की साधना से मन को स्थिर किया जा सकता है। मन को जीता जा सकता है और जाना जा सकता है। शर्मा ने आगे कहा कि हनुमान चालीसा को जानने के लिए विहंगम योग के सूत्रों को अपने अंदर उतारना होगा। मौके पर प्रयागराज से आए प्रचारक वहीं बिंदेश्वरी दुबे ने हनुमान चालीसा के संदर्भ में कहा कि हनुमान चालीसा की शुरूआत और उसका समापन गुरु वंदना से है। इससे हम समझ सकते हैं कि जीवन में गुरु का कितना महत्व होता है। मौके पर उन्होंने विहंगम योग की चेतन साधना का उपदेश भी जिज्ञासुओं को किया। इस मौके पर लोकप्रिय पार्षद निकिता जालान की उपस्थिति में समाजसेवी श्याम बजाज, अशोक बजाज, रामगोपाल धीरासरिया, रामगोपाल बजाज, मनोज सिंघानिया, चंदन सिंघानिया, सुशील मस्करा, सुनील मस्करा, मनोज शर्मा, पुरषोत्तम शर्मा, किशनलाल प्रजापत, तेजकरण बोथरा, सुभाष अग्रवाल, विजय पंडित, रामजनम ठाकुर, रतन डेका एवं नंद किशोर पारीक का फूलाम गामोछा से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नलबाड़ी संत समाज के डॉ. जितेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, सांवरमल शर्मा, विजय शर्मा सहित अन्य लोगों का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

I/204049/2023

**PRESS NOTICE**

The Chief Engineer, P.W.D (Building), Assam, on behalf of the Governor of Assam invites Bids for Technical & Financial offer as per Request for Proposal from qualified and experienced firms (criteria as per In RFP document) for providing "Project Management Consultancy Services" for the following work:

| Sl. No. | Name of Work | Approx. Value of the project put to Tender | Approx. PMC Value |
|---|---|---|---|
| 1. | PMC services for "Construction of Integrated Deputy Commissioner Office at Chinamara, Jorhat" | Rs. 4081.51015 Lakh | Rs. 81,63,020/- |
| 2. | PMC services for "Construction of the Integrated Deputy Commissioner office for Cachar at Silchar, Assam" | Rs. 4144.06450 Lakh | Rs. 82,88,130/- |
| 3. | PMC services for "Construction of the Integrated Office of the Deputy Commissioner, Bajali" | Rs. 3882.74100 Lakh | Rs. 77,65,480/- |

- The details may be seen in e-procurement portal website www.assamtenders.gov.in
- The validity period of the Bid shall be 180 days from the date of submission.
- The Bidders must be registered with the E-tendering system (ETS) of the Govt. of Assam (website : http//assamtenders.gov.in)
- The Chief Engineer P.W.D (Building), Assam reserves the right to accept or reject any or all proposals without showing any reasons what so ever.

Chief Engineer, PWD (Bldg.)
Assam, Chandmari, Guwahati-3.

***-- Janasanyog /C/5067/23***

## रंगिया : एसएसबी का *नशा मुक्त भारत पखवाड़ा* का समापन



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के मोरानजना स्थित सशस्त्र सीमा बल की 24वीं वाहिनी के कमांडेंट दीपक सिंह के नेतृत्व में पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम के साथ आयोजित *नशा मुक्त पखवाड़ा* का आज सफल समापन किया गया। बल बाहिनी द्वारा इस पखवाड़े के अतंर्गत शपथ ग्रहण समारोह, जागरूकता रैलियां, स्कूली बच्चो के साथ नशा के विरुद्ध मुहिम आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा इस मौके पर स्थानीय नागरिकों को नशे से होने वाली हानियों एवं इसकी बुरी लत के बारे में बताया गया। वहीं बल बाहिनी के कमांडेंट दीपक सिंह ने इससे बचने के उपायों और निवारण के बारे में बताया तथा उन्हें अपने परिवार व रिश्तेदारो को भी जागरूक करने का आग्रह किया। आज रंगिया केंदुकोना में ग्रामीणो के साथ मिलकर चलाए गए नशामुक्त कार्यक्रम से स्थानीय नागरिक काफी उत्साहित दिखे।

No. FAAMCH/eT_HKS/1862/2023/1245

CORRIGENDUM FOR CHANGE IN DESCRIPTION OF BOQ (PRICE BID) and Evaluation Criteria

TENDER ID : 2023 HFWD_31208_1

As approved; the list of the items/BOQ of the e-Tender for **outsourcing of Mechanized Cleaning and Sanitation Services at Fakhruddin Ali Ahmed Medical** being published @ e-procurement system i.e. through the website www.assamtenders.gov.in invited vide No. FAAMCH/eT_HKS/1862/2023/1156, Dtd- 13/06/2023 is hereby modified as decided by the Tender Evaluation Committee.

Moreover, some points of Evaluation Criteria ***(Annexure – IV and Technical criteria)*** have also been change as requested and decided by the Tender Evaluation Committee. For more details please check the Pre-Bid Meeting minutes which has been uploaded at the e-procurement system of Govt. of Assam. www.assamtenders.gov.in

All the terms and conditions of NIT shall remain the same. Interested bidders have to upload/submit their quoted rate as per the modified BOQ as available against the respective tender ID for successful bidding for e-tender.

Superintendent
F.A.A. Medical College Hospital
Barpeta, Assam.

***-- Janasanyog /C/ 5038/23***

# भोपाल में खराब मौसम के चलते प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो रद्द

**– प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश को दो नई वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात देंगे**



**भोपाल, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जून को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। यहां राजधानी भोपाल में राजभवन से लेकर पुलिस कंट्रोल रूम तक उनका करीब 350 मीटर का रोड शो होना था, लेकिन मौसम खराब के कारण रोड शो रद्द कर दिया गया है। प्रदेश भाजपा ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। भोपाल प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को भोपाल प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश को दो नई वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात देंगे, जिसमें इंदौर से भोपाल और भोपाल से जबलपुर ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा वे यहां मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 10 लाख कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। उनका यहां रोड शो भी प्रस्तावित था। हालांकि, पीएमओ ने पहले प्रधानमंत्री के रोड शो की अनुमति नहीं थी, लेकिन भाजपा संगठन के अनुरोध पर रोड शो के लिए राजभवन से पुलिस कंट्रोल रूम तक की परमिशन दी गई थी। भोपाल में इन दिनों जमकर बारिश हो रही है, जिसके चलते प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो रद्द कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी सुबह 8.35 बजे दिल्ली से रवाना होकर सुबह 9.50 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वे 10.15 बजे भोपाल एयरपोर्ट से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के लिए रवाना होंगे और यहां से रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11.00 बजे तक रानी कमलापति स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद वे 11.05 बजे सड़क मार्ग से लाल परेड मैदान के लिए रवाना होंगे। यहां 11.15 से 12.15 तक मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके बाद यहां से शहडोल के लिए रवाना हो जाएंगे। अमेरिका यात्रा के बाद प्रधानमंत्री का देश में यह पहला दौरा है। वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में देशभर के 34 राज्यों के बूथों के तीन हजार चयनित कार्यकताओं सहित देश के 10 लाख कार्यकताओं से वर्चुअल संवाद करेंगे। इन्होंने बूथ सशक्तीकरण अभियान में योगदान दिया है। कार्यक्रम का मध्य प्रदेश के 1082 मंडल, 64,100 बूथों के साथ देशभर के सभी मंडलों व बूथों पर सीधा प्रसारण होगा।

# खराब मौसम के चलते इंडिगो की फ्लाइट दो बार पाकिस्तान एयर स्पेस में घुसी




**चंडीगढ़, (हि.स.)।** खराब मौसम की वजह से इंडिगो की श्रीनगर-जम्मू फ्लाइट 6ई-2124 रविवार को पाकिस्तान एयर स्पेस में दो बार घुस गई। इसके बाद फ्लाइट की अमृतसर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इंडिगो फ्लाइट का पाकिस्तान एयर स्पेस में दाखिल होने का दो हफ्तों में यह दूसरा मामला है। ताजा घटना रविवार दोपहर की है, जब श्रीनगर से इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-2124 ने जम्मू के लिए उड़ान भरी थी। 28 मिनट के बाद यह फ्लाइट मौसम खराब होने के कारण जम्मू कश्मीर के कोटे जमैल के रास्ते पाकिस्तान में दाखिल हुई। तकरीबन 5 मिनट तक यह फ्लाइट पाकिस्तान एयर स्पेस में रही और सियालकोट होते हुए जम्मू की तरफ बढ़ गई। जम्मू में भी खराब मौसम था। इसके कारण यह वहां भी लैंड नहीं कर सकी। इसके बाद फ्लाइट ने अमृतसर का रुख किया। शाम करीब 4:15 बजे यह फ्लाइट दोबारा पाकिस्तान सीमा में दाखिल हुई। जम्मू कश्मीर के कड़ियाल कलां से दाखिल यह फ्लाइट शाम करीब 4.25 बजे अमृतसर में अजनाला के कक्कड़ गांव के निकट भारतीय सीमा में लौटी। इसके बाद फ्लाइट की अमृतसर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई।

# राजनाथ सिंह ने दोहराया, विश्व मंच पर भारत की मान और कद बढ़ा



**जम्मू, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिर दोहराया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व मंच पर भारत की मान और कद बढ़ा है और दुनिया अब भारत की बात अधिक ध्यान से सुन रही है।वह सोमवार को अपने जम्मू दौरे के दौरान जम्मू विश्वविद्यालय के जनरल जोरावर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित रक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ कहता था, तो उसे इतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता था। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ी है और उसका कद भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी के सत्ता संभालने के बाद स्थिति बदल गई है। प्रधानमंत्री की हाल ही में समाप्त हुई अमेरिका और मिस्त्र की यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि इस दौरान कई ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पिछले कुछ वर्षों में प्रधान मंत्री मोदी की विदेशों में पहुंच का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि एक देश के प्रधान मंत्री ने उन्हें बॉस कहा, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मोदी इतने लोकप्रिय हैं कि हर कोई उनका ऑटोग्राफ लेने की इच्छा रखता है। उन्होंने 2014 के बाद मोदी सरकार की ओर से रक्षा क्षेत्र की मजबूती के लिए उठाए गए कदमों की भी जानकारी दी। बॉर्डर पर रहने वाले लोगों की हिफाजत के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदमों के बारे में बताते हुए कहा कि आज सीमा पर रहने वाले लोगों को सुरक्षा के साथ-साथ हर सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। रक्षामंत्री के दौरे को देखते हुए जम्मू के आसपास के इलाकों में हाई अलर्ट है और सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। आधार शिविर भगवती नगर, परेड स्थित गीता भवन, पुरानी मंडी स्थित राम मंदिर और महाजन हाल, रेलवे स्टेशन जम्मू स्थित सरस्वती धाम, पंचायत भवन, वैष्णवी धाम और टीआरसी को सुरक्षाबलों ने सुरक्षा घेरे में ले लिया है। शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर भी पुलिस के विशेष दल को तैनात किया गया है। सीमांत इलाकों को शहर से जोड़ने वाले सभी रास्तों पर अर्धसैनिक बलों व संबंधित थानों की पुलिस तैनात की गई है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इसके बाद त्रिकुटा नगर स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र रैना सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करके राज्य के राजनीतिक हालात तथा संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# प्रगति मैदान टनल में हथियार के बल पर दो लाख की लूट, केजरीवाल ने एलजी से मांगा इस्तीफा

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान की टनल में शनिवार दोपहर बदमाशों ने कारोबारी से हथियार के बल पर दो लाख रुपयों से भरा बैग लूट लिया। लुटेरों ने घटना की सूचना पुलिस को देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी से इस्तीफे की मांग की है। पुलिस के मुताबिक गुजरात के मेहसाणा के रहने वाले साजन कुमार का चांदनी चौक में सोने-चांदी के आभूषणों का कारोबार है। वह शनिवार दोपहर गुरुग्राम स्थित एक फर्म को 2 लाख रुपये देने के लिए जा रहे थे। उनके साथ उनके साथी जितेंद्र पटेल भी थे। लाल किले से कैब से वह रवाना हुए। रास्ते में जब उनकी कैब रिंग रोड पर प्रगति मैदान टनल के अंदर पहुंची तो दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उनकी कैब को ओवरटेक कर रोक लिया। बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया। बदमाशों के फरार हो जाने के बाद पीड़ित ने पीसीआर को कॉल कर मामले की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वारदात शाम तीन से चार बजे की है। पीड़ित ने मामले की शिकायत शाम छह बजे की। हालांकि टनल के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई है। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी से इस्तीफा मांगा है। केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि अगर केंद्र सरकार दिल्ली को सुरक्षित नहीं बना सकती तो हमें सौंप दे। हम आपको दिखाएंगे कि किसी शहर को उसके नागरिकों के लिए कैसे सुरक्षित बनाया जा सकता है। इस घटना के सीसीटीवी का वीडियो फुटेज भी वायरल हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है किस तरह से दो बाइक पर चार बदमाश आते हैं, जो प्रगति मैदान के अंदर टनल में एक कार को ओवरटेक कर रोकते हैं और रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो जाते हैं।

# अमरनाथ के लिए 1 जुलाई से शुरू होगी यात्रा



**श्रीनगर (ईएमएस)।** दक्षिण कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बाबा बफार्नी की पवित्र गुफा अमरनाथ के लिए 1 जुलाई से यात्रा शुरू हो रही है, जो 31 अगस्त को खत्म होगी। अमरनाथ गुफा मंदिर का दर्शन करने के लिए यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले 30 जून को तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। इसी अमरनाथ गुफा से बाबा बफार्नी की नई तस्वीर सामने आई है। बाबा बफार्नी का आकार पहले से काफी बड़ा हुआ है। वहीं भक्तों को भी यात्रा शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक एसएल थाउसेन ने आगामी कुछ दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर रविवार को बालटाल आधार शिविर और पवित्र गुफा मंदिर के रास्ते में पड़ने वाले कई पड़ाव केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। थाउसेन ने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और अद्वितीय समन्वय पर निर्भर करती है। सीआरपीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि सीआरपीएफ महानिदेशक ने अमरनाथ यात्रा 2023 के लिए तैनात सीआरपीएफ की परिचालन और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करने के वास्ते बालटाल, डोमेल, सरबल और नीलग्रथ स्थित शिविरों का दौरा किया।

# नशे के समूल नाश के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : सुखविंदर सुक्खू

**शिमला, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को यहां नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से उत्पन्न वैश्विक चुनौती तथा सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र पर इसके गंभीर परिणामों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बड़ी संख्या में युवा नशीले पदार्थों की लत का शिकार हो रहे हैं, जिससे युवाओं के शारीरिक स्वास्थ्य और बौद्धिक क्षमताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने नशे की बुराई पर शिकंजा कसने के लिए समाज में इसके विरूद्ध संवेदनशीलता, सतर्कता और जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नशीले पदार्थों की गर्त में फंसे लोगों के प्रभावी उपचार और पुनर्वास के लिए एक सुदृढ़ बुनियादी ढांचा बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के समीप नशीले पदार्थों की बिक्री निषेध है। अवैध रूप से युवाओं को नशीले पदार्थ उपलब्ध करवाने के मामलों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में केवल शिमला जिला में ही 400 मामले दर्ज किए गए और 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होने कहा कि सरकार राज्य में दो नशा मुक्ति सह-पुनर्वास केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है। इनमें से एक केंद्र के निर्माण के लिए शिमला के निकट 50 बीघा भूमि चिन्हित की गई है। सरकार द्वारा दोनों केंद्रों की स्थापना के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने नशे के विरूद्ध लड़ाई में जन सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि लोग नशीले पदार्थों के तस्करों के बारे में पुलिस को जानकारी प्रदान करें, ताकि उन्हें समय पर पकड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि समाज से नशे को उखाड़ फैंकने के लिए स्वयंसेवी संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में नशे के विरूद्ध लड़ाई में सराहनीय कार्य के लिए विभिन्न संस्थानों और विभागों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला कांगड़ा, मंडी और ऊना के उपायुक्तों को उनके संबंधित जिलों में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी तरह राज्य कर एवं आबकारी विभाग के आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज निदेशक, महिला एवं बाल विकास निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं और उच्च शिक्षा निदेशक को भी नशे के विरूद्ध छेड़े गए अभियान में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। गैर सरकारी संगठनों में गुंजन संस्था धर्मशाला, मानव कल्याण समिति चौपाल और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कुल्लू को नशा मुक्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिमला में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों सहित जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े लोगों को नशीले पदार्थों की रोकथाम की शपथ दिलाई।

# सेमीकंडक्टर का अगला बड़ा गंतव्य होगा हिन्दुस्तान : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका और मिस्त्र की यात्रा को ऐतिहासिक बताया है। केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक एवं आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज प्रेसवार्ता कर कहा कि यात्रा के परिणाम स्वरूप हिन्दुस्तान समाचार सेमीकंडक्टर का अगला बड़ा गंतव्य होगा। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि तीन महीने पहले ही सेमीकंडक्टर कॉरपोरेशन में भारत और अमेरिका के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे के दौरान सेमीकंडक्टर को लेकर तीन बड़े समझौते हुए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कद वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। उनका अमेरिका और मिस्त्र दौरा ऐतिहासिक रहा है। पिछले 9 सालों में प्रधानमंत्री ने जिस तरीके से इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री का विकास किया और कई ऐसे कदम उठाए जिससे कि आज टेक्नोलॉजी में देश का दुनिया में एक स्थान बना। उसी का परिणाम है कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री हिन्दुस्तान में आई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विश्वसनीय एवं सुरक्षित दूरसंचार प्रौद्योगिकियों ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत-अमेरिका साझेदारी को व्यापक बनाने के साथ साथ उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष में संबंधों को गहरा करने में एक बड़ी छलांग लगाई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के सभी देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास जता रहे हैं। मोदी जी को मिस्त्र का सबसे बड़ा सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से सम्मानित किया जाता है तो ये सभी भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। मोदी जी द्वारा अपनाई गई स्वतंत्र विदेश नीति 'राष्ट्र-प्रथम' की भावना वाली रही है। आज विश्व में भारत की जितनी प्रशंसा और सराहना हो रही है, उतनी पहले कभी नहीं हुई।

# राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेले सम्मपन, राज्यपाल ने की समारोह की अध्यक्षता



**सोलन, (हि.स.)।** तीन दिन से चला आ रहा राज्य स्तरीय माँ शूलिनी समाप्त हो गया । राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार सायं सोलन जिला के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि सोलन की अधिष्ठात्री देवी माँ शूलिनी के नाम पर आयोजित यह मेला धार्मिक आस्था का केन्द्र हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला राज्य की समृद्ध संस्कृति के साथ-साथ उच्च परंपराओं का भी पोषण करता है। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों के नाम देवी-देवताओं के नाम पर हैं, इसलिए इसे देवभूमि भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि ह्यहमारी संस्कृति, परंपराएं और कार्य देवी-देवताओं पर केंद्रित हैं। ये विश्वास ही हमें सकारात्मकता और आगे बढ़ने की ताकत देता है। उन्होंने मेले के सुचारु आयोजन के लिए माता शूलिनी मेला आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न सामाजिक मुद्दों के माध्यम से युवा पीढ़ी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने राज्यपाल को हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त एवं माँ शूलिनी मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल को हिमाचली शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले, राज्यपाल ने माँ शूलिनी मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की।

# 2047 तक बनाएंगे सिकल सेल एनिमिया मुक्त- डॉ. मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश को साल 2047 तक सिकल सेल एनिमिया मुक्त बनाएंगे। इसके लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के सहदोल में सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन की शुरूआत करेंगे। इस मिशन के तहत 7 करोड़ जनजातीय लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी ताकि मरीजों की पहचान की जा सकें। सोमवार को डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि देश को सिकल सेल एनिमिया से मुक्त बनाने के लिए पहले इसके मरीजों की पहचान बेहद जरुरी है। स्क्रीनिंग से यह लाभ होगा कि इसके मरीजों की पहचान कर इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकेगा। इस मिशन के तहत उन्हें कार्ड दिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना के बारे में बोलते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि अबतक इस योजना के तहत 12 करोड़ परिवार लोगों को लाभ पहुंचा है। इस योजना से लोगों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। आयुष्मान योजना के तहत दिया जाने वाला कार्ड हेल्थ एटीम कार्ड के रूप में उपयोग किया जा सकता है, जो किसी भी एम्पैनल्ड अस्पताल में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का कार्ड से गरीब लोगों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# हाई कोर्ट पहुंचे कांग्रेस के 17 उम्मीदवार, कहा- प्रचार नहीं कर पा रहे हैं, सुरक्षा दीजिए



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में जारी पंचायत चुनाव के दौरान मालदा जिले के 17 कांग्रेस उम्मीदवारों ने कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया है। सोमवार को याचिका लगाकर इन्होंने कहा है कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं इसलिए चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें सुरक्षा दी जानी चाहिए। मालदा के कांग्रेस उम्मीदवारों ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए जस्टिस राजशेखर मंथा की बेंच में केस दायर करने की इजाजत मांगी, जिसकी अनुमति मिल गई। मालदा के मानिकचक ब्लॉक से 15 ग्राम पंचायत उम्मीदवार हाई कोर्ट आए। इसके अलावा दो पंचायत समिति उम्मीदवारों ने भी हाई कोर्ट में सुरक्षा की मांग की। ये सभी इस बार पंचायत चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। अधिवक्ता कौस्तव बागची उनका केस लड़ रहे हैं। कांग्रेस उम्मीदवारों ने आरोप लगाया है कि पंचायत चुनाव के लिए नामांकन जमा करने के बाद से उन्हें बार-बार धमकी दी जा रही है।

डर का ऐसा माहौल बना दिया गया है कि कोई भी प्रचार करने नहीं जा पा रहा है। इसलिए चुनाव नतीजे आने तक उन्हें सुरक्षा की जरूरत है। मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी। पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। नामांकन जमा करने के लिए भांगड़, कैनिंग जैसे इलाकों में गहमागहमी बनी हुई है। अलग-अलग जिलों से बम बरामद किये गये। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर राज्य चुनाव आयोग ने कहा कि पंचायत चुनाव हिंसा के कारण राज्य में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है।

# ड्रग्स मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करेगा देश : शाह

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम ड्रग्स मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करेंगे। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। गृह मंत्रालय ने नार्कोटिक्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। देशभर में लगभग 06 लाख किलो जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है। शाह ने सोमवार को ह्लनशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवसह्व के अवसर पर एक वीडियो संदेश में कहा कि हमारा संकल्प है कि हम भारत में नारकोटिक्स का व्यापार नहीं होने देंगे और ना ही भारत के माध्यम से ड्रग्स को विश्व में कहीं बाहर जाने देंगे। शाह ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ इस मुहिम में देश की सभी प्रमुख एजेंसियां, विशेषकर ह्लनार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरोह्व निरंतर अपनी जंग जारी रखे हुए है। इस अभियान को सशक्त करने के लिए गृह मंत्रालय ने 2019 में राष्ट्रीय नारकोटिक्स समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) की स्थापना की है। देश के हर राज्य के पुलिस विभाग में एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया गया, जिसका पहला राष्ट्रीय सम्मेलन अप्रैल 2023 में दिल्ली में हुआ। शाह ने कहा कि ड्रग्स के दुरुपयोग एवं दुष्प्रभावों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर उपयुक्त मंचों के माध्यम से युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। ड्रग्स के विरुद्ध हमारी इस व्यापक और समन्वयित लड़ाई का ही असर है कि जहां 2006-13 में मात्र 768 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त हुई थी तो वहीं 2014-22 में यह लगभग 30 गुना बढ़कर 22 हजार करोड़ हो गई और नशे का व्यापार करने वाले लोगों के विरुद्ध पहले की तुलना में 181 फीसदी अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। जून 2022 में हमने जब्त किए ड्रग्स के दुबारा उपयोग को रोकने के लिए एक विनिष्टीकरण अभियान चलाया जिसमें अब तक देशभर में लगभग 06 लाख किलो जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है। शाह ने कहा कि चाहे ड्रग्स की खेती को नष्ट करना हो या जनजागरण हो गृह मंत्रालय सभी संस्थाओं और प्रदेशों के समन्वय से ह्लड्रग्स मुक्त भारतह्व के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहा है लेकिन इस लड़ाई को बिना जनभागीदारी के नहीं जीता जा सकता। शाह ने कहा कि वह सभी देशवासियों से अपील करते हैं कि अपने आप को और अपने परिवार को ड्रग्स से दूर रखें। इसके दुरुपयोग के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। अपने आस-पास हो रहे ड्रग्स के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें।



## संपादकीय

# एकता की 'अध्यादेशी' शुरुआत

**विपक्षी** एकता की पटना बैठक के कुछ संकेत स्पष्ट हैं। पहली बार कांग्रेस किसी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा होगी। कोई समानांतर मोर्चा नहीं होगा। पटना बैठक में बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, वाईएसआर कांग्रेस, तेलुगूदेशम पार्टी, बसपा, जनता दल-एस, इंनेलो, अकाली दल, मुस्लिम लीग, केरला कांग्रेस, आरएलपी, आरएसपी, अकाली दल-मान आदि दलों के नेता नहीं आए और ज्यादातर को आमंत्रित भी नहीं किया गया था। इन दलों के 68 सांसद मौजूदा संसद में हैं। ये दल न तो कांग्रेस-समर्थक हैं और न ही भाजपा-विरोधी हैं। इन दलों ने ऐसे समीकरण भी नहीं हैं कि वे तीसरा मोर्चा बना सकें। अलबत्ता कुछ दल भाजपा के साथ एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं या कोई और राजनीतिक समीकरण बना सकते हैं। विपक्षी एकता के नाम पर 17 दलों का ही बैनर है, जो पटना में एकजुट हुए। वे एक साथ मिले, करीब 3 घंटे विमर्श किया, विरोधाभास भी उभरे, एक साथ चलने का निष्कर्ष सामने आया, एक साथ गुलाब जामुन खाए, न्यूनतम साझा कार्यक्रम के कुछ बिंदुओं पर चर्चा की और साझा प्रेस ब्रीफिंग में, केजरीवाल और स्टालिन को छोड़ कर, शेष सभी नेताओं ने संकल्प-सा दर्शाया कि वे प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे, ताकि 2024 में देश में सत्ता-परिवर्तन किया जा सके। बहरहाल अभी इतने से ही किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि विपक्षी एकता निश्चित है और वे पूरी तरह लामबंद होकर भाजपा को साझा चुनौती दे सकेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं अद्र्धराज्य दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का एजेंडा दिल्ली सरकार विरोधी केंद्र के अध्यादेश पर ही अटका रहा। केजरीवाल ने गुहार की कि कांग्रेस एक कप चाय पीने का तो वक्त दे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जानना चाहा कि आप मिलने को इतने बेताब क्यों हैं? क्या कोई शरारत करेंगे? अध्यादेश के मुद्दे पर केजरीवाल और राहुल गांधी के बीच बहस-सी छिड़ गई, तो शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने शांत कराने की कोशिश की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुझाव दिया कि इस मुद्दे को संयुक्त बयान में शामिल कर लिया जाए और दोनों नेता लंच के दौरान अकेले में बात कर सकते हैं, लेकिन राहुल सहमत नहीं हुए। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने केजरीवाल को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई। संसद में इस विशेष प्रावधान को जब रद्द किया गया था, तब केजरीवाल ने मोदी सरकार के उस फैसले का समर्थन किया था। महबूबा मुफ्ती ने भी यही सवाल किया। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के राजनीतिक रवैये और धरना देने पर आपत्ति जताई। केजरीवाल की 'आप' ने बाद में बयान देकर स्पष्ट किया कि यदि अध्यादेश पर कांग्रेस ने रुख साफ नहीं किया, तो पार्टी के दोनों मुख्यमंत्री-केजरीवाल और भगवंत मान-विपक्ष की ऐसी बैठकों में शिरकत नहीं करेंगे। बहरहाल ये चंद उदाहरण हैं, जो विपक्षी एकता के यथार्थ पर सवाल करते हैं, लेकिन इनके बावजूद 'आप' को छोड़ कर सभी विपक्षी दल एक ही छतरी के तले लामबंद होकर 2024 का आम चुनाव लडऩे के पक्षधर हैं। अगली बैठक 12 जुलाई को शिमला में होगी। फिलहाल विपक्ष ने जो शुरुआत की है, वह सकारात्मक है, शैशवी कदम है, लेकिन निर्णायक होने का रास्ता अभी लंबा और टेढ़ा-मेढ़ा है। अभी तो यह सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया जाना है कि एक सीट पर विपक्ष का एक ही, साझा उम्मीदवार कैसे उतारा जा सकता है। ममता और अखिलेश यादव कांग्रेस से ही अपेक्षा कर रहे हैं कि कांग्रेस बड़ा दिल दिखाए। इन दोनों बड़े राज्यों में अपने उम्मीदवार उतारने की जिद न करे। यह कैसे संभव है? क्षेत्रीय दलों की अपनी महत्त्वाकांक्षाएं हैं।

> प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे, ताकि 2024 में देश में सत्ता-परिवर्तन किया जा सके। बहरहाल इतने से ही किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि विपक्षी एकता निश्चित है और वे पूरी तरह लामबंद होकर भाजपा को साझा चुनौती दे सकेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं अद्र्धराज्य दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का एजेंडा दिल्ली सरकार विरोधी केंद्र के अध्यादेश पर ही अटका रहा। केजरीवाल ने गुहार की कि कांग्रेस एक कप चाय पीने का तो वक्त दे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जानना चाहा कि आप मिलने को इतने बेताब क्यों हैं? क्या कोई शरारत करेंगे? अध्यादेश के मुद्दे पर केजरीवाल और राहुल गांधी के बीच बहस-सी छिड़ गई, तो शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने शांत कराने की कोशिश की।

## कुछ अलग

# मंत्री पद की मीठी गोलियां

**सियासत** में आश्चर्य और अप्रत्याशित बिंदुओं पर फैसलों की शुमारी में अंदाजे हमेशा गलत हो जाते हैं। छह माह की सुक्खू सरकार के बीच आश्चर्य पैदा करने का सामथ्र्य इसके गठन की तासीर में पढ़ा जाए, तो मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों को पढऩा इतना भी आसान नहीं कि हमेशा दो दूने चार ही होंगे। इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के झौंके दिल्ली से आए हैं और स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने तसदीक किया है कि अबकि बार तीन नए मंत्री जल्द शामिल हो जाएंगे। जाहिर है पद की महत्त्वाकांक्षा ने कई नेताओं को सियासी तौर पर बीमार कर रखा है जबकि सत्ता के पास मंत्री पद की मात्र तीन मीठी गोलियां ही बाकी हैं। इन गोलियों में एक तरफा उल्लास, बराबर से तकसीम नहीं हो सकता। लिहाजा सारी नेकनीयत एक तरफ और दूसरी तरफ गहरी खाइयां। जो चेहरे सामने हैं, उनमें कुछ अपने, कुछ अदने और कुछ अतीत के सदमे हैं। अगर ऐसा न होता तो पहले मंत्रिमंडल में कांगड़ा से मात्र एक मंत्री या सुधीर शर्मा जैसा वरिष्ठ नेता अपात्र क्यों रहता। राजेश धर्माणी की सियासी यात्रा का विलोप न होता। मंत्रिमंडल विस्तार से कांग्रेस सरकार सशक्त होगी या पार्टी अपनी कंदराओं में फंसे विवाद को दूर करने की दृष्टि से यह सब देख रही है। मंत्रियों की औकात या क्षेत्रीय संतुलन की सौगात में एक नई बारात सजेगी, इसको लेकर आशंकाएं कम नहीं हैं। कुछ तो मजबूरियां रही होंगी कि सत्ता अपने नैन नक्श में कुछ सुरमा छुपा के बैठी रही। सत्ता को अपनी खुशफहमी से छूट हासिल है या ये पेचीदगियां भविष्य के लिए कांटों भरी बन सकती हैं। जो भी हो सुक्खू सरकार के अब तक के फैसलों की रौनक में भी सियासत की सूनी निगाहें कहीं आंसुओं से भरी हैं। भले ही कांगड़ा को पर्यटन राजधानी की अमरबेल पर चढ़ा दिया गया है, लेकिन कांग्रेसी इतिहास की जड़ें इस जिला में गणित कर रही हैं। ऐसा कोई अवसर या युग नहीं आया जब सत्ता के अक्स में यह जिला अपने कद को सरकार में न बता पाया। धूमल सरकार के समय का टकराव भले ही व्यक्तिगत सीमा के भीतर प्रवेश कर गया, लेकिन मंत्रिमंडल में चेहरों की तादाद कम न रही। कमोबेश हर सत्ता में कम से कम तीन मंत्री कांगड़ा को मिले तो इस बार पार्टी की आंखों में मोतियाबिंद कहां से निकल आया। सबसे हैरान करने का सबब पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा के पास आकर खड़ा हो रहा है, लेकिन यह अब कांगड़ा के साथ सियासी साजिश की तरह चस्पां है। इसमें तेरी मेरी नहीं, बल्कि हर सत्ता में जिला के नेतृत्व को बौना बनाने की परंपरा रही है। आज जिला कांगड़ा के बड़े नेता या तो दफना दिए गए या इनकी कतरब्यौंत जारी है। पिछली भाजपा सरकार में किशन कपूर, रमेश धवाला व विपिन सिंह परमार के लिए हाशिए जिन्होंने लिखे, उनकी आंख अंततः फूटी तब जब सत्ता की जमीन निकल गई। ऐसे में क्या कांग्रेस सुधीर शर्मा को उनकी वरिष्ठता, काबिलीयत और स्वीकार्यता के कारण पीछे धकिया रही है। यह देखना रोचक होगा कि इस बार कांगड़ा के नेतृत्व पर कहां- कहां वार होता है और सूली पर किसे चढ़ाया जाता है। सत्ता की सूलियों पर इससे पहले कांगड़ा के विजय सिंह मनकोटिया, डा. राजन सुशांत व स्व. पंडित सालिग राम आदि चढ़ चुके हैं, तो इस बार की मॉक ड्रिल में सुधीर शर्मा फंसे हुए नजर आते हैं। सरकार के गठन और उसके बाद मंत्रिमंडल के प्रहसन में एक सवाल गूंजता है, 'तेरा क्या होगा कालिया।' जाहिर है लाख कोशिशों के बाद भी जो छूट जाएगा, वही कालिया होगा। क्या इस बार कालिया होने का सबूत राजिंद्र राणा, सुधीर शर्मा की ओर से या कोई और देगा। मंत्रिमंडल की आरंभिक फेहरिस्त में इतना समय तो गुजर ही गया कि सरकार चाहे तो कुछ बोझ हल्का कर सकती है या विभागों के आबंटन को फिर से फेंट सकती है। बेशक कुछ बोर्ड-निगमों पर कुछ नेता आसीन हो गए या बिना विधायक बने कुछ को कैबिनट का दर्जा मिल गया, लेकिन रिक्तियों की आजमाइश में कांग्रेस का घर अभी सूना है।

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसे चलन से बाहर करने का ऐलान कर सभी को चौंकाया

# नोट वापसी से निर्मित आर्थिक परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

> आरबीआई ने ऐलान किया है कि 23 मई से लेकर 30 सितंबर तक 2 हजार रुपए के नोटों को बैंक खातों में जमा कराया जा सकेगा या ये नोट बैंकों में जाकर बदले जा सकेंगे। आरबीआई ने जोर देकर कहा है कि ये नोट आगे भी वैध बने रहेंगे। अब बैंक भी देशभर में खाताधारकों को 2000 रुपए के नोट जारी नहीं करेंगे। नि :संदेह बाजार में 2000 रुपए के नोट आने के 78 महीने बाद ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसे चलन से बाहर करने का ऐलान कर सभी को चौंकाया है। 2000 रुपए के नोट के चलन को बंद करने के फैसले के बाद आरबीआई ने कहा है कि ये फैसला नोटबंदी के बाद पैदा हुई जरूरतों को पूरा करने के मद्देनजर लिया गया है और यह उद्देश्य बाजार में कम मूल्य के अन्य नोट पर्याप्त मात्रा में आ जाने के बाद पूरा हो गया है।

**विगत** 19 मई को भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा 2000 रुपए के नोटों के चलन से वापस लिए जाने के फैसले के बाद अब पूरे देश में आम आदमी से लेकर उद्योग-कारोबार और आर्थिक क्षेत्र से जुड़े लोग इसके परिणामों पर विचार मंथन कर रहे हैं। 15 जून 2023 तक बैंकों में 2000 रुपए के चलन में मौजूद रुपयों में से आधे से अधिक बैंकों में जमा हो चुके हैं और विभिन्न बैंकिंग और वित्तीय रिपोर्टों में नोट वापसी के निर्णय को लाभप्रद बताया जा रहा है। गौरतलब है कि आरबीआई ने ऐलान किया है कि 23 मई से लेकर 30 सितंबर तक 2 हजार रुपए के नोटों को बैंक खातों में जमा कराया जा सकेगा या ये नोट बैंकों में जाकर बदले जा सकेंगे। आरबीआई ने जोर देकर कहा है कि ये नोट आगे भी वैध बने रहेंगे। अब बैंक भी देशभर में खाताधारकों को 2000 रुपए के नोट जारी नहीं करेंगे। निःसंदेह बाजार में 2000 रुपए के नोट आने के 78 महीने बाद ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसे चलन से बाहर करने का ऐलान कर सभी को चौंकाया है। 2000 रुपए के नोट के चलन को बंद करने के फैसले के बाद आरबीआई ने कहा है कि ये फैसला नोटबंदी के बाद पैदा हुई जरूरतों को पूरा करने के मद्देनजर लिया गया है और यह उद्देश्य बाजार में कम मूल्य के अन्य नोट पर्याप्त मात्रा में आ जाने के बाद पूरा हो गया है। रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपए के नोटों को वापस लेते हुए यह भी कहा है कि ये निर्णय बैंक की क्लीन नोट पॉलिसी के तहत किया जा रहा है। क्लीन नोट पॉलिसी यह सुनिश्चित करती है कि लोगों के बीच अच्छी गुणवत्ता के नोट पहुंचें। इस पॉलिसी का उद्देश्य नकली और गंदे नोटों को हटाकर भारतीय मुद्रा की अहमियत को बनाए रखना भी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी का ऐलान किया था। इसके बाद पूरे देश में 500 और 1000 रुपए के नोट बंद हो गए थे जो कि उस समय पूरी करेंसी सर्कुलेशन के कुल 86 प्रतिशत थे। नोटबंदी के फैसले से काला धन एवं नकली नोट पर रोक आतंकवाद पर अंकुश और देश को डिजिटल भुगतान की ओर बढ़ाने की बात कही गई थी। ज्ञातव्य है कि 2000 रुपए का यह नोट नवंबर 2016 में बाजार में तब आया था, जब केंद्र सरकार ने 500 और 1000 रुपए के नोट बंद किए थे और इनकी जगह 500 और 2000 रुपए के नए नोट जारी किए गए थे। रिजर्व बैंक की अगस्त 2018 में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि 500 और 1000 रुपए के 99.30 प्रतिशत पुराने नोट वापस बैंकों में जमा हो गए हैं। यानी इन रुपयों से प्रचलन में रहा करीब-करीब सम्पूर्ण रुपया बैंकों में जमा हो गया। यद्यपि दो हजार



रुपए के नोट जारी करते हुए आरबीआई ने दावा किया था कि इसमें सुरक्षा के जो फीचर रखे गए हैं, उनकी नकल करना काफी मुश्किल है। फिर भी ऐसा नहीं हुआ, जाली नोटों की समस्या अभी बनी हुई है। आरबीआई के अनुसार वर्ष 2016 से वर्ष 2023 के बीच बाजार में नकली नोटों की संख्या करीब 10.7 प्रतिशत बढ़ गई है। नोटबंदी के बाद से अब तक जितने भी जाली नोट पकड़े गए हैं, उनमें करीब 60 प्रतिशत 2000 रुपए के नोट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 2000 रुपए के नोट को वर्ष 2019 के बाद से ही छापना बंद कर दिया था। यदि हम आंकड़ों की ओर देखें तो पाते हैं कि देश में 31 मार्च 2018 को 6.73 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 2000 रुपए के नोट प्रचलन में थे, जो कि देश में प्रचलन के कुल नोटों का 37.3 फीसदी थे। अब मई 2023 को यह हिस्सेदारी घटकर करीब 3.62 लाख करोड़ रुपए है जो कि प्रचलन में नोटों का 10.8 प्रतिशत ही रह गई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि एक ओर 2016 में नोटबंदी के बाद डिजिटल पेमेंट में लगातार वृद्धि हुई, नोटबंदी के साथ बेहतर इंटरनेट की व्यवस्था और स्मार्टफोन के व्यापक विस्तार के साथ-साथ कोविड महामारी और डिजिटलीकरण से जीवन को आसान करने वाली सरकारी योजनाओं ने भी डिजिटल पेमेंट को बढ़ाया है। रिपोर्टों के मुताबिक अब वर्ष 2026 तक भारत में हर तीन में दो लेन-देन डिजिटल होंगे, वहीं दूसरी ओर नकदी पर लोगों की निर्भरता भी पहले से कहीं ज्यादा हो गई है। देश में नोटबंदी से पहले करीब 17.74 लाख करोड़ रुपए की मुद्रा चलन में थी, जो अब बढक़र करीब 32.42 लाख करोड़ रुपए हो गई है। स्पष्ट है देश में नोटबंदी के साढ़े छह साल बाद भी नकदी का भरपूर उपयोग जारी है। यदि हम 23 मई से 2000 रुपए के नोट वापस लिए जाने के निर्णय के लागू होने के बाद से जून 2023 तक के परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि एक ओर वर्ष 2016 में नोटबंदी के समय की अफरा-तफरी से सीख लेते हुए बैंकों ने इस बार 2000 रुपए के नोट बदलने और जमा करने की पुख्ता तैयारी की है। 23 मई से देश के कोने-कोने में बैंक विशेष काउंटकर लगाकर नोट बदल रहे हैं। यदि हम बाजार की ओर देखें तो पाते हैं कि 2000 रुपए के नोट वापस लेने के फैसले के बाद रियल एस्टेट और सोने जैसी महंगी चीजों की मांग बढ़ी है। ज्वेलर्स की दुकानों पर लोग अपने 2000 के नोट को गहनों में इन्वेस्ट कर रहे हैं। इस फैसले का कुछ बुरा असर कृषि और निर्माण जैसे छोटे व्यवसायों पर पड़ा है। इसके अलावा ऐसे क्षेत्र जहां आज भी डिजिटल ट्रांजेक्शन के मुकाबले ज्यादा लोग नकदी का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें भी कुछ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यदि हम मौद्रिक नीति की ओर देखें तो पाते हैं कि 2000 रुपए का नोट वापस लिया जाना बहुत बड़ी घटना नहीं है और इससे मौद्रिक नीति पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। पिछले 6-7 सालों में देश में डिजिटल लेन-देन और ई-कॉमर्स का दायरा काफी बढ़ गया है। 2000 का नोट वापस मंगाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले से अर्थव्यवस्था पर भी कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि ऐसे वापस हुए नोटों के स्थान पर उसी कीमत के कम मूल्यवर्ग के नोट जारी किए जा रहे हैं। इसलिए धन प्रवाह पर प्रभाव नहीं पड़ रहा है। प्रणालीगत भुगतान पर प्रभाव की संभावना नहीं है क्योंकि बड़े पैमाने पर इन नोटों का उपयोग दैनिक भुगतानों में नहीं किया जाता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि 2000 रुपए के नोटो की वापसी डिजिटल लेनदेनों को बढ़ाएगी। वित्तीय सेवाओं के वैश्विक विस्तार, महामारी से लॉकडाउन के कारण भौतिक भुगतान पर नियंत्रण हुआ और वित्तीय समावेशन में वृद्धि हुई है। इससे डिजिटल भुगतान में भारी वृद्धि हुई है। ऐसे में 2000 रुपए के नोट वापस होने से देश तेजी से डिजिटलीकरण और अनुपालन संचालन की डगर पर आगे बढ़ेगा। चूंकि भारत एक आधिकारिक आभासी मुद्रा, डिजिटल रुपए की घोषणा करने वाला प्रमुख देश है और अब चीनी डिजिटल मुद्रा युआन की तरह भारत के डिजिटल रुपए के भी तेजी से आगे बढने की संभावनाएं उभरकर सामने आएंगी। हम उम्मीद करें कि 23 मई से जिस तरह संतोषप्रद तरीके से 2000 रुपए के नोटों की वापसी हो रही है, वह सितंबर 23 तक संतोषप्रद बनी रहेगी। जिस तरह 80 फीसदी से अधिक लोग अपने 2000 रुपए के नोटों को बैंकों में जमा कराने का विकल्प चुन रहे हैं, उससे बैंकों में नकदी बढ़ेगी और उससे उद्योग-कारोबार तथा अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।

# लहू की जगह रगों में दौड़ती ड्रग्स

> आज हम नशे के उस स्याह दौर में पहुंच गए हैं, जहां मां-बाप को अपने बच्चों के पठन-पाठन से पहले इस बात की चिंता खाए जा रही है कि कहीं उनके बच्चे नशे का ग्रास तो नहीं बन रहे। हमारे आधुनिक, सभ्य व उन्मुक्त होते समाज की एक काली सच्चाई यह भी है कि यद्यपि नशामुक्ति अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर गली, हर कूचे, हर सडक़, हर स्कूल, हर कॉलेज में नारे बुलंद किए जा रहे हैं, तथापि हमारा समाज नशायुक्त होता जा रहा है। अर्थात ज्यों ज्यों मर्ज की दवा कर रहे हैं, त्यों त्यों मर्ज बढ़ता ही जा रहा है। युवा वर्ग ही नहीं, बल्कि अब छोटे बच्चे भी इसकी जद में हैं। ड्रग्स का जहर स्कूलों में पढ़ रहे मासूमों की रगों व सांसों तक पहुंच रहा है। ऐसा होने लगा है कि छात्र शिक्षा के मंदिर में प्रवेश से पहले नशे का कश खींच कर या घूंट गटक कर आते हैं। कौन जाने कब मौका पाते ही पढ़ाई के दौरान भी नशा करते हों। रोजाना फिक्र यह कि किस बस्ते में और किस जेब में धूम्रदण्डिका या नशे की पुडिया मिल जाए।

**जैसे** चींटियां चीनी को चाट-चाट कर चट कर जाती हैं, वैसे ही चिट्टे जैसे मादक पदार्थ भी देश की नई पीढ़ी को चाट कर चट कर रहे हैं। ड्रग्स के सेवन व इससे जुड़े आपराधिक मामले भयावह हैं। ये समझने के लिए अब आंकडों की भी जरूरत नहीं क्योंकि जो कुछ रोजाना हो रहा है, उससे यह बात आसानी से समझी जा सकती है कि स्थिति कितनी खतरनाक है। जिन चिरागों से घर को रौशनी की उम्मीद होती है, ऐसे कई चिराग ड्रग्स की झोंक में गुल हो चुके हैं, कई गुल होने की राह पर हैं और न जाने कितने गुल होकर रहेंगे। आज हम नशे के उस स्याह दौर में पहुंच गए हैं, जहां मां-बाप को अपने बच्चों के पठन-पाठन से पहले इस बात की चिंता खाए जा रही है कि कहीं उनके बच्चे नशे का ग्रास तो नहीं बन रहे। हमारे आधुनिक, सभ्य व उन्मुक्त होते समाज की एक काली सच्चाई यह भी है कि यद्यपि नशामुक्ति अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर गली, हर कूचे, हर सडक़, हर स्कूल, हर कॉलेज में नारे बुलंद किए जा रहे हैं, तथापि हमारा



समाज नशायुक्त होता जा रहा है। अर्थात ज्यों ज्यों मर्ज की दवा कर रहे हैं, त्यों त्यों मर्ज बढ़ता ही जा रहा है। युवा वर्ग ही नहीं, बल्कि अब छोटे बच्चे भी इसकी जद में हैं। ड्रग्स का जहर स्कूलों में पढ़ रहे मासूमों की रगों व सांसों तक पहुंच रहा है। ऐसा होने लगा है कि छात्र शिक्षा के मंदिर में प्रवेश से पहले नशे का कश खींच कर या घूंट गटक कर आते हैं। कौन जाने कब मौका पाते ही पढ़ाई के दौरान भी नशा करते हों। रोजाना फिक्र यह कि किस बस्ते में और किस जेब में धूम्रदण्डिका या नशे की पुडिया मिल जाए। टॉयलैट व वॉशरूम तक किस-किस का पीछा करें। आपको स्मरण होगा कि पिछले वर्ष मंडी जिले के करसोग उपमंडल के एक स्कूल में 13 वर्षीय छात्रा चरस के नशे में स्कूल पहुंच गई थी। उम्र 13 वर्ष और छात्रा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं कि आधुनिकता व स्वछंदता की ताल पर थिरकते व डगमागाते कदम देश को किस ओर ले जा रहे हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत आने वाले अपराधों में हिमाचल पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। चरस के इस्तेमाल में देवभूमि देश में चौथे स्थान पर है। एक सर्वे के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में लगभग दो लाख युवा ड्रग्ज की की चपेट में हैं। ध्यातव्य है कि कोरोना काल के लॉकडाउन के बावजूद इन मामलों में कोई कमी दर्ज नहीं की गई। नशे की जब लत पड़ जाती है, तब अक्ल का ठौर ठिकाना नहीं रहता। मदिरा, खैनी, गुटका तो आज आम बात हो गए है, परंतु अब चरस और चिट्टा प्रलय नृत्य कर रहे हैं। चिट्टे के लिए नशेड़ी अपने ही घर से चोरी कर लेते हैं और पिता को मजबूरन थाने में शिकायत करनी पड़ती है। जब नशे से आत्महत्या, हत्या, चोरी व अन्य आपराधिक वारदातें आम होने लगे तो समझो समाज, प्रांत व राष्ट्र खतरे में हैं। निःसंदेह सरकार और कानून ड्रग्स के विरुद्ध प्रयासरत हैं, परंतु यहां माता-पिता, अध्यापकों और कुल मिला कर समाज का दायित्व महत्वपूर्ण है। नशाखोरी केवल कानून से जुड़ा सवाल नहीं, बल्कि सामाजिक माहौल की परिणति है। ये किसी से छुपा नहीं है कि विवाह व अन्य समारोहों में सार्वजनिक रूप से मदिरापान करने वालों की काफी खातिरदारी की जाती है। बड़े शौक से उन्हें मदिरा, बीड़ी-सिगरेट, चना-नमकीन परोसे जाते हैं। बस यहीं से शुरुआत होती है क्योंकि अद्भुत चीज समझ कर काफी सारे बच्चे नशे की ओर आकृष्ट हो जाते हैं। नशे के इस खुल्लम खुल्ला परोस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। खुद नशे से दूर रह कर हम अपने बच्चों के लिए आदर्श बन सकते हैं। अपने मुख से उगलते सिगरेट के लच्छों के बीच बच्चों को नशे से दूर रहने की सीख कितनी कारगर सिद्ध हो सकती है? देखने में आता है कि स्कूलों के टॉयलैट्स में विद्यार्थी नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। अतः इन जगहों के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे तैनात किए जाने चाहिए। नशे में संलिप्त छात्रों की काउंसिलिंग होनी चाहिए और अगर वे नहीं सुधरते तो उन्हें किसी डिएडिक्शन कैंप में भेज देना चाहिए अन्यथा वह अपने साथ और अन्य बच्चों को भी इस गर्त में धकेल देगा। कई बार देखा गया है कि बच्चे घर से तो स्कूल आते हैं, परन्तु विद्यालय नहीं पहुंचते। वे नशे का सेवन करने के लिए किसी सुनसान या टूटी-फूटी इमारतों का सहारा लेकर घंटों वहां पड़े रहते हैं। इसका पता न स्कूल को होता है न अभिभावकों को। अतः स्कूल प्रबंधन को अनिवार्य रूप से छात्रों की अनुपस्थिति की सूचना अभिभावकों को देनी चाहिए। उधर माता-पिता को भी चाहिए कि अपने बच्चों की दिन भर की गतिविधियों पर नजर रखें। उसके बस्ते और जेबों को जरूर टटोलें। महाविद्यालयों व विद्यालयों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान मादक पदार्थों के सेवन की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इन प्रतियोगिताओं के दौरान नशे के सेवन पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता है। ड्रग्स की तस्करी के काले धंधे के खिलाफ हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड की सरकारों को सांझे तौर पर सजगता से काम करने की आवश्यकता है।

## देश दुनीया से

# म्यूजियम में प्रभु

**मौजूदा** दौर में कनफ्यूज होना दरअसल हमारी संगति और असंगति का असर नहीं है, बल्कि इसके फायदे देखकर हम अक्सर ऐसी स्थिति खुद ही ग्रहण कर लेते हैं। हम कनफ्यूजड रह कर भी कई बार बड़े काम कर लेते हैं। मसलन हम जिस पड़ोसी पर भरोसा करते हैं, उसको लेकर भी कनफ्यूजड रहते हैं और जिसे रिश्तों में अपना मान चुके होते हैं, वहां भी कनफ्यूजड होते हैं। हम खाएं या न खाएं, कितना खाएं या कहां न खाएं, इसे लेकर भी कनफ्यूजड हैं, इसलिए अधिकतर लोग ऐसी उलझन में ईमानदार घोषित होने लगे हैं। वैसे भी ईमानदारी और नैतिकता के चक्कर में कनफ्यूजड होना लाजिमी है, इसलिए जो अपनी ही उलझनों के शिकार हैं, वे थक-हार कर इस देश के सामने ईमानदार बने ही रह जाते हैं। हम करें भी तो क्या करें। चारों तरफ देश की तरक्की कई बार कनफ्यूज कर देती है, तो कई बार अदालती फैसलों के सही होने पर उलझन बढ़ जाती है। कमोबेश हर आदमी उलझनों से बचने के लिए भगवान की शरण तलाश रहा है, लेकिन ईश्वर पाने को लेकर सबसे ज्यादा कनफ्यूजड ऐसे लोग हैं जिन्हें तरक्की के लिए न पूजा और न ही परिश्रम चाहिए। उनके लिए भगवान तो वे खुद ही हैं, क्योंकि जो वे कमा रहे हैं, इसके लिए भगवान तो कतई जिम्मेदार नहीं हो सकता। ऐसे लोग या जो लोग अपनी सफलता का ताज खुद पहनना जान गए, वे दरअसल नंबर वन हैं। उलझन से मुक्त होने के लिए नंबर वन होना जरूरी हो जाता है। हर नंबर वन के पीछे सफलता का राज यही है कि वे कनफ्यूज नहीं हुए। इसलिए शराब भी अब बिकती है नंबर वन बनकर। राजनीतिक रैलियां नंबर बन बनकर जो दिखा रही हैं, वहां मतदाता चिंतन इसलिए नहीं करता कि कहीं कनफ्यूजन न हो जाए। जिस तरह देश में धार्मिक ज्ञान बढ़ा है या ऐसे विषयों में वांछित फिल्में आ रही हैं, देवता कनफ्यूजड हैं।

> हर नंबर वन के पीछे सफलता का राज यही है कि वे कनफ्यूज नहीं हुए। इसलिए शराब भी अब बिकती है नंबर वन बनकर। राजनीतिक रैलियां नंबर बन बनकर जो दिखा रही हैं, वहां मतदाता चिंतन इसलिए नहीं करता कि कहीं कनफ्यूजन न हो जाए। जिस तरह देश में धार्मिक ज्ञान बढ़ा है या ऐसे विषयों में वांछित फिल्में आ रही हैं, देवता कनफ्यूजड हैं। अचानक पूजा रूम में आराध्य प्रभु कनफ्यूजड दिखे। मैंने सोचा मेरी भक्ति से प्रभु कहीं उलझन में न पड़ गए हों, क्योंकि मैं किसलिए आराधना कर रहा हूं, इसी उलझन में रहा हूं। जैसे समाज, देश और जेब चल रही है, हर वक्त भक्ति की शक्ति में सुबह से शाम प्रभु पर ही तो सारा दारोमदार है।

अचानक पूजा रूम में आराध्य प्रभु कनफ्यूजड दिखे। मैंने सोचा मेरी भक्ति से प्रभु कहीं उलझन में न पड़ गए हों, क्योंकि मैं किसलिए आराधना कर रहा हूं, इसी उलझन में रहा हूं। जैसे समाज, देश और जेब चल रही है, हर वक्त भक्ति की शक्ति में सुबह से शाम प्रभु पर ही तो सारा दारोमदार है। बेटा नंबर वन नौकरी, तो बेटी नंबर वन पति मांग रही है। नंबर वन की रेस में लगभग टूट चुकी पत्नी को अब भी उम्मीद है कि उसकी ही पूजा नंबर वन है, इसलिए प्रभु के नाम पर घंटी बजा रही है। प्रभु यह सोच कर विचलित हैं कि वह नंबर वन आशीर्वाद हमें दे देंगे, तो फिर जहां भव्य मंदिर बन रहे हैं, वहां के लिए क्या बचा पाएंगे। उधर प्रभु को हालिया सालों में एक नई कैटेगिरी को नंबर वन आशीर्वाद देने का दबाव बढ़ता जा रहा है। भगवान भी अपनी नंबर वन की ब्रांडिंग से प्रसन्न हैं और चाहते हैं कि ऐसी फिल्में अगर बनें तो उन्हें नंबर वन की सफलता भी दिलाएं, लेकिन फिल्म वाले जिस तीव्रता से इनकी संख्या बढ़ा रहे हैं या धन कमाने के फार्मूले लगा रहे हैं, उससे भगवान कनफ्यूजड हैं। एक फिल्म को अपने नाम की सफलता देते हैं, तो दूसरी तैयार हो जाती है। भगवान इस उलझन में भी हैं कि उनसे ज्यादा फिल्म निर्माता अपना अपना अवतार बदल रहे हैं, तो उन्हें भी आखिर कितनी बार भेष बदलना पड़ेगा। प्रभु तब से गुस्से में हैं जबसे उन्होंने देखा है कि वाहनों के पीछे उनकी तस्वीर कितने आक्रोश में है। मैंने कहा, 'प्रभु आप हमारी तरह रहें, गुस्से में न आएं। जनता नहीं चाहती कि आप नंबर वन की रेस में हमें छोडक़र नंबर वन मतदाता, पार्टी या सरकार के पास चले जाएं।' प्रभु दुखी हुए कि क्यों कोई उन्हें बजरंग बलि पुकार कर, तो कोई आदि पुरुष दिखा कर घसीट रहा है। मैंने कहा, 'भगवन! हम आम नागरिकों को घिसटने की आदत है और आपके नाम पर हम यह करते रहे हैं और आगे भी कर सकते हैं।' इस पर कनफ्यूजड प्रभु को अब यह समझ नहीं आ रहा था कि वह आइंदा किस मंदिर या किस फिल्म में रहें। अंततः उन्होंने मेरे कान में कहा, 'डर यह है कि नंबर वन लोग कहीं सुरक्षा की दृष्टि से मुझे किसी म्यूजियम में न छोड़ आएं। कल मेरे नाम पर म्यूजियम बन गए तो मेरे भक्त कहां जाएंगे।'

## नागरिक बोध

# रूस यूक्रेन की लंबी जंग दोनों देशों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

**रूस** दुनिया मे शक्तिशाली देश के रूप में शुमार है। अमेरिका के नाम की चर्चा होती है, उस दौरान रूस का भी जिक्र होता है। अमरीका और रूस विश्व में शक्तिशाली देश के नाम से जाने जाते है। रूस यूक्रेन दोनों देश खंडहर में तब्दील होते जा रहे है। रूस की दुनिया मे भरपेट निंदा की जा रही है। तो दूसरी तरफ आर्थिक संकट से जूझ रहे यूक्रेन का बखान किया जा रहा है। हाइराइज इमारते धुंए और राख होती जा रही है। दोनों देशों के बीच खरबो रुपए का नुकसान की संभावना है। परन्तु इस नुकसान की भरपाई करने के लिए दांतो तले चना चबाने जैसा है।।रूस यूक्रेन जंग दोनों देशो की प्रतिष्ठा का युद्ध हो गया है। यूक्रेन के व्लादिमीर जेलेन्सकी ने कहा था कि हम बीच मे शरणागत होने वाले में से नही है। हजारो सैनिको की शहीदी और खरबो रुपए की देनदारियां बढ़ने से रूस और यूक्रेन की राह आसान नही रही है। पुतिन की जिद्द रूस के लिए खतरनाक तो है ही, परन्तु यूक्रेन के लिए भी इतनी ही कठिन डगर है। रूस की ताकत और पुतिन की जिद्द ने यूक्रेन के कई शहरो पर कब्जा करना और जानमाल की क्षति से उभर पाना बहुत मुश्किल है। रूस के पास कच्चे तेल की आय के स्त्रोत है। विमान और सैन्य उपकरणों की भरमार है परंतु युद्ध अकूत धन संपति को बर्बाद कर सकता है। यूक्रेन के पास एक महीना जंग लड़ने की क्षमता नही है। लेकिन नाटो देशो की मदद से व्लादिमीर जेलेन्सकी युद्ध मे खड़े रहने की हिमत जुटा पाए है। अमेरिका यूक्रेन के लिए बांया हाथ है। उधर, पुतिन ने निजी सेना पर ही आशंका जताई है। अलबत्ता, रूस में गृहयुद्ध की आशंका है। जिन लड़ाके को यूक्रेन भेजा गया था। वे बागी होने की खबर से रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भृकुटि तन गई है। उन्होंने कहा कि वफादार लड़ाके समझकर भेजे थे, लेकिन उन्होंने मेरी पीठ में छुरा भोंका है। इनको कतई बक्शा नही जाएगा। इस तरह से दुःखी होकर पुतिन ने अपनी व्यथा सुनाई। यूक्रेन की बहादुरी पर दुनिया नाज कर रही है। यूक्रेन नाटो की मदद से अभी तक युद्ध में टिका हुआ है। रूसी शहरो में मार्शल लॉ लागू किया गया है। रूस के घटनाक्रम पर जी 7 देशो की नजर है। रूस को रास्ट्रपति बदलने पर उतारू है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की जिद्द के आगे दोनों देश दिवालिया हो गए है। पुतिन की जिद के कारण 16 महीने की जंग से आर्थिक संकट और दुनिया मे मन्दी के बादलमंडरा रहे है। पुतिन को सब्र करके युद्ध विराम की घोषणा कर सुकून की सांस लेनी चाहिए, क्योंकि युद्ध जितने वाला भी युद्ध हारता है। उसकी विनाशकारी चित्रण आँखों से कभी ओझल नही होता है। युद्ध समस्या का सामाधान नही है।




# देशभर में 500 नो किड्स जोन बंद करने की मांग: शांति देने के इरादे से कैफे-रेस्त्रां में बच्चों पर पाबंदी, इससे लोग बच्चे नहीं पैदा कर रहे

**सियोल।**
दक्षिण कोरिया दुनिया की सबसे कम जन्म दर वाला देश है। सरकार महिलाओं को अधिक बच्चों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 16 सालों में 16 लाख करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है, लेकिन हाल के सालों में नो-किड्स जोन तेजी से लोकप्रिय हो गए हैं। इसका उद्देश्य वयस्कों को शांत माहौल देना है। अकेले जेजू द्वीप पर 80 ऐसे क्षेत्र हैं, जहां कैफे-रेस्त्रां आदि में बच्चों के प्रवेश पर पाबंदी है। देशभर में ऐसे जोन की संख्या 500 से अधिक है। हैंकूक रिसर्च के सर्वे के मुताबिक 2021 में 10 में से 7 लोग ऐसे जोन के पक्ष में थे, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि राय बदल रही है। हाल के दिनों में बेसिक इनकम पार्टी की सदस्य और मां योंग हाई-इन की बदौलत ऐसे जोन के खिलाफ विरोध में तेजी आई है। योंग हाल ही में नेशनल असेंबली की बैठक में दो साल के बच्चे के साथ पहुंचीं, जहां बच्चों को अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ रोजमर्रा की जिंदगी आसान नहीं है। हमारे समाज को ऐसे समाज के रूप में पुनर्जन्म लेना चाहिए जहां बच्चे भी हों। जेजू द्वीप के ऐसे जोन को अवैध करार देने के उद्देश्य से संसद में बिल पर बहस हो रही है। ऐसे जोन को संविधान की भावना के विपरीत बताया जा रहा है।

### 2012 में शुरू हुआ नो किड्स जोन

कोरियाई संस्कृति की विशेषज्ञ प्रोफेसर बोनी टिलैंड कहती हैं कि 'नो किड्स जोन' की शुरुआत 2012 की एक घटना से हुई, जिसमें एक रेस्तरां में एक बच्चा झुलस गया। इस घटना ने हलचल मचा दी, जब बच्चे की मां ने रेस्त्रां को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, कैमरे के फुटेज आने के बाद जनता का मूड बदलना शुरू हो गया, जिसमें हादसे से पहले बच्चा इधर-उधर भाग रहा था। कई लोग बच्चे पर लगाम न लगाने के लिए मां को दोषी ठहराने लगे। कोरिया में पहले से ही 'मॉम-चूंग' जैसे अपमानित शब्द उन महिलाओं के लिए हैं, जो दूसरों की उपेक्षा करके सिर्फ अपने बच्चों की परवाह करती हैं। इसके बाद नो किड्स जोन की बाढ़ आ गई। इसने लोगों को बच्चे पैदा न करने के लिए प्रोत्साहित किया। यहां शांति के हक को इस कदर स्वीकारा गया है कि माता-पिता भी इन क्षेत्रों को सही मानते हैं। 2 साल के बच्चे की मां ली यी कहती हैं- ऐसे माता-पिता को ढूंढ़ना मुश्किल नहीं है जो बच्चों पर नियंत्रण नहीं रखते, जिससे दूसरों को दिक्कत होती है। अब यहां नो-टीनएजर जोन और नो-सीनियर जोन भी बन रहे हैं। बड़ी संख्या में नो-मिडिल-एज जोन भी बन गए हैं। सियोल में एक रेस्तरां 49 साल से ज्यादा उम्र के लोगों पर पाबंदी लगाने के बाद लोकप्रिय हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### केन्या के दो गांवों में हुए हमले, पांच लोगों की मौत; घर फूंकने के बाद खाने की चीजें लेकर भागे विद्रोही



**नायरोबी।** केन्या में हमलावरों ने दो गांवों में हमला कर दिया। दक्षिण पूर्व केन्या के दोनों गांवों में हुए हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक मृतक स्कूली छात्र था। पुलिस ने बताया कि सोमालिया सीमा से लगे लामू काउंटी के जुहुदी और सलामा गांव में हमलावरों ने घरों को जला दिया। कई संपत्तियां भी नष्ट कर दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने रविवार को हमला किया था। इस दौरान उन्होंने 60 साल के एक व्यक्ति को रस्सी से बांध दिया। उसका घर जला दिया। उन्होंने इसी तरह बाकी तीनों की भी हत्या कर दी। वहीं एक व्यक्ति को गोली मार दी गई। गांव के निवासी हसन अब्दुल ने घटना के बारे में बताया कि हमलावरों ने महिलाओं को घर के अंदर बंद कर दिया था। इसके बाद वह पुरुषों को अपने साथ बाहर लाए। यहां उन्होंने उन्हें रस्सी से बांधकर मार डाला। उन्होंने कुछ लोगों के सिर भी काट दिए थे। गांव के ही एक दूसरे व्यक्ति इस्माइल हुसैन ने बताया कि हत्या के बाद जाते वक्त उन्होंने हवाई फायरिंग की और खाद्य पदार्थ लूट कर अपने साथ ले गए। एक अधिकारी ने बताया कि लामू काउंटी सोमालिया के साथ सीमा साझा करता है। अल-शबाब संगठन के लड़ाके केन्या पर दबाव बनाने के लिए अकसर हमले करते हैं। वह केन्या पर दबाव डालते हैं कि वह सोमालिया से अपनी सेना वापस बुला ले। दरअसल, केन्या ने अल-कायदा से निपटने के लिए 2011 में पहली बार अपनी सेना सोमालिया भेजी थी। इसके बाद से केन्या की सेना अफ्रीकी संघ के सैन्य अभियान के तहत काम कर रही है। हालांकि, केन्या के जवाबी हमलों से सोमालिया कई बार आहत हुआ है। 2013 में नैरोबी के वेस्टगेट मॉल में हुए खूनी घेराबंदी में 67 लोगों की जान चली गई थी। वहीं, 2015 में गरिसा विश्वविद्यालय में हुए हमले में 148 लोग मारे गए थे।

### टेक्सास एयरपोर्ट पर हुआ दर्दनाक हादसा, विमान के इंजन में फंसने से कर्मचारी की मौत

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दरअसल एक यात्री विमान के इंजन में फंसने से एयरपोर्ट के एक कर्मचारी की जान चली गई। घटना टेक्सास के सेन एंटोनियो एयरपोर्ट की है।



खबर के अनुसार, 23 जून को रात करीब 10.25 बजे यह हादसा हुआ। फिलहाल एयरपोर्ट अथॉरिटी हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट बीती 23 जून को लॉस एंजेलेस से टेक्सास के सेन एंटोनियो एयरपोर्ट पहुंची थी। यात्री विमान का एक इंजन चालू था। उसी दौरान ग्राउंट स्टाफ का एक व्यक्ति इंजन के पास पहुंचा तो ताकतवर इंजन के दबाव से इंजन में फंस गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने घटना की पुष्टि की है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने कहा है कि वह अटलांटा बेस्ड एयरलाइंस डेल्टा एयरलाइंस के संपर्क में हैं। डेल्टा एयरलाइंस ने भी हादसे पर दुख जताया है और मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। बताया जा रहा है कि मृतक यूनिफाई एविएशन का कर्मचारी था। यूनिफाई एविएशन का कई एयरलाइंस के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और यह कंपनी विभिन्न एयरलाइंस को ग्राउंड ऑपरेशन हैंडल करने में मदद करती है। कंपनी ने हादसे पर दुख जताया है और कहा है कि वह कर्मचारियों की सुरक्षा पर ज्यादा फोकस करेगी। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि किन परिस्थितियों में यह दर्दनाक हादसा हुआ। बता दें कि एयरपोर्ट पर कर्मचारियों के मरने की यह पहली घटना नहीं है।

### रूस में बगावत के बीच बाइडन-जेलेंस्की ने की चर्चा, यूक्रेन को समर्थन जारी रखने का किया एलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्टपति जो बाइडन और यूक्रेनी राष्टपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस में मौजूदा हालातों को लेकर आपस में बात की है। साथ ही अमेरिका- यूक्रेन के बीच रक्षा सहयोग के विस्तार पर चर्चा हुई। गौरतलब है, रूस-यूक्रेन युद्ध को डेढ़ साल से ज्यादा समय हो गया है। सभी देश इस युद्ध को रोकने के लिए अपने-अपने पैतरे आजमा चुके हैं, लेकिन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा। वहीं, अब रूस में उसकी निजी सेना ने ही विद्रोह छेड़ दिया है। इन्हीं सभी मामलों पर बाइडन और जेलेंस्की ने एक दूसरे से बात की। व्हाइट हाउस ने रविवार को बताया कि दोनों नेताओं ने रूस में हालिया घटनाओं के साथ-साथ यूक्रेन के चल रहे जवाबी हमले पर चर्चा की। इस दौरान अमेरिकी राष्टपति ने जेलेंस्की को विश्वास जताया कि उनका समर्थन जारी रहेगा।

## रूस ने सीरिया पर हवाई हमला किया, 9 की मौत

# मरने वालों में 2 बच्चे भी ; सीरिया ने कहा- यह नरसंहार जैसा

**मास्को।**
रूस ने उत्तर पश्चिमी सीरिया के विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर हवाई हमला किया। इसमें दो बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हमला इदलिब प्रांत के जिस्र अल-शुघुर शहर के मार्केट और जबल अल जाविया इलाके में हुआ।

सीरिया ने इस हमले को नरसंहार के बराबर बताया है। वहीं, जिस्र अल-शुघुर शहर के घटनास्थल पर मौजूद 35 साल के मजदूर साद फातो ने बताया कि हमले के दौरान उन्होंने लोगों की जान बचाने में मदद की।

उन्होंने कहा- रूसियों ने हम लोगों पर गोले बरसाए। हमले के वक्त मैं बाजार में गाड़ी से टमाटर और खीरे उतार रहा था। हमले की बाद की तस्वीर को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। लोगों की मदद करने की वजह से मेरे हाथों में अभी तक खून लगा है।

रिपोर्टर ने घटनास्थल से काले धुएं का गुबार उठता देखा। कुछ ही देर में एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाने का काम शुरू हुआ।

### साल का सबसे घातक हमला

ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के चीफ रामी अब्देल रहमान ने कहा कि ये इस साल सीरिया में रूस का सबसे घातक हमला है, जो नरसंहार के बराबर है। उन्होंने बताया कि पिछले हफ्ते भी रूस की ओर से किए गए एक ड्रोन हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई थी।

सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने रविवार शाम एक बयान जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमा और लताकिया प्रांत में कई लोग मारे गए हैं।

### रूस ने 23 जून के हमले का बदला लिया

दरअसल, 23 जून को करदाहा शहर पर विद्रोहियों ने हमला कर दिया था। ये शहर रूस के हमीमिम एयर बेस के पास है और सीरियाई प्रेसिडेंट बशर-अल-असद का पैतृक शहर है। रूस सीरियाई प्रेसिडेंट का सपोर्ट करता है। माना जा रहा है कि 23 जून को हुए हमला का जवाब देते हुए रूस ने इदलिब प्रांत के शहरों पर हमला किया है।



### सीरिया गृह युद्ध में रूस और तुर्किये की अहम भूमिका रही है।

सीरिया में पिछले 12 सालों के गृह युद्ध चल रहा है। 2011 में जब अरब क्रांति की चिंगारी सीरिया तक पहुंची, तो वहां लोगों ने बशर-अल-असद की तानाशाही के खिलाफ आवाज बुलंद करना शुरू कर दिया था। विद्रोहियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिए थे। हिंसा बढ़ने लगी थी। इसके बाद 2015 में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद की मदद के लिए उनके विद्रोही गुटों के खिलाफ रूसी सेना को भेजा था।

2016 में सीरिया गृह युद्ध में तुर्किये की डायरेक्ट एंट्री हुई। दरअसल, गृह युद्ध की शुरुआत से ही तुर्किये, सीरिया सरकार की निंदा कर रहा था। लेकिन 2016 में सीरिया के विद्रोहियों का सपोर्ट करते हुए तुर्किये ने अपनी सेना को सीरिया भेज दिया। 5 साल पहले रूस और तुर्किये ने मध्यस्थता करते हुए इदलिब शहर के आस-पास वाले इलाके को बफर जोन बना दिया। हाल ही में जिन शहरों पर रूस ने हमला किया उन्हें रूस ने ही विद्रोहियों के कब्जे से छीना था। यहां से विस्थापित हुए करीब 40 लाख लोगों की वापसी भी रूस ने ही करवाई थी। लेकिन यहां तुर्किये सेना की मौजूद के चलते विद्रोही अपना सिर उठाते रहते हैं। सीरिया और रूस दोनों ही विद्रोहियों को दबाना चाहते हैं। इसके लिए सीरिया ने इन शहरों में मौजूद तुर्किये आर्मी की वापसी की मांग की थी। इसको लेकर सीरिया ने रूस की मदद से तुर्किये सरकार से बातचीत की थी। हालांकि तुर्किये नहीं माना जिस वजह से विवाद बढ़ता जा रहा है।

# न्यूजीलैंड के पीएम चीन दौरे पर ले गए दो विमान! अब अपने देश में ही उड़ रहा मजाक



**वेलिंगटन।**
न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस रविवार को चीन दौरे पर बीजिंग के लिए रवाना हुए। हालांकि उनका यह दौरा एक अजीब वजह के चलते दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल क्रिस हिपकिंस चीन दौरे पर एयरफोर्स के दो विमान लेकर गए हैं। इनमें से एक विमान में प्रधानमंत्री और अन्य लोग सवार थे तो दूसरा विमान बैकअप के लिए भेजा गया। अब इसे लेकर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री अपने ही देश में आलोचकों के निशाने पर आ गए हैं।

### बैकअप के लिए ले गए दो विमान

बता दें कि न्यूजीलैंड के पीएम न्यूजीलैंड एयरफोर्स के बोइंग 757 विमान से चीन दौरे पर गए हैं। न्यूजीलैंड एयरफोर्स के बेड़े के ये विमान 30 साल पुराने हैं और अपने इस्तेमाल की अवधि लगभग पूरी कर चुके हैं। 2028-30 में इन विमानों को बदला जाना है। यही वजह है कि अक्सर इन विमानों में तकनीकी खराबी आ जाती है। चीन दौरे पर जाते हुए भी विमान में तकनीकी खराबी की वजह से कोई परेशानी ना हो, इसी वजह से एक विमान को बैकअप के तौर पर ले जाया गया। हालांकि इस फैसले को लेकर न्यूजीलैंड के पीएम लोगों के निशाने पर आ गए हैं। चीन, न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। साथ ही क्रिस हिपकिंस के साथ कई कंपनियों के शीर्ष अधिकारी भी चीन दौरे पर गए हैं ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाया जा सके। ऐसे में क्रिस नहीं चाहते थे कि उनके इस अहम दौरे में किसी तरह का व्यवधान हो लेकिन दो विमान चीन दौरे पर ले जाने के लिए विपक्षी पार्टियां क्रिस हिपकिंस की आलोचना कर रही हैं।

### घर में ही उड़ रहा मजाक

न्यूजीलैंड की लिबरटेरियन एसीटी पार्टी के नेता डेविड सेमर ने पीएम के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि एक अतिरिक्त विमान इतनी कार्बन डाइ ऑक्साइड छोड़ेगा कि वह एक फोर्ड रेंजर से न्यूजीलैंड के 606 चक्कर लगाने के बराबर होगी। सेमर ने कहा कि कुछ लोग यात्रा के दौरान मोबाइल चार्जर एक्स्ट्रा लेकर जाते हैं लेकिन प्रधानमंत्री तो विमान ही अतिरिक्त साथ ले गए। वहीं पुराने विमानों की वजह से न्यूजीलैंड की एयरफोर्स का भी मजाक उड़ रहा है।

# होंडुरास में और खतरनाक हुई हिंसा : एक रात में 20 से अधिक मौतें, राष्ट्रपति ने कर्फ्यू लगाने का किया एलान

**तेगुसिगाल्पा।**
मध्य अमेरिका में स्थित देश होंडुरास में हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। अलग-अलग हमलों में रात भर में 20 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसी को देखते हुए सरकार ने दो उत्तरी शहरों में रविवार को कर्फ्यू लगाने का फैसला लिया। एडगार्डो बरहोना ने बताया कि हथियारों से लैस लोगों ने शनिवार रात उत्तरी विनिर्माण शहर चोलोमा के पड़ोस में एक बिलियर्ड्स हॉल में गोलीबारी की। इसमें जहां 13 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि शनिवार को सैन पेड्रो सुले के औद्योगिक शहर सहित उत्तरी वैले डे सुला क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 11 अन्य लोगों की जान चली गई। राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने शहर में बढ़ती हिंसा को लेकर तुरंत कर्फ्यू लगाने का एलान किया। चोलोमा में तुरंत प्रभाव से रात 9 बजे से सुबह 4 बजे के बीच 15 दिनों के कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। वहीं, सैन पेड्रो सुला में कर्फ्यू 4 जुलाई से प्रभावी होगा। कास्त्रो ने कहा हिंसा पर काबू पाने के लिए कई अभियान, छापे, कब्जे और नाकाबंदी की गई हैं। साथ ही चोलोमा में हत्याओं के जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने में मदद के लिए 32,707 डॉलर का नकद इनाम की घोषणा की है। बता दें,



आपसी युद्धों से निपटने के लिए दिसंबर से होंडुरास के कुछ हिस्सों में आंशिक आपातकाल लागू है। सुरक्षा मंत्री गुस्तावो सांचेज ने रविवार को बाद में घोषणा की कि सरकार आने वाले दिनों में हिंसा फैलाने वाले लोगों को आतंकवादी करार करने के लिए कांग्रेस को एक प्रस्ताव भेजेगी। सांचेज ने कहा कि हालात को काबू करने के लिए एक हजार से अधिक पुलिस और सेना को सुला घाटी में भेजा जा रहा है। बता दें, सुला घाटी में चोलोमा और सैन पेड्रो सुल स्थित हैं। गौरतलब है, होंडुरास के एक महिला कारागार में हाल ही में हुए दंगे में कम से कम 41 महिलाओं की मौत हो गई थी। होंडुरास की राष्ट्रीय पुलिस जांच एजेंसी ने बताया था कि तेगुसिगाल्पा के उत्तर-पश्चिम में करीब 50 किलोमीटर पर स्थित तमारा के महिला कारागार में दंगे और हिंसा हुई। अधिकतर महिलाओं की मौत झुलसने के कारण हुई।

# महिलाओं-बच्चों के लिए नर्क बना पाकिस्तान, चार महीने में हिंसा के 900 मामले दर्ज हुए

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान की सिंध प्रांत की पुलिस में महिलाओं-बच्चों के खिलाफ हिंसा के 900 मामले दर्ज हुए हैं। बता दें कि ये चार महीने के आंकड़े हैं। सोशल डेवलेपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह आंकड़ा और भी ज्यादा हो सकता है क्योंकि पाकिस्तान में बड़ी संख्या में सामाजिक कारणों से ऐसे मामले पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज भी नहीं होते।

### महिलाओं-बच्चों के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़े

रिपोर्ट के अनुसार, एक जनवरी से 30 अप्रैल के बीच में पाकिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के 771 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से अपहरण के 529 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं घरेलू हिंसा के 119 मामले दर्ज हुए हैं। साथ ही 56 मामले दुष्कर्म और 37 मामले ऑनर किलिंग के दर्ज किए गए। सिंध प्रांत में कराची सेंट्रल, हैदराबाद और कियामेरी जिले महिलाओं के खिलाफ हिंसा के हॉट स्पॉट बनकर उभरे हैं। इस दौरान पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ हिंसा के भी 142 मामले दर्ज हुए हैं। जिनमें से यौन शोषण के 67 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं 41 बच्चों का अपहरण हुआ है। 16 मामले बाल विवाह और 14




मामले बाल श्रम से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार और न्यायपालिका को इस तरफ तुरंत ध्यान देने की जरूरत है ताकि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### बच्चों के साथ दुष्कर्म के मामले भी बढ़े

पाकिस्तान के सियालकोट जिले के नारोवाल इलाके में एक पिता पर अपनी ही बेटी के साथ दुष्कर्म के अपराध में फांसी की सजा सुनाई गई थी। 21 जून 2022 में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अदालत ने दोषी पर जुर्माना भी लगाया था। इसी तरह पाकिस्तान के हैदराबाद के बाहरी इलाके में भी एक 13 साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला सामने आया था। घटना का आरोपी पुलिस की हिरासत में है और मामले की जांच चल रही है।

## रूस में डेढ़ दिन चला विद्रोह खत्म

# अब वैगनर समूह का क्या होगा, इसका यूक्रेन युद्ध पर कितना असर

**मास्को।**
रूस में डेढ़ दिन चला विद्रोह खत्म हो गया है। यह बगावत रूस की निजी सेना वैगनर ने की थी। अब वैगनर समूह के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने अपने सैनिकों को मॉस्को तक अपना मार्च रोकने और यूक्रेन में अपने फील्ड शिविरों में लौटने का आदेश दिया है। प्रिगोझिन बेलारूस के लिए रवाना होगा। दूसरी उसके खिलाफ आपराधिक मामला वापस लिया जाएगा। क्रेमलिन ने कहा कि रक्तपात, आंतरिक टकराव और अप्रत्याशित परिणामों वाले संघर्ष से बचना सबसे बड़ा लक्ष्य था।

हालांकि, इस विद्रोह ने रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के ताकतवर व अजेय होने के मिथक को तोड़ दिया है। इसके साथ ही इसने यूक्रेन में जंग छेड़ने की उनकी क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में जानना जरूरी है कि रूस में आखिर क्या हुआ विद्रोह कैसे शुरू हुआ पुतिन ने कैसे जवाब दिया वैगनर के पास अब क्या विकल्प हैं क्या विद्रोह का यूक्रेन युद्ध पर असर पड़ सकता है

**रूस में आखिर क्या हुआ** - रूस की निजी सेना वैगनर समूह के मुखिया प्रिगोझिन ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तक कई संदेश जारी किए। इसमें प्रिगोझिन ने दावा किया कि वह और उसके सैनिक दक्षिणी रूसी शहर रोस्तोव में प्रवेश कर गए हैं और सैन्य स्थलों पर नियंत्रण कर लिया है। इसके बाद निजी सेना ने मॉस्को पर मार्च करने की धमकी दी थी, लेकिन फिर प्रिगोझिन ने अचानक अपने कदम वापस खींचने का एलान कर दिया।

**विद्रोह कैसे शुरू हुआ** - दरअसल, कई महीनों से रूसी सेना के शीर्ष अधिकारियों और प्रिगोझिन के बीच सत्ता संघर्ष चल रहा है। प्रिगोझिन पूर्वी यूक्रेन में अपने सैनिकों की मौत के लिए रूसी सेना को जिम्मेदार ठहरा रहे है। उसने बार-बार उन पर अपनी निजी सेना को पर्याप्त रूप



से सुसज्जित करने में विफल रहने और वैगनर द्वारा जीती गई जीतों को अपनी सफलता का दावा करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को प्रिगोझिन का गुस्सा खुलकर सामने आया, जब उसने मॉस्को के सैन्य नेतृत्व पर वैगनर शिविरों पर हमले का आदेश देने का आरोप लगाया। वैगनर मुखिया ने कहा कि उन्हें रोकना होगा और अंजाम तक पहुंचाने की धमकी दी। बाद में उसने दावा किया कि उनकी सेना ने एक रूसी सैन्य हेलीकॉप्टर को मार गिराया है। कुछ घंटों बाद प्रिगोझिन ने कहा कि दक्षिणी रूस के रोस्तोव में उनके सैन्य स्थल कब्जे में हैं। कथित तौर पर निजी सैन्य बल राजधानी मॉस्को से लगभग 420 किलोमीटर दूर लिपेत्स्क क्षेत्र तक आगे आ गए, लेकिन अचानक प्रिगोझिन ने घोषणा की कि रक्तपात से बचने के लिए उसके सैनिक वापस लौट रहे हैं। उसके लड़ाके भी रोस्तोव से हटने लगे।

**पुतिन ने कैसी प्रतिक्रिया दी** - पुतिन ने वैगनर विद्रोह को रूस के लिए घातक खतरा बताया है और देश से एकजुट होने का आग्रह किया है। शनिवार की सुबह राष्ट्र को दिए एक सम्बोधन में पुतिन ने देशद्रोह की राह पर चलने वालों को दंडित करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि वैगनर का विश्वासघात हमारे देश और हमारे लोगों की पीठ में छुरा घोंपना था। उन्होंने समूह के कार्यों की तुलना 1917 की रूसी क्रांति से की, जिसने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जार निकोलस द्वितीय को उखाड़ फेंका था। उधर, मॉस्को और रोस्तोव और लिपेत्स्क जैसे कई क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई और राजधानी के दक्षिण में कलुगा क्षेत्र में यात्रा प्रतिबंध लगा दिए गए।

इस बीच पुतिन ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन और कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के नेताओं के साथ टेलीफोन पर बातचीत भी की। इसके साथ ही उन्होंने अपने सहयोगी, बेलारूस के नेता अलेक्जेंडर लुकाशेंको को भी फोन किया। लुकाशेंको ने बाद में घोषणा की कि उन्होंने वैगनर सेना के आंदोलन को रोकने और तनाव को कम करने के लिए प्रिगोझिन के साथ एक समझौते पर बातचीत की है। वैगनर की घोषणा के बाद पुतिन ने लुकाशेंको को धन्यवाद दिया।

# हर्ष देव सिंह जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद के गंभीर दावेदार : अंकित लव

**उधमपुर ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) के मुख्य संरक्षक अंकित लव ने गर्मी की लहर के बावजूद सप्ताहांत में उधमपुर में बहादुरीपूर्ण विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए जेकेएनपीपी के राज्य अध्यक्ष हर्ष देव सिंह की प्रशंसा की। लव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री बनने के लिए हर्ष देव सिंह अब तक के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति हैं। हर्ष देव वास्तव में अपने दिल की गहराई से लोगों की परवाह करते हैं, और पूरे जम्मू-कश्मीर में न्याय और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अपने प्रयास में निडर रहे हैं। हर्ष देव ने शनिवार को उधमपुर की सड़कों और बाजारों में सैकड़ों जेकेएनपीपी सदस्यों का नेतृत्व किया। चिलचिलाती गर्मी के बावजूद, उन्होंने सरकार की बढ़ती विफलताओं के खिलाफ पूरे जोश के साथ नारा लगाया। जुलूस पीएचई विभाग और बिजली विभाग के कार्यालय पर रुका। जहां हर्ष देव ने व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों का सामना किया और उन्हें प्रदर्शनकारियों की व्यक्तिगत शिकायतें सुनाई। इसमें ग्रामीण बिजली कटौती और बिना कोई बिजली कनेक्शन प्राप्त किए, बिजली के उपयोग के लिए बिल भेजा जाना शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने जिले के दूरदराज के गांवों में पानी की आपूर्ति पहुंचाने में विफलता की ओर भी ध्यान दिलाया। विरोध प्रदर्शन का समापन डिप्टी कमिश्नर सचिन कुमार वैश्य द्वारा की गई एक अनौपचारिक बैठक के साथ हुआ, जिन्होंने भारी पुलिस गार्ड होने के बावजूद, हर्ष देव का सम्मानपूर्वक स्वागत किया और डीसी सचिवालय असेंबली हॉल के अंदर 150 से अधिक प्रदर्शनकारियों की मेजबानी की। करीब एक घंटे तक चली बैठक में जनता की मांगों से संबंधित एक ज्ञापन डीसी वैश्य को सौंपा गया। हर्ष देव और सचिन कुमार वैश्य ने बैठक की सह. अध्यक्षता की, जिससे जेकेएनपीपी विरोध प्रदर्शन के सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से बोलने और अपनी शिकायतों पर चर्चा करने की अनुमति मिली। डीसी वैश्य पूरे उधमपुर शहर में, विशेषकर देविका घाटों पर बेहतर सीवरेज, आवारा कुत्तों के लिए स्थान और कूड़े का संग्रहण, गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने और जनजागरूकता अभियान चलाने की संभावना पर सहमत जताई। उन्होंने हरिद्वार के एक नेत्रहीन व्यक्ति की पेंशन भुगतान में तेजी लाने पर भी सहमति व्यक्त की, जिसमें 6 महीने से अधिक की देरी हो गई थी। वैश्य ने अधिक स्थायी बस मार्ग जोड़ने, मनरेगा भुगतान फॉर्म 2017 के बैंक लॉग को साफ करने, ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों को तैनात करने, भोजन राशन वितरण में मुद्दों को हल करने और उधमपुर से घोरडी पहाड़ी सड़क में खतरनाक अंतराल की मरम्मत और निर्माण में तेजी लाने की पेशकश की। लव ने कहा कि केवल हर्ष देव सिंह के पास, बिना निर्वाचित विधानसभा के भी, परिणाम देने की क्षमता और अनुभव है। उन्होंने विधायक के रूप में 18 वर्षों से अधिक समय तक सेवा की है और शिक्षा मंत्री के रूप में अपने दूरदर्शी कार्यकाल के दौरान केवल तीन वर्षों में 11,000 से अधिक नए स्कूल बनाए, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। अब कोई कारण नहीं है कि पैंथर्स पार्टी वास्तव में इतनी सीटें नहीं जीत सकती कि वह फिर से गठबंधन सरकार का सदस्य बन सके। लव ने उम्मीद जताई कि इस बार इस बात की गंभीर संभावना है कि गठबंधन सरकार के कम से कम पहले दो वर्षों के लिए हर्ष देव सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा और पहला मुख्यमंत्री उधमपुर से होगा। इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर भी प्रतिक्रियाएं आ रही है।

# 2024 के चुनावों में विपक्ष भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा: अभय चौटाला



**फतेहाबाद ( हिंस )।** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि देश में मोदी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। देश का विपक्ष एकजुट होकर 2024 के चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। इस महागठबंधन की शुरुआत पूर्व सीएम औमप्रकाश चौटाला द्वारा ही फतेहाबाद रैली से की गई थी। वे सोमवार को फतेहाबाद में अरोड़वंश धर्मशाला में आयोजित शहरी सभा को संबोधित करने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में सोमवार को हरियाणा परिवर्तन यात्रा गांव मानावाली से शुरू हुई, जोकि भोडियाखेड़ा होते हुए फतेहाबाद शहर पहुंची। फतेहाबाद में भट्टू रोड पर पंजाबी अस्पताल के पास इनेलो कार्यकर्ताओं व शहरी की विभिन्न संस्थाओं द्वारा यात्रा का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा लाल बत्ती चौक, फव्वारा चौक होते हुए अरोड़वंश धर्मशाला पहुंची जहां अभय सिंह चौटाला ने शहरी सभा को संबोधित किया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा कि देश में एनडीए अब टूटने लगा है। महागठबंधन को लेकर पहली बैठक हो चुकी है। आगामी समय में होने वाली बैठकों में आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। लोकसभा चुनावों से 2-3 महीने पहले पूरी पिक्कर क्लीयर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के अनेक राजनैतिक दलों में आपसी मतभेद है लेकिन अब समय आ गया है कि इन सभी दलों को अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर और मतभेदों को भुलाकर एक साथ आना होगा, तभी भाजपा को सत्ता से बाहर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन को लेकर आगे होने वाली बैठक में इस पर चर्चा होगी कि आने वाले 5 सालों में कैसे सरकार चलानी है, कैसे लोगों की भावनाओं पर खरा उतरना है। इस महागठबंधन के आगे भाजपा कहीं ठहर नहीं पाएगी। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हर साल उपलब्धि बताने की बजाय अब 9 साल बाद जब चुनाव नजदीक आए तो भाजपा के नेता मैदान में आए हैं। चुनाव में भाजपा हर बार की तरह इस बार भी हिंदू कार्ड खेलने की कोशिश करेगी।

# आईएएस अनुराग वर्मा होंगे पंजाब के मुख्य सचिव



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने सोमवार को वरिष्ठ आईएएस अनुराग वर्मा को प्रदेश का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। अनुराग वर्मा इस समय पंजाब में गृह एवं न्याय विभाग, विधि एवं विधायी मामले, उद्योग विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव है। प्रदेश के वर्तमान मुख्य सचिव वीके जंजुआ 30 जून को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। अनुराग वर्मा उनका स्थान लेंगे। इस संबंध में सरकार ने आज अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान मुख्य सचिव वीके जंजुआ का कार्यकाल बढ़ने की चर्चा थी, लेकिन सरकार ने एक्सटेंशन नहीं दी है। जंजुआ ने पंजाब लोक सेवा आयोग में अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है। इस बारे में अभी तक सर्च कमेटी ने कोई फैसला नहीं लिया है। पंजाब सरकार ने सोमवार को एक आदेश जारी करके पीएसपीसीएल तथा पीएसटीसीएल के निदेशकों की नियुक्तियां कर दी हैं। सरकार ने जसवीर सिंह को पीएसपीसीएल का निदेशक, जबकि नेम चंद को पीएसटीसीएल का निदेशक बनाया है।

# वैश्य समाज राष्ट्रहित व जनहित में कार्य कर रहा है : बजरंग गर्ग

**सोनीपत ( हिंस )।** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा है कि वैश्य समाज राष्ट्रहित व जनहित में कार्य कर रहा है। अग्रोहा धाम देश का पांचवां धाम है, जिसके साथ देश के नागरिकों की आस्था जुड़ी हुई है। हर रोज हजारों लोग परिवार सहित दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी देश में पहले ऐसे राजा हुए जिन्होंने हर गरीब व जरूरतमंद को ऊंचा उठाने के लिए एक ईट एक मुद्रा देने की परंपरा लागू की थी। समाजवाद को बढ़ावा दिया और छोटे व बड़े की दूरियों को खत्म करने की सार्थक पहल की। जीव हत्या पर रोक लगाई।

# पंजाब में तहसील कार्यालयों का होगा पुनर्निमाण, सरकार ने जारी किए 99 करोड़ रुपए

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के अलग-अलग जिलों में नए तहसील कांप्लेक्स बनाने के लिए और कई तहसीलों, सब-तहसीलों के दफ्तरों को अपग्रेड करने के लिए मुख्य मंत्री भगवंत मान की मंजूरी के बाद 99.60 करोड़ रुपए जारी किए गए है। पंजाब के राजस्व मंत्री ब्रमशंकर जिम्पा ने सोमवार को बताया कि आम लोगों की सुविधा के लिए और माल विभाग के काम को और सुचारू करने के लिए मुख्य मंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने कई तहसीलम, सब-तहसील दफ्तरों के नए निर्माण के लिए पहलकदमी की है। उन्होंने कहा कि कई दफ्तर पुरानी और खस्ता हाल इमारतों में चल रहे थे और कई स्थानों पर सुविधाओं की कमी थी। इन दफ्तरों को बनाने के लिए 99.60 करोड़ रुपए जारी किए गए है। जिम्पा ने बताया कि होशियारपुर जिले के हाजीपुर तहसील कांप्लेक्स के लिए 2.52 करोड़ रुपए जारी किए गए है। इससे बठिंडा जिले की तीन सब तहसीलों



गोनियाना, नथाना और बालियांवाली के कांप्लेक्स के निर्माण के लिए क्रमश: 1.04 करोड़ रुपए, 1.47 करोड़ रुपए और 1.42 करोड़ रुपए जारी किए गए है। तलवंडी साबो के तहसील कांप्लेक्स के निर्माण के लिए 5.98 करोड़ रुपए दिए गए है। जिम्पा ने बताया कि फरीदकोट जिले के जैतो में तहसील कांप्लेक्स के पहले फ्लोर के निर्माण और ग्राउंड फ्लोर की मरम्मत के लिए 98.98 लाख रुपए जारी किए गए है। जिला फतेहगढ़ साहिब में बस्सी पठाणां में नई इमारत के निर्माण के लिए 8.61 करोड़ रुपए जारी किए गए है। अबोहर में नई इमारत के निर्माण के लिए 3.50 करोड़ रुपए , जबकि गुरू हरसहाय की नई इमारत के लिए 6.19 करोड़ रुपए दिए गए है। इसी तरह कलानौर, सुल्तानपुर लोधी, फगवाड़ा और माछीवाड़ा में नई इमारतों के लिए क्रमश: 6.60 करोड़, 5.50 करोड़, 5.98 करोड़ और 44.96 लाख रुपए जारी किए गए है। उन्होंने आगे बताया कि मालेरकोटला जिले के अहमदगढ़ और अमरगढ़ में बनने वाले नए कांप्लेक्सों के लिए 9.42 करोड़ और 6.69 करोड़ रुपए जारी किए गए है। मोगा और समालसर सब तहसीलों की इमारतों के निर्माण के लिए 1.71 करोड़ रुपए , जबकि पटियाला के दूधन साधा तहसील कांप्लेक्स के लिए 5.38 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। माल मंत्री के बताया कि चमकौर साहिब, चीमा (संगरूर), दिड़बा और बनूज में बनने वाली नई इमारतों के लिए क्रमश: 5.14 करोड़, 4.31 करोड़, 10.68 करोड़ और 3.05 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके है। इनमें से चीमा और दिड़बा तहसील कांप्लेक्सों का नींव पत्थर मुख्य मंत्री भगवंत मान ने मई, 2023 में रखा था। जिम्पा ने बताया कि इस राशि के अलावा मुख्य मंत्री भगवंत मान ने 70.76 करोड़ रुपए और जारी करने की मंजूरी दे दी है। इस राशि के जारी होने के बाद होशियारपुर में भी नया तहसील कांप्लेक्स बनना शुरू हो जाएगा। इसके लिए 6.52 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके इलावा पंजाब के कई जिलों की तहसीलों, सब-तहसीलों जैसे फरीदकोट, समाना, फिल्लौर, शाहकोट, कपूरथला, नकोदर, बटाला, रूपनगर, दीनानगर, मुक्तसर साहिब, जालंधर, पठानकोट आदि की नुहार भी संवारी जाएगी।

# हिंदू संगठनों के आह्वान पर झालावाड़ जिला रहा बंद

**झालावाड़ ( हिंस )।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के आह्वान पर सोमवार को झालावाड़ जिला बंद रहा। जिले में चौमहला में हिंदू संगठन के पदाधिकारी लक्ष्मण सिंह झाला को गिरफ्तार करने के विरोध में सोमवार को सम्पूर्ण झालावाड़ जिला स्वैच्छिक बंद का आह्वान किया गया था। शहर में मंगलपुरा, सीमेंट रोड ,मोटर गैराज, बसस्टैंड, मामा भानेज चौराया, सुमेत समेत अन्य इलाकों में इमरजेंसी सेवा को छोड़कर दुकानें बंद रही। घटना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए झालावाड़ शहर में जगह जगह अतिरिक्त जाब्ता लगाया गया है। फिलहाल शांतिपूर्ण बंद रहा। इस दौरान बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के संगठन के पदाधिकारी शहर में बंद का जायजा ले रहे थे। मूर्ति चौराहे पहुंचने पर यहां खुली दुकान को लेकर संगठन के पदाधिकारियों और दुकानदार में कहासुनी हो गई। दुकान वाले का कहना था कि जब स्वैच्छिक बंद है तो फिर बंद के लिए जबरदस्ती क्यों। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस अधिकारियों और जाब्ते ने स्थिति को संभाला और बंद करने वालों को रवाना किया। इसी बीच एडिशनल एसपी चिरंजीलाल मीणा, झालावाड़ डिप्टी मुकुल शर्मा, कोतवाल महावीर सिंह यादव, समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों के थानाधिकारियों ने स्थिति को संभाला। डग, चौहमला क्षेत्र में एक दिन पूर्व हिंदू संगठनों के आह्वान पर बंद हो चुका है।

# गुरु रविदास, संत कबीरदास एवं महर्षि वाल्मीकि चौक निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन

**जींद ( हिंस )।** अनुसूचित समाज के लोगों ने सोमवार को गुरू रविदास, संत कबीरदास एवं महर्षि वाल्मीकि चौकों के निर्माण की मांग को लेकर शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी लोगों ने लघु सचिवालय पहुंच कर मांगों को लेकर ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीसी डॉ. मनोज कुमार को सौंपा। इससे पहले समाज के लोगों ने रानी तालाब स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। धरने की अध्यक्षता करते हुए रोशनलाल दुग्गल ने काह कि एक तरफ तो भाजपा कहती है कि धानक समाज के 95 प्रतिशत लोग उनके साथ हैं लेकिन जब कामों की बात आती है तो फिर उनके काम शुन्य प्रतिशत भी नहीं किए जाते हैं। सरकार चाहे कांग्रेस की रही हो, चाहे भाजपा-जजपा की रही हो, सभी ने अनुसूचित जाति समाज को बांटने का काम किया है लेकिन समाज के लोग अब इन राजनीतिक पार्टियों के इस विघटनकारी षड्यंत्र को अच्छी तरह से समझ गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संत शिरोमणी गुरू रविदास, संत कबीर दास एवं महर्षि वाल्मीकि की जयंतियां सरकारी स्तर पर मनाकर अनुसूचित जाति के लोगों को बरगलाने का काम कर रही है, जबकि सरकार इन महापुरूषों के नाम पर घोषित चौक, चौराहों का निर्माण करने में आना-कानी कर रही है। जींद में संत कबीर दास व गुरू रविदास के नाम से चौंक के निर्माण लिए दो साल पहले ही सरकार की तरफ से 25-25 लाख रुपए की अनुदान राशि मंजूर की जा चुकी है। लेकिन तरह-तरह के कारणों का हवाला देकर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर वे स्थानीय भाजपा विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा से लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन सिवाए आश्वासनों के उन्हें कुछ नहीं मिला है। रोशन दुग्गल ने कहा कि जींद में गोहाना रोड टी प्वायंट पर धीगंड़ा चौक बनाने की बात आई तो न किसी ने धरना दिया न किसी ने प्रदर्शन दिया। रातों-रात धींगड़ा चौक बन भी गया। विधायक ने उसका उद्घाटन भी किया। इससे साफ जाहिर है कि उनके साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि रोहतक रोड सीआरएसयू मोड़ पर सरकार द्वारा स्वीकृत संत कबीर चौक व भिवानी रोड बाईपास पर गुरू रविदास चौक का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

# जमीनी विवाद में हुआ खूनी संघर्ष दो लोगों की मौत

**अलवर ( हिंस )।** जिले के नोगावा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। विवाद में एक ही परिवार के दो जनों की मौत हो गई। दोनों मृतक चचेरे भाई बताए जा रहे हैं। घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को ग्रामीणों की एमडी से नोगवां हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। वही थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस ने घटना को सूचना के बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार इस हमले में नौगांवा निवासी मंगतू (45) व ब्रेजेश उर्फ बिरजी (40) की मौत हो गई। दोनों ही पक्ष एक ही गांव के ही रहने वाले है। दोनों पक्षों में जमीन पर बने मंदिर को लेकर काफी पुराना विवाद चल रहा था। जो आज खूनी संघर्ष में बदल गया। घायल परिवार के लोगों ने बताया कि उनकी गांव में ही जमीन है, जो पूर्वजों की है। खेत में चबूतरा और मंदिर बना हुआ है। दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे पहले तोड़ दिया था। जिसका मामला कोर्ट में भी चल रहा है। सोमवार को एक पक्ष के बड़ी संख्या में लोग लाठी फारसी डंडे तलवार और हथियार लेकर अचानक से खेत में आ गए और खेत जोतने लगे।

# बकरीद 29 जून को : जयपुर शहर में कई जगह सज रहे बकरों के बाजार



**जयपुर ( हिंस )।** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद 29 जून को मनाई जाएगी। जयपुर शहर में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है और चैनपुरा और ईदगाह पर कुर्बानी के लिए बकरों के बाजार लग गए है। जानकारी अनुसार ईद उल अजहा के दिन सुबह मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद देकर कुर्बानी का दौर शुरू करेंगे। ईद उल अजहा के दिन सुबह मुस्लिम समाज के लोग राजधानी में ईदगाह पहुंचेंगे और सामूहिक रूप से बकरीद की नमाज अदा करेंगे। इसके बाद नमाजी एक-दूसरे के गले लगकर बकरीद की मुबारक देंगे। इसके बाद कुर्बानी का दौर शुरू होगा। आदर्श नगर निवासी सलीम कुरैशी ने बताया कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए मुस्लिम समाजबंधु बकरे खरीदते हैं। रोजाना लगभग एक बकरे पर एक हजार से लेकर पंद्रह सौ रुपए का बड़, लौंग और चिल्ली, पांच सौ रुपए के जौ, चना गेहूं समेत अन्य सामान मिलाकर तीन हजार रुपए का खर्चा किया जाता है। जितना खूबसूरत और तंदुरुस्त बकरा होता है, उसकी कीमत भी उतनी ही अधिक होती है। सबसे अधिक मेवाती और तोतापरी बकरों की मांग है,जिनकी कीमत आठ से बारह हजार से शुरू है।

# नशे में डूब रहे पंजाब को बचाने की जरूरत : अनुराग ठाकुर

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** केंद्रीय खेल, युवा सेवाएं एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पंजाब में फैले नशे पर चोट करते हुए कहा है कि एक समय पंजाब खेलों में अव्वल था, लेकिन अब नशे में डूबता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लाने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। अनुराग ठाकुर सोमवार को जालंधर में बीएसएफ फ्रंटियर परिसर में बनाए गए हॉकी के सिंथेटिक ग्राउंड का उद्घाटन करने के के बाद जवानों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार खेलों को बढ़ावा



देने के लिए नए-नए तरीके ईजाद कर रही है। नई-नई योजनाओं को लागू किया रहा रहा है, ताकि युवाओं को खेलों से जोड़ा जा सके। अनुराग ठाकुर ने बीएसएफ मुख्यालय में नए टर्फ पर हॉकी भी खेली। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए लगातार भारत सरकार काम कर रही है। बीएसएफ हॉकी टर्फ ग्राउंड भी खेलो इंडिया के तहत भारत सरकार ने बनवाया है। उन्होंने कहा कि खेलों में सेना का भी बड़ा योगदान रहा है। सेना ने कई महान खिलाड़ी दिए हैं। जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है। भारत सरकार की सोच है कि ज्यादा से ज्यादा खेलों को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि नौजवान पीढ़ी नशे से दूर रहे।

# खराब मौसम के चलते इंडिगो की फ्लाइट दो बार पाकिस्तान एयर स्पेस में घुसी




**चंडीगढ़ ( हिंस )।** खराब मौसम की वजह से इंडिगो की श्रीनगर-जम्मू फ्लाइट 6ई-2124 रविवार को पाकिस्तान एयर स्पेस में दो बार घुस गई। इसके बाद फ्लाइट की अमृतसर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इंडिगो फ्लाइट का पाकिस्तान एयर स्पेस में दाखिल होने का दो हफ्तों में यह दूसरा मामला है। ताजा घटना रविवार दोपहर की है, जब श्रीनगर से इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-2124 ने जम्मू के लिए उड़ान भरी थी। 28 मिनट के बाद यह फ्लाइट मौसम खराब होने के कारण जम्मू-कश्मीर के कोटे जमैल के रास्ते पाकिस्तान में दाखिल हुई। तकरीबन 5 मिनट तक यह फ्लाइट पाकिस्तान एयर स्पेस में रही और सियालकोट होते हुए जम्मू की तरफ बढ़ गई। जम्मू में भी खराब मौसम था। इसके कारण यह वहां भी लैंड नहीं कर सकी। इसके बाद फ्लाइट ने अमृतसर का रुख किया। शाम करीब 4:15 बजे यह फ्लाइट दोबारा पाकिस्तान सीमा में दाखिल हुई। जम्मू-कश्मीर के कड़ियाल कलां से दाखिल यह फ्लाइट शाम करीब 4.25 बजे अमृतसर में अजनाला के कक्कड़ गांव के निकट भारतीय सीमा में लौटी। इसके बाद फ्लाइट की अमृतसर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई।

# जयपुर-सीकर समेत 18 जिलों में बारिश, कोटा में पांच इंच से ज्यादा बरसात

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में मानसून के आने के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। बीती रात से सोमवार सुबह तक उदयपुर, कोटा, बीकानेर, जयपुर संभाग के 18 से ज्यादा जिलों में पांच इंच तक पानी बरसा। राजधानी में भी सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 4-5 दिन राज्य के अधिकांश जगहों पर अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है। इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान के कोटा, भरतपुर संभाग के जिलों में 27 से लेकर 29 जून तक कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान जताते हुए यहां के जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, बिजली गिरने से अब तक चार लोगों की मौत भी हो चुकी है। इनमें से पाली-चित्तौड़गढ़ में एक-एक और बारां में दो की मौत हो गई। राजस्थान के 35 फीसदी से ज्यादा क्षेत्र में मानसून सक्रिय हो चुका है। प्री-मानसून और बिपरजॉय चक्रवात के चलते पहले ही 28 फीसदी बारिश हो चुकी है। मौसम केंद्र नई दिल्ली ने इस सीजन मानसून में सामान्य से 4-5 फीसदी कम बारिश का अनुमान जताया था, लेकिन शुरुआती डेटा इस बार पूर्वानुमान पर पानी फेरता दिख रहा है। मौसम केंद्र नई



दिल्ली से जारी मानसून के फोरकास्ट में बारिश कम होने का अनुमान जताया था। इसके पीछे बड़ा कारण मानसून जुलाई तक पश्चिमी प्रशांत महासागर में अल नीनो की कंडीशन का बनना माना था। राजस्थान में कल देर शाम से बरसात जारी है। कोटा, अलवर, श्रीगंगानगर में कुछ जगहों पर 100 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। सबसे ज्यादा बरसात कोटा के दर्रा एरिया में 132 (पांच इंच से ज्यादा) पानी बरसा। कोटा में ही गांधी सागर में 102, राजसमंद के के खमनोर में 98, सीकर के अजीतगढ़ में 73, उदयपुर के साईं डेम में 61, झुंझुनूं के सूरजगढ़ में 82, झालावाड़ के पचपहाड़ में 85, जयपुर के फुलेरा में 60, शाहपुरा में 54, हनुमानगढ़ के संगरिया में 58, टिब्बी में 52, श्रीगंगानगर में 109, जैतसर में 76, दौसा के बसवा में 60, मंडावर में 59, चित्तौड़गढ़ के भैसोड़गढ़ में 73, रावतभाटा में 58 और अलवर के कठूमर में 101, थानागाजी में 79 मिमी बरसात मापी गई है। जयपुर शहर में सोमवार को सांगानेर, टोंक रोड, एमआई रोड, गोपालपुरा, सोडाला समेत कई जगहों सुबह 11 बजे बाद हल्की बारिश हुई। इससे पहले रविवार देर शाम जयपुर के दिल्ली बाइपास पर शाहपुरा में 54, सांभर में 32, फुलेरा में 60, विराटनगर में 19 और रामगढ़ बांध में 18 मिमी बरसात हुई। कोटा संभाग के सबसे बड़े मातृ एवं शिशु रोग हॉस्पिटल जेके लोन की नई बिल्डिंग मानसून की पहली बारिश के कारण सोमवार को टपकने लगी। देर रात तेज बारिश के बाद बिल्डिंग की छत में पानी भर गया। निकासी नहीं होने पर आईपीडी के तीसरे फ्लोर पर बारिश का पानी आ गया। इस फ्लोर पर बच्चों का वार्ड बना है। बारिश का पानी गैलेरी व लिफ्ट में आ गया। आनन-फानन में बिल्डिंग की छत पर जाने वाले गेट का ताला खुलवाकर छत पर भरे पानी की निकासी करवाई गई। कोटा के रामगंज मंडी में लगातार मूसलाधार बारिश बनी हुई है। सीकर जिले के नीमकाथाना सहित कई ग्रामीण इलाकों में सोमवार सुबह से झमाझम बारिश का दौर जारी हैं। सुबह भी जमकर बदलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली हैं। बारिश के बाद मौसम भी खुशनुमा हो गया। ग्रामीण इलाकों में बारिश होने से पहाड़ों का पानी नदी-नालों तक पहुंचा है। साथ ही जोहड़ तालाब में भी पानी से लबालब हो गए हैं। अलवर जिले के बानसूर में भी सोमवार सुबह बारिश का दौर जारी है। सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं। कई जगह तेज बारिश भी हुई है। इससे पहले नारायणपुर में रविवार को 2 घंटे तेज बारिश हुई थी। इससे खेतों में पानी भर गया और नदी-नालों में पानी आया। झालावाड़ और इससे लगते मध्य प्रदेश के इलाकों में कल हुई तेज बारिश के बाद कालीसिंध नदी में पानी की आवक बढ़ गई। इससे झालवाड़ में बने कालीसिंध बांध का एक गेट 15 सेमी खोलकर 580 क्यूसेक पानी की निकासी की गई है। बहरोड़ सहित आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह से रिमझिम तो कभी तेज बारिश जारी है। निचले इलाकों के मकानों और दुकानों में बारिश का पानी घुस गया। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बहरोड़, नीमराना, बानसूर, मुंडावर शाहजहांपुर, मांढण और हरियाणा बॉर्डर से लगते हुए इलाकों में करीब 50 मिमी बारिश हो चुकी है। अभी भी इलाकों में बारिश का दौर लगातार चल रहा है। नागौर जिले के परबतसर क्षेत्र में सोमवार सुबह सवा घंटे मूसलाधार बारिश हुई। क्षेत्र के रिड़, पीह, बाजवास क्षेत्र में भी भारी बरसात हुई है।

# बिग बॉस से बाहर आते ही बरसे पुनीत

**-स्टेन को कहा-कीड़ा-मकौड़ा**



**मंबई (ईएमएस)।** अपनी हरकतों की वजह से सोशल मीडिया स्टार पुनीत कुमार उर्फ लॉर्ड पुनीत बिग बॉस ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जिस्के बाद अब पुनीत वीडियो शेयर कर अपना रिएक्शन दिया है। साथ ही एमसी स्टेन पर भी निशाना साधा है। पुनीत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें पुनीत बिग बॉस 16 के विनर एमसी स्टेन को कीड़े-मकौड़े कहते सुनाई दे रहे हैं। उन्होंने वीडियो में कहा- बिग बॉस जाए भाड़ की भट्टी में। मुझे किसी की जरुरत नहीं है। पुनीत सुपरस्टार था, स्टार है और स्टार रहेगा। मैं यह बताना चाहता हूं कि एमसी स्टैन तू कीड़े मकौड़, मुझे और मेरी कॉमेडी को ललकारता है। दरअसल, बिग बॉस ओटीटी 2 के प्रीमियर में एमसी स्टेन, सनी लियोनी और अजय जडेजा के साथ पेनलिस्ट बनकर आए थे। इन सभी ने कंटेस्टेंट्स से कुछ सवाल किए थे। जिसमें एमसी स्टेन ने पुनीत से सवाल करते हुए पुछा था कि- तुम्हारे कंटेंट को पब्लिक क्रिंज बोलती है, क्या बोलना है तुमको इस पर? पुनीत ने हां में जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें जो आता है, वह वही करते हैं। वह किसी की कॉपी नहीं करते हैं। तब स्टेन ने ये बोल दिया था कि उन्हें पुनीत का कंटेंट पसंद नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया स्टार पुनीत कुमार उर्फ लॉर्ड पुनीत किसी पहचान के मोहताज नहीं है। कॉमेडी वीडियो बना कर पुनीत सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। उन्होंने इससे अपनी ऐसी पहचान बनाई है कि इस बार उन्हें बिग बॉस ओटीटी 2 में आने का मौका मिला।

# बहुप्रतीक्षित पहला सिंगल गीत ना रेडी जारी

**-विजय के सिग्नेचर स्टेप ने मचाई धूम**




**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ के गायक थलपति विजय की लियो का बहुप्रतीक्षित पहला सिंगल गीत ना रेडी जारी कर दिया गया। थलापति विजय द्वारा गाया गया, अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा संगीतबद्ध यह गीत आपको डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर देगा। प्रोमो वीडियो और फर्स्ट लुक के साथ इंटरनेट पर धूम मचाने के बाद उनके जन्मदिन पर प्रशंसकों के लिए एक उपहार के रूप में पार्टी गीत जारी किया गया है। पहला एकल एक संपूर्ण जनगान का वादा करता है। अभिनेता का गायन और नृत्य प्रशंसकों के लिए एक बेहतरीन मनोरंजन है। वह भारी भीड़ के साथ मुंह में सिगरेट लेकर डांस करते नजर आ रहे हैं। यह गाना गाने की शूटिंग के दौरान सेट से बीटीएस क्षणों की झलक भी दिखाता है। लोकेश कनगराज ने लियो से विजय का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया। पोस्टर को बड़े पैमाने पर प्रतिक्रिया मिल रही है और प्रशंसक इसे विभिन्न कोणों से डिकोड करने में कामयाब रहे। पोस्टर में थलपति विजय को अपने उग्र, एक्शन-हीरो अवतार में दिखाया गया है, जो हाथ में खून से लथपथ स्लेजहैमर और जंगल में उसके पीछे एक भेड़िया के साथ एक हाई-वोल्टेज लड़ाई अनुक्रम का प्रदर्शन कर रहा है। पहला लुक वायरल हो गया, लेकिन दर्शकों ने इसकी तुलना लोकप्रिय एचबीओ श्रृंखला गेम ऑफ थ्रोन्स से की। प्रशंसकों ने यह साबित करने के लिए कुछ कनेक्शन भी डिकोड किए कि लियो लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा हैं। उम्मीद है कि दूसरा लुक पोस्टर आज जारी किया जाएगा। पहला लुक जहां बर्फ के बैकग्राउंड पर था, वहीं दूसरा पोस्टर आग की थीम पर बताया जा रहा है। वे फिल्म में नायिका के रूप में नजर आएंगी। लोकप्रिय बॉलीवुड स्टार संजय दत्त मुख्य खलनायक के रूप में लियो के साथ तमिल सिनेमा में पदार्पण करेंगे। लियो में इन सितारों के अतिरिक्त अभिनेता-निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन, मंसूर अली खान, अर्जुन दास और अन्य सहित एक शानदार स्टार कास्ट शामिल है। बताया जा रहा है कि कमल हासन और चियान विक्रम भी स्टार कास्ट का हिस्सा हैं।लियो को एक गैंगस्टर ड्रामा कहा जा रहा है, और यह एलसीयू उर्फ लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स से संबंधित है, जो निर्देशक लोकेश कनगराज द्वारा स्थापित एक्शन-क्राइम थ्रिलर यूनिवर्स है। बहुत लंबे अंतराल के बाद तृषा कृष्णन इस फिल्म में विजय के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी।

# वेदा में नजर आएंगे जॉन और शरवरी

**-मनोरंजक एक्शन से भरपूर रोमांचक होगी ये फिल्म**




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर जॉन अब्राहम पठान के बाद अब अपनी अगली फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ शरवरी नजर आएंगी। नई फिल्म वेदा के नाम से बन रही है। इससे पूर्व शरवरी आदित्य चोपड़ा की बंटी और बबली-2 में नजर आ चुकी हैं। वेदा का निर्माण जॉन अब्राहम के जेए एंटरटेनमेंट, जी स्टूडियो और एम्मे एंटरटेनमेंट मिलकर कर रहे हैं। फिल्म के निर्देशन की बागडोर अभिषेक बनर्जी के हाथों में हैं। निमार्ताओं ने कहा कि शरवरी की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म हाई-ऑक्टेन दृश्यों और मनोरंजक एक्शन से भरपूर एक रोमांचक अनुभव होगी। अब्राहम, जिनकी नवीनतम रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान थी, ने कहा कि वह इस परियोजना के लिए अपना सब कुछ देने के लिए उत्सुक हैं। ह्लयह दिलचस्प कहानी निश्चित रूप से आपके दिमाग पर एक छाप छोड़ेगी जैसा कि मेरे लिए किया था। अभिनेता-निमार्ता ने एक बयान में कहा, मैं यह भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। अब्राहम को शारवरी के मुख्य किरदार के लिए एक गुरु की भूमिका निभाने के लिए कहा जा रहा है। बंटी और बबली 2 के लिए मशहूर शरवरी ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें अपने करियर की शुरूआत में आडवाणी द्वारा निर्देशित किया गया। वेदा जैसी मुख्य भूमिका के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं। जॉन अब्राहम के साथ काम करना सौभाग्य की बात है और मुझे यकीन है कि इस यात्रा में मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। मैं एम्मे एंटरटेनमेंट की पूरी टीम से प्यार करती हूं और इस फिल्म के साथ मुझे रचनात्मक रूप से विकसित करने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं वेदा की शूटिंग को लेकर बेहद उत्साहित हूं। निमार्ता निखिल आडवाणी ने कहा कि वह और अब्राहम बाटला हाउस के बाद साथ काम करके खुश हैं।

# कपिल के शो में सत्यप्रेम की कथा के कलाकार की मस्ती



मशहूर एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक द कपिल शर्मा शो में सत्यप्रेम की कथा के कलाकारों कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी, गजराज राव, शिखा तल्सानिया, सिद्धार्थ रांदेरिया और अनुराधा पटेल के साथ नजर आई। उन्होंने सत्यप्रेम की कथा के सेट पर नए चेहरों के साथ काम करने के बारे में बात की और बताया कि उन्हें सेट पर अपनेपन का एहसास हुआ। फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए सुप्रिया ने कहा, किसी फिल्म की शुरूआत में, जब नए चेहरे एक साथ आते हैं, तो थोड़ा अजीब लगता है, लेकिन, समय के साथ, वे एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं और वे एक परिवार की तरह बन जाते हैं। जब शूटिंग खत्म होती है, तो यह वास्तव में सुकून भरा पल होता है। मुझे वास्तव में अपनेपन और आराम की भावना महसूस हुई, जैसे कि मैं सेट पर नहीं, बल्कि घर पर हूं। अनुराधा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने अपने जीवन में अब तक जो सबसे संतुष्टिदायक भूमिका निभाई है, वह एक मां की है। इसलिए, अगर कोई मुझसे मां का किरदार निभाने के लिए कहता है, तो मैं नायक या नायिका की उम्र पर भी विचार नहीं करती।

# सलमान के सेट पर दबंग 3 की एक्ट्रेस हेमा के साथ हुई बदसलूकी, गार्ड पर लगाया आरोप



**मुंबई (ईएमएस)।** हिंदी सिनेमा के फेमस एक्टर सलमान खान की फिल्म दबंग 3 की एक्ट्रेस हेमा शर्मा ने भाईजान के सिक्योरिटी गार्ड पर अपमानित करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस हेमा शर्मा, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हैं। उन्होंने सलमान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म दबंग 3 में काम भी किया है, लेकिन उन्हें भाईजान के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला। वह बस एक्टर से मिलना चाहती थीं और उनके साथ एक फोटो खिंचवाना चाहती थीं, लेकिन ऐसा हो न सका। साथ ही उन्हें सेट पर अपमानित भी किया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हेमा शर्मा ने साल 2019 में आई फिल्म दबंग 3 के सेट पर अपने साथ हुए अपमान पर बात की और कहा- मैं सलमान खान से मिलना चाहती थी। इसलिए मैं इस अवसर के लिए बहुत खुश और शुक्रगुजार थी, लेकिन सलमान खान के साथ सीन न होने के बाद मैं निराश हो गई थी। शूटिंग के बाद मैं सलमान खान से सिर्फ मिलना चाहती थी। एक्ट्रेस हेमा शर्मा ने कहा कि उन्होंन करीब 50 लोगों से सलमान खान से मिलने का चांस मांगा और फिर बिग बॉस में नजर आ चुके पंडित जनार्दन ने उनकी मदद की। हालांकि, इस दौरान उनके साथ मिसबिहैव हुआ। हेमा ने कहा कि उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया कि ऐसा होगा और हम सलमान खान से मिलने गए। मैं आपको बता नहीं सकती कि मेरे साथ कितना बुरा बर्ताव किया गया। मुझे कुत्ते की तरह बाहर निकाल दिया गया, सिर्फ इसलिए कि मैं उनके साथ एक तस्वीर क्लिक कराना चाहती थी। उनके साथ-साथ पंडित जनार्दन को भी अपमानित किया गया, साथ ही उन्हें धमकी दी गई कि सलमान के सेट पर उनकी एंट्री बैन कर दी जाएगी। हेमा ने आगे कहा कि मैं 100 लोगों की यूनिट के सामने अपमानित हुई, उनमें से कई लोगों को मैं पर्सनली जानती थी। उस घटना के बाद मैं 10 दिनों तक सो नहीं पाई। मैं बस सलमान से मिलना और एक फोटो खिंचवाना चाहती थी। वह उस जगह मौजूद नहीं थे, लेकिन वह वैनिटी में थे। उन्हें वहां आकर सिचुएशन को संभालना चाहिए था, लेकिन वह नहीं आए।

# एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर दूसरी बार बनीं मां



एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर दूसरी बार मां बन गई हैं। उनके घर एक नन्हा मेहमान आया है। नए मेहमान की झलक उन्होंने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ शेयर की है। ईशा कोप्पिकर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर की, जिसमें वह अपने बच्चे की अल्ट्रासोनोग्राफी की एक तस्वीर पकड़े नजर आ रही है। वीडियो में आगे वह अपना बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं और आखिर में परिवार के नए सदस्य को फैंस से रुबरू करवाती हैं और यह एक प्यारा डॉगी का बेबी है। इस दौरान ईशा की बेटी रिआना भी नजर आती हैं और नन्हें पप्पी को बड़े प्यार से अपनी बाहों में पकड़े दिखती हैं। इस वीडियो को शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, एक अच्छी खबर है, जो मैं आपसे छुपाती रही हूं, लेकिन मैं इसे अब और नहीं छिपा सकती। एक्ट्रेस का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स इस पर खूब रिएक्ट कर रहे हैं।

बता दें, ईशा कोप्पिकर ने 29 नवंबर 2009 को टिम्मी नारंग से शादी की थी और साल 2014 में प्यारी बेटी रियाना का स्वागत किया।

# सिद्धिविनायक मंदिर आशीर्वाद लेने पहुंची अवनीत



टीकू वेड्स शेरू की एक्ट्रेस अवनीत कौर फिल्म की सफलता के लिए आशीर्वाद लेने सिद्धि विनायक मंदिर पहुंची, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सामने आई तस्वीरों में नवाजुद्दीन संग बोल्ड सीन्स देने वाली अवनीत कौर का ट्रेडिशनल लुक देखने को मिल रहा है। इस दौरान वह स्काइब्लू कलर के फ्रॉक के साथ व्हाइट प्लाजो पहने नजर आ रही हैं, जिसके साथ उन्होंने व्हाइट कलर का दुपट्टा कैरी किया है। वहीं कई तस्वीरों में वह मंदिर के बाहर येलो कलर का शॉल लिए भी नजर आ रही हैं और कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज दे रही हैं। दर्शन के बाद वह माथे पर केसर तिलक लगाए खूबसूरत दिख रही हैं। बता दें, कंगना रनौत के प्रोडक्शन में बनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू अवनीत कौर के करियर की पहली फिल्म है। इस फिल्म के जरिए 23 साल की अवनीत ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। फिल्म में अपने से उम्र में कई साल बड़े नवाजुद्दीन सिद्दीकी संग रोमांटिक सीन्स देने को लेकर अवनीत काफी ट्रोल भी हुईं। वहीं, अब फिल्म की दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।

# देबिना बनर्जी ने दिया ट्रोलर्स को जवाब



टीवी एक्ट्रेस देबिना बनर्जी का 2 बच्चों के जन्म के बाद वजन काफी बढ़ गया है। इस वजह से लोग उन्हे ट्रोल कर रहें हैं। देबिना ने बताया कि पिछले साल नवंबर में अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने के बाद काफी पहले से ही अपने शरीर पर काम करना शुरू कर दिया था। देबिना ने कहा मैं फिर से फिट होना चाहती थी, इसलिए किसी के कुछ कहने से पहले ही मैंने वर्कआउट करना शुरू कर दिया, क्योंकि मेरा शरीर ऐसा कर सकता था। मैं ये नहीं कह रहीं हूं कि सभी न्यू मॉम को ऐसा करना चाहिए, क्योंकि हर किसी का शरीर अलग-अलग फेज में अलग-अलग तरह से रिएक्ट करता है। एक्ट्रेस ने कहा मैं अभी तक फैट कम नहीं कर पाई हूं। सोशल मीडिया पर लोग हर दिन मेरी फिजिकल एपियरेंस को लेकर मुझे ट्रोल करतें हैं। ये सभी चीजें आप पर दबाव डालती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक ऐसा फेज है जिसे आपको एंजॉय करना चाहिए।देबिना अपने दोनों बच्चो को फीड कराती हैं, जिस कारण उन्हे अपनी डाइट पर भी ध्यान देना पड़ता है।

# अभिनेता राजपाल यादव का छलका दर्द, पहली पत्नी को किया याद



बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव ने अपनी दमदार कॉमेडी से लोगों का दिल जीता है। राजपाल ने कई बड़ी फिल्मों में दमदार भूमिकाएं निभाई हैं। लेकिन पर्दे पर सबको हंसाने वाले राजपाल को असल जिंदगी में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान राजपाल ने अपनी जिंदगी की भयावह घटनाओं का खुलासा किया। राजपाल ने अपनी पहली पत्नी की मौत के बारे में बताया है। हाल ही में राजपाल ने एक इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी की घटनाओं का खुलासा किया है। राजपाल ने कहा, 'मेरे पिता ने 20 साल की उम्र में मेरी शादी कर दी। शादी के बाद मेरी पहली पत्नी ने एक बेटी को जन्म दिया। इसी दौरान उस्की मौत हो गई। मुझे उससे अगले दिन मिलना था लेकिन तब मैं उसके शव को अपने कंधों पर ले जा रहा था। मैं अपने परिवार, अपनी मां, अपनी भाभी को धन्यवाद देता हूं, मेरी बेटी को कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि उसकी मां नहीं है। उन्होंने उसे बहुत प्यार से पाला।' राजपाल ने आगे कहा कि '1991 में अपनी पहली पत्नी की मृत्यु के बाद उन्होंने खुद को एक अभिनेता के रूप में स्थापित किया। इसमें मुझे 13 साल लग गये। इस बीच मैंने एनएसडी में पढ़ाई की, टीवी और फिल्में कीं।' साल 2000 में राजपाल की फिल्म 'जंगली' रिलीज हुई थी। इसी फिल्म से उन्हें असली सफलता मिली। अपनी दूसरी पत्नी के बारे में बात करते हुए राजपाल ने कहा, 'मैं 31 साल का था जब मेरी मुलाकात राधा से हुई। मैं 2001 में 'द हीरो' की शूटिंग के लिए कनाडा में था, जहां हम पहली बार मिले थे। एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों परिवारों की सहमति से हमने 2003 में शादी कर ली।' राजपाल यादव ने अपने करियर की शुरूआत 1999 में फिल्म 'दिल क्या करे' से की। इसके बाद उन्होंने 'कंपनी', 'हम किसी से कम नहीं', 'हंगामा', 'मुझसे शादी करोगी', 'मैं मेरी पत्नी और वो', 'अपना सपना मनी मनी', 'फिर हेराफेरी' में अभिनय किया। राजपाल यादव 'फिर हेराफेरी', 'चुप-चुपके' और 'भूलभुलैया' जैसी सुपरहिट फिल्मों में नजर आए।

## सूडोकु नवताल- 6474

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6473 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्दजाल - 7221

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मे | म | सा | ब | सी | ब | से | ज | ग | ल | ट |
| म | रे | ली | प्रे | शा | न | स | व | ज | कां | ड़ |
| स | मे | हु | बा | दी | छ | मि | आ | क | ब | क |
| इं | नौ | ब | जु | बा | वा | स | थ | ह | ष | रा |
| डि | आ | शि | का | र | चा | न | सा | न | भ | जा |
| या | ल | मि | र | रा | क | ब | ती | ण | घ | रा |
| द | सिं | प | ल | छ | वा | र | स | बा | व | नी |
| ह | ह | ऊ | ई | न | ब | क | फ | चो | श | क |
| म | म | तु | ला | र | की | स | या | औ | र | आ |
| दो | गॉ | ल | प | लि | जी | रा | भ | म | प | द |
| नों | ड | क | र्क | य | क | र | त | सं | ता | न |

*शब्दजाल में जॉनी वाकर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हैं.*

मेरे हुजूर, शिकार, मेमसाब, नवाब साहब, मिलन की रात, संतान, सेवक, राजा रानी, शान, हम दोनों

### शब्दजाल - 7220 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छ | ती | स | घं | टे | द | रि | बु | लं | दी | क |
| दो | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ता | ली |
| उ | उ | ला | ल | को | ठी | ची | ता | रा | ऊं | क |
| स्ता | ज | स | दो | पु | ज | न | ही | न | चे | क |
| द | खु | चो | द | लू | लं | का | रो | ग | लो | क |
| जी | द | ल | रों | य | ख | धुं | ना | हि | ग | को |
| ती | लो | लै | ड्री | की | प | ध | श | चु | र | ल |
| क | र्ज | ला | ई | धा | बा | क | गो | ल | नौ | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | रा | री | श | प | ती |
| तें | दु | ज | प | व | जी | र्त | त | बें | हा | त |
| क | दु | नू | रा | नी | ल | गा | य | द | प | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-6174

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 1 | | | 5 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| | 2 | | 7 | 5 | | |
| 5 | 30 | | 30 | | 31 | 6 |
| | | 5 | 4 | | 3 | |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 6 | | | 5 | 7 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6173 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 35 | 6 | 30 | 1 | 32 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | 5 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 29 | 4 | 40 | 5 | 34 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# टेबल टेनिस...सुतिर्था-अयहिका ने रचा इतिहास : इस साल पहला वर्ल्ड टेबल टेनिस कंटेंडर जीता, विमेंस डबल के फाइनल में जापानी जोड़ी को हराया

**नई दिल्ली।**
भारतीय पैडलर सुतिर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने वर्ल्ड टेबल टेनिस कंटेंडर की विमेंस डबल्स कैटेगरी का खिताब जीत लिया है। इस जोड़ी ने जापान की मियु किहारा और मिवा हारीमोटो को 3-1 (11-5,11-6,5-11,13-11) से हराया। भारतीय जोड़ी ने साल का पहला वर्ल्ड टेबल टेनिस कंटेंडर जीता है। इंडियन पेयर ने पहली बार इस टूर्नामेंट की विमेंस डबल कैटेगरी का टाइटल जीता है। यह प्रतियोगिता ट्विनीशिया में चल रही है।

### एकतरफा रहा फाइनल मुकाबला

फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने लगातार दो गेम जीतकर मुकाबले में 2-0 की बढ़त ले ली, तभी जापानी खिलाड़ियों ने तीसरा गेम 11-5 से जीतते हुए स्कोर 2-1 कर दिया। फिर भारतीय खिलाड़ियों ने चौथा गेम 13-11 से जीतते हुए खिताब अपने नाम किया।

### सेमीफाइनल में नंबर-1 सीड को हराया

सुतिर्था-अयहिका की जोड़ी ने सेमीफाइनल मुकाबले में नंबर-1 सीड शिन युबिन और जियोन जिही की कोरियाई जोड़ी को 3-2 (7-11 11-9 11-9 7-11 11-9) से हराया। मिक्स्ड डबल्स और मेंस डबल्स में भारतीय चुनौती खत्म मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में मनिका बत्रा और जी साथियान की भारतीय जोड़ी के अलावा मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष युगल जोड़ी को अपने-अपने सेमीफाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले बत्रा और साथियन की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल ने सेड्रिक मीस्नर और युआन वान की जर्मन जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया था।

### मेंस-विमेंस सिंगल्स में कोई भारतीय नहीं

मेंस सिंगल्स में अचंता सरथ कमल और साथियान पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। विमेंस सिंगल्स में भी भारत का कैंपेन समाप्त हो गया क्योंकि अयहिका मुखर्जी को राउंड 16 में जापान की मियू नागासाकी से 0-3 (5-11 9-11 10-12) से हार का सामना करना पड़ा। बत्रा, श्रीजा अकुला और दीया चितले फर्स्ट राउंड से आगे बढ़ने में नाकाम रहे थे। मेंस सिंगल्स में हरमीत देसाई को शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन के लियांग यानिंग के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### आखिरी में समझें वर्ल्ड टेबल टेनिस टूर्नामेंट्स

इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन ने 2019 में वर्ल्ड टेबल टेनिस ऑर्गेनाइजेशन बनाया था। यह वर्ल्ड टूर से इतर एक कॉमर्शियल टूर्नामेंट है। इसका पहला संस्करण नवंबर-2020 में मकाओ (चीन) में आयोजित किया गया था। यह नियम और प्राइज मनी के लिहाज से वर्ल्ड टूर से अलग है। वर्ल्ड टेबल टेनिस के 4 टूर्नामेंट होते है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोमांचक हुआ विमेंस एशेज टेस्टः आखिरी दिन इंग्लैंड को 152 रन चाहिए; ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट की जरूरत



नई दिल्ली। इंग्लैंड के नॉटिंघम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड विमेंस टीम के बीच विमेंस एशेज का टेस्ट मैच खेला जा रहा है। रविवार को मैच के चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया 257 रन बनाकर अपनी दूसरी पारी में ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टन ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए। इस तरह इंग्लैंड को जीत के लिए 268 रन का टारगेट मिला। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 5 विकेट के नुकसान पर 116 रन बना लिए। टीम की डैनी व्याट (20) और कैट क्रॉस (5) नॉटआउट लौटीं। मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 152 की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 473 रन बनाए थे। वहीं इंग्लैंड पहली पारी में 463 रन पर ऑलआउट हो गई थी, इस तरह ऑस्ट्रेलिया को 10 रन की बढ़त मिली। चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 82/0 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन बेथ मूनी (85), एलिसा हीली (50) और फीब लीचफील्डल (46) ने बनाया। इसके अलावा एलिस पेरी 25 रन बना कर आउट हुई। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टन ने पांच विकेट झटके। उनके अलावा लॉरेन फिलर और कैट क्रॉस को 2-2 और लौरेन बेल को एक विकेट मिला। दूसरी पारी में 268 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए चौथे दिन एम्मा लैंब 28 और टैमी ब्यूमोंट ने 22 रन बनाए। उनके अलावा सोफिया डंकली 16 और हीथर नाइट ने 9 रन बनाए। नेट सीवर 0 पर आउट हुई। ऑस्ट्रेलिया से एश्ले गार्डनर ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा ताहलिया मैक्ग्रा और किम गार्थ को 1-1 विकेट मिला। तीसरे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 218/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन की शुरुआत टैमी ब्यूमोंट (100) और नेट सीवर (41) ने की। इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट ने दोहरा शतक (208) लगाया। वह टीम की आखिरी बैटर के रूप में आउट हुई। ऑस्ट्रेलिया से एश्ले गार्डनर ने 4 विकेट लिए। उनके अलावा ताहलिया मैक्ग्रा को 3 विकेट मिले, वहीं एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड और डार्सी ब्राउन को 1-1 विकेट मिला।

### गुरु-शिष्य रहे योगेश्वर और बजरंग में अब जुबानी दंगल, जानबूझकर बाउट हारने की बात आई सामने



नई दिल्ली । विनेश फोगाट के बाद अब लंदन ओलंपिक के पदक विजेता योगेश्वर दत्त का कभी उनके शिष्य रहे बजरंग के साथ जुबानी दंगल शुरू हो गया है। बजरंग ने योगेश्वर पर आरोप लगाए थे कि उन्होंने कई मौकों पर उनसे जानबूझकर बाउट हारने को कहा। योगेश्वर ने इन आरोपों को झूठा बताया है। योगेश्वर ने कहा कि 2016 के ओलंपिक क्वालिफिकेशन के ट्रायल में हम दोनों 65 भार वर्ग में थे, लेकिन उनका आपस में सामना नहीं हुआ। बजरंग सेमीफाइनल में अमित धनकड़ से हार गए थे। वह फाइनल में अमित से भिड़े थे। प्रो रेसलिंग लीग में मेरा और बजरंग का आपस में मुकाबला हुआ था, जिसमें वह 3-0 से जीते थे। वह बजरंग को हमेशा अपने साथ तैयारियों के लिए विदेशी दौरे पर लेकर गए। बावजूद इसके बजरंग उन पर इस तरह के आरोप लगाकर उनके छवि खराब कर रहे हैं। योगेश्वर के मुताबिक 2018 में बजरंग ने उनसे कहा कि मुझे राष्टमंडल खेलों में खेलने जाने दें और वह खुद एशियाई खेलों में चले जाएं। इस पर उन्होंने कहा कि वह ट्रायल के जरिए आना चाहेंगे। इसके बाद वह गुस्सा हो गए और हमारी आपस में बातचीत बंद हो गई। योगेश्वर ने कहा कि 2016 के बाद उन्होंने किसी टूर्नामेंट और शिविर में भाग नहीं लिया। 2018 के बाद उन्होंने कुश्ती छोड़ दी। वहीं ट्रायल में छूट को लेकर मचे बवाल के बाद विनेश फोगाट, बजरंग, साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पर खेल मंत्री को लिखे पत्र को सार्वजनिक कर दिया। पत्र में तिथि नहीं है, लेकिन उसमें 10 अगस्त के बाद ट्रायल कराने की बात कही गई है। विनेश ने सोशल मीडिया पर कहा कि हम आंदोलनकारी पहलवानों ने सिर्फ ट्रायल को आगे बढ़ाने की चिट्ठी लिखी थी, क्यों कि बीते छह माह से वे तैयारियां नहीं कर पाए थे। मामले की गंभीरता को समझते हुए हम चिट्ठी साझा कर रहे हैं। विनेश ने लिखा दुश्मन पहलवानों की एकता में सेंध लगाना चाहते हैं, उसे कामयाब नहीं होने दें।

पंत फिट नहीं हुए तो कौन होगा भारत का विकेटकीपर

# वर्ल्ड कप टीम में राहुल-ईशान की दावेदारी मजबूत ; संजू भी पीछे नहीं

**नई दिल्ली।**
भारत में 5 अक्टूबर से वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है और अब 101 दिन का समय बचा है। भारत का टीम मैनेजमेंट अब भी परफेक्ट कॉम्बिनेशन तलाशने में जुटा है। ऐसे में सिलेक्टर्स भी टीम मैनेजमेंट के सामने हर स्पॉट के लिए कई विकल्प रखना चाहते हैं। यही कारण है कि पिछले एक साल से टीम के हर स्पॉट के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों को आजमाया जा रहा है। सूर्यकुमार यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू करने का मौका दिया गया, तो तेज गेंदबाजी मोर्चे पर युवा उमरान मलिक जैसे टैलेंट को खिलाया गया। टीम से बाहर चल रहे स्पिनर कुलदीप यादव ने भी वापसी की। स्पेशलिस्ट बल्लेबाज और गेंदबाज के भी कई ऑप्शन तलाशे गए, लिहाजा इन डिपार्टमेंट में सिलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट को बहुत ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। इन सबसे अलग एक डिपार्टमेंट ऐसा है, जिस पर स्पष्ट जवाब न तो अभी सिलेक्टर्स के पास है और न ही किसी क्रिकेट एक्सपर्ट के पास। यह डिपार्टमेंट है विकेटकीपिंग का। दरअसल, ऋषभ पंत चोटिल हैं और बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन्हें समय पर फिट करने की कोशिश कर रही है, अगर पंत फिट नहीं हो पाते हैं, तो उनकी जगह फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर कौन होगा इस पर सस्पेंस है। हर परिस्थिति में रन बनाते हैं: पंत का बैटिंग रिकॉर्ड देखें तो वे हर परिस्थिति में रन बनाते हैं। पंत ने घरेलू मैदान पर 36.76 की एवरेज से 478 रन बनाए हैं, जबकि विदेशी पिचों पर 33.66 की औसत से 303 रन बनाए। बैटिंग लाइन-अप में वैराइटी लाते हैं: पंत लेफ्टी बैटर हैं, जबकि भारत के टॉप-ऑर्डर में नंबर-4 तक सभी राइट हैंडर ही हैं। ऐसे में पंत की मौजूदगी से बैटिंग ऑर्डर में वैराइटी आती है। विकेट के पीछे से गेम चलाते हैं, दबाव में नहीं आते: विकेटकीपिंग के दौरान पंत विकेट के पीछे से गेम चलाते हैं। वे अपने गेंदबाजों को सलाह देते हैं। उनके नाम 26 कैच और एक स्टंपिंग है। इसके अलावा वे खुद जब बैटिंग करते हैं तो टॉप ऑर्डर के फ्लॉप होने पर भी दबाव में नहीं आते और अटैकिंग बैटिंग जारी रखते हैं।



### पंत के 4 विकल्पों के बारे में...

**केएल राहुल के पास वर्ल्ड कप का अनुभव** - केएल राहुल 2019 का वनडे वर्ल्ड कप भी खेल चुके हैं। तब उन्होंने 9 मैच में 45 की औसत से 361 रन बनाए थे। हालांकि तब वे स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के तौर पर खेले थे। राहुल की हालिया खराब फॉर्म भी उनकी दावेदारी कमजोर कर सकती है, हालांकि उनके अनुभव और बैटिंग के कारण उन्हें तवज्जो दी जा सकती है। राहुल ने भारत के लिए 54 मैचों में विकेट के पीछे 32 कैच पकड़े हैं, जबकि दो बैटर्स को स्टंप आउट भी किया है। स्ट्रेंथ - राहुल स्पिन और पेस बॉलिंग खेलने में सक्षम हैं। उनमें बड़े शॉट्स खेलने की क्षमता है। फील्डिंग उनके अनुरूप नहीं हो तो भी गैप निकालते हैं। वीकनेस - फिटनेस के मामले में राहुल कमजोर नजर आते हैं। बैटिंग करते समय उन्हें इंजरी होने का चांस हमेशा बना रहता है। वे अभी भी एनसीए में रिहैब कर रहे हैं। ऐसे में उनका चयन काफी हद तक फिटनेस पर भी निर्भर करेगा।

**सैमसन दमदार विकल्प, लेकिन कंसिस्टेंट नहीं** - केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन भी भारतीय टीम में जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं। हालांकि बीच-बीच में संजू सैमसन टीम से बाहर होते रहे हैं। कभी फॉर्म के कारण तो कभी चोट के कारण। संजू टेक्निकल रूप से अच्छे बैटर हैं। खराब और अच्छी दोनों तरह की गेंदों पर शॉट्स खेलना जानते हैं और प्रेशर भी हैंडल कर लेते हैं। वे पंत की जगह 5वें नंबर पर फिट भी बैठते हैं, इसलिए टीम मैनेजमेंट इन पर विचार कर रही है। अब तक खेले 11 वनडे में सैमसन ने 330 रन बनाए हैं। उनके नाम 7 कैच और दो स्टंपिंग हैं। स्ट्रेंथ - वनडे फॉर्मेट के हिसाब से स्ट्राइक रेट मैंटेन करना जानते हैं। सैमसन धैर्य रख कर बल्लेबाजी करते हैं। आसानी से विकेट नहीं गंवाते और फुल टाइम विकेटकीपिंग करते हैं। वीकनेस - बड़े टूर्नामेंट का अनुभव नहीं है। इंजरी होने का चांस रहता है। संजू की बैटिंग में निरंतरता नहीं है। पिछली 10 पारियों में वे दो फिफ्टी ही जमा सके हैं।

**ईशान किशन के नाम दोहरा शतक, पर वे भी निरंतर नहीं** - ईशान किशन भी पंत की जगह के दावेदार माने जा रहे हैं। वनडे क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ ईशान किशन दोहरा शतक लगा चुके हैं। वे पिछले कुछ समय से लगातार भारतीय टीम का हिस्सा हैं। अब तक खेले 14 मैच में किशन ने 510 रन बनाए हैं। इसमें 1 दोहरा शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनमें भी निरंतरता की कमी है। पिछली 10 पारियां देखें तो उनके बल्ले से एक दोहरा शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं, लेकिन किशन 5 दफा 20 या फिर इससे कम के स्कोर पर आउट हुए हैं। विकेट के पीछे प्रदर्शन की बात करें तो ईशान किशन ने 5 कैच पकड़े हैं और दो स्टंपिंग की हैं।

एशियाड-वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए भारतीय शॉटगन टीम का ऐलान

# गनीमत-दर्शना और मनीषा जैसी युवाओं को मौका, मिराज-संधू और शगुन जैसे दिग्गज बाहर

**भोपाल/नई दिल्ली।**
एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए भारतीय शॉटगन शूटिंग टीम का ऐलान कर दिया गया है। एनआरएआई ने भोपाल में एक हफ्ते तक चले नेशनल ट्रायल्स के बाद रविवार को टीम जारी की। टीम में शूटिंग विश्व कप के स्कीट इवेंट में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय गनीमत सेखों, दर्शा राठौड़ और मनीषा कीर जैसे कई युवा चेहरे शामिल हैं, जबकि मेराज अहमद जैसे अनुभवी निशानेबाज अपनी जगह नहीं बना सके हैं। आईएसएसएफ वर्ल्ड चैम्पियनशिप अजरबैजान और एशियन गेम्स चीन के हांगझोऊ शहर में आयोजित होने हैं।

### धालीवाल दोनों टीमों में शामिल

परिनाज धालीवाल दोनों प्रतियोगिताओं के लिए महिला वर्ग में तीसरी स्कीट निशानेबाज के तौर पर चुनी गई हैं। जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला स्कीट शूटर और वर्ल्ड कप ब्रॉन्ज जीतने वाली पहली भारतीय महिला स्कीट शूटर गनीमत ने पिछले महीने कजाकिस्तान के अल्माटी में वर्ल्ड कप में रजत पदक जीता था। दर्शना ने अल्माटी वर्ल्ड कप में ब्रॉन्ज जीतकर इसे भारत के लिए यादगार बना दिया था। यह पहली बार था जब भारत की 2 निशानेबाजों ने महिला स्कीट विश्व कप के इंडिविजुअल इवेंट में डबल मेडल जीते थे।

### मेराज को मौका नहीं



दर्शना राठौड़

एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए मेंस की स्कीट टीम में जूनियर एशियन चैम्पियनशिप 2014 के सिल्वर मेडलिस्ट अनंतजीत सिंह नरूका, अंगद वीर सिंह बाजवा और गुरजोत सिंह खंगुरा शामिल हैं। कई बार के नेशनल चैम्पियन और अनुभवी स्कीट निशानेबाज मेराज अहमद खान को इन दोनों प्रतियोगिताओं की टीम में जगह नहीं मिली है।

### ऐसे हुआ टीम का चयन

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अनुसार, टीम का चयन 2023 के शुरूआती छह महीनों में आयोजित चार ट्रायल और कुछ इंटरनेशनल टूर्नामेंट के अंकों के आधार पर किया गया है। मेंस के ट्रैप वर्ग में पृथ्वीराज तोंडइमन, अनुभवी जोरावर सिंह संधू और ओलिंपियन किनान चेनाई टीम में जगह बनाने में सफल रहे, जबकि 2006 के वर्ल्ड चैम्पियन मानवजीत सिंह संधू अपना स्थान सुरक्षित करने से चूक गए। वह समग्र तालिका में 5वें स्थान पर रहे। तमिलनाडु के पृथ्वीराज हाल ही में भोपाल में आयोजित शॉटगन के चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में विजेता बने थे।

# धोनी फ्लाइट में कैंडी क्रश खेलते दिखेः एयर होस्टेस ने चॉकलेट के साथ चिट्ठी दी, इकोनॉमी क्लास में कर रहे थे सफर

**नई दिल्ली।**
पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी पत्नी साक्षी के साथ रविवार को इंडिगो की फ्लाइट में अपने टैबलेट में कैंडी क्रश खेलते नजर आए। धोनी इकोनॉमी क्लास में सफर कर रहे थे। वायरल हुए वीडियो में नजर आता है कि एयर होस्टेस धोनी के पास गई और उन्हें एक नोट (चिट्ठी) के साथ चॉकलेट भी ऑफर की। एयर होस्टेस नितिका ने ही इंस्टाग्राम पर ये वीडियो शेयर किया।



### खजूर का पैकेट उठाया

एयर होस्टेस ने धोनी को मिठाई और चॉकलेट की पेशकश की, धोनी ने ओमानी खजूर का एक पैकेट उठाया। ड्यूटी पर लौटने से पहले एयर होस्टेस ने उनसे बातचीत भी की।

### 2012 में रिलीज हुआ था कैंडी क्रश

कैंडी क्रश एक पजल गेम है। इसमें 3 एक जैसी टाइल को मैच कर के आगे बढ़ना होता है। 2012 में इसे पहली बार मार्केट में लाया गया था। तब से ही बहुत लोकप्रिय है।

### अगले आईपीएल में भी दिख सकते है धोनी

धोनी अगला आईपीएल खेलते नजर आ सकते हैं। 29 मई को पांचवी बार आईपीएल खिताब जीतने पर धोनी ने कहा था- अगर आप मौका देखें तो रिटायरमेंट की घोषणा के लिए ये सबसे अच्छा समय है। मेरे लिए सबको धन्यवाद देते हुए रिटायर होना आसान है। जबकि 9 महीने कड़ी मेहनत करना और एक और आईपीएल सीजन खेलना मुश्किल काम है। ये मेरी ओर से तोहफा होगा। ये मेरी बॉडी के लिए आसान नहीं होगा।

### धोनी ने 1 जून को मुंबई में कराया था ऑपरेशन

धोनी की आईपीएल 2023 के फाइनल के बाद 1 जून को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में घुटने की सर्जरी हुई थी। धोनी का ऑपरेशन डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था। पारदीवाला ऋषभ पंत और टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का भी ऑपरेशन कर चुके हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और हार्दिक पंड्या का शोले अवतार देखने को मिला। दोनों बॉलीवुड फिल्म शोले के जय और वीरू (अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र) की तर्ज पर बाइक पर साथ बैठे नजर आए।

# विंबलडन में एआई करेगा कमेंटरी, विशेषज्ञ बोले- कैसे आएगा इंसानी लहजा

**लंदन।**
विंबलडन के आयोजक ऑल इंग्लैंड क्लब ने घोषणा की है कि इस वर्ष विंबलडन के एप और वेबसाइट पर महिला और पुरुष की आवाज में इन्सान की जगह एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) निर्मित कमेंटेटर कमेंटरी करेंगे। विंबलडन के मैचों का लाइव प्रसारण और कमेंटरी की शुरुआत 1937 में बीबीसी पर हुई थी, लेकिन यह पहली बार होगा कि एआई कमेंटेटर लिखने और बोलने दोनों ही काम करेंगे। बताया जा रहा है कि एआई कमेंटेटर को इन्सान की ओर से कोई इनपुट भी नहीं दिया जाएगा। वह खुद ही अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि एआई कमेंटेटर मनुष्य की तरह भाषा, लहजा और सेंस ऑफ ह्यूमर कहां से लाएगा।



क्रिकेट के दिग्गज कमेंटेटर सुशील दोषी ने अमर उजाला से कहा- नई तकनीक का स्वागत किया जाना चाहिए। लोग खासकर युवा पीढ़ी नई चीजों की ओर आकर्षित होती हैं। उन्होंने कहा, लेकिन एक संदेह यह है कि एआई आधारित कमेंटेटर भाषा, बोलने का लहजा और सेंस ऑफ ह्यूमर मनुष्य की तरह कैसे ला सकेगा। उन्होंने कहा-लोग सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और हर्षा भोगले सहित अन्य कमेंटेटरों को सुनना पसंद करते हैं। मैच के दौरान कोई विषम स्थिति आती है तो उस समय एआई कमेंटेटर क्या इन्सानों की तरह संवाद कर सकेगा। ऐसे कई सवालों पर बड़े स्तर पर बहस की जरूरत है।

### अनूठी भाषा में तैयार किए गए हैं एआई कमेंटेटर

ऑल इंग्लैंड क्लब एआई कमेंटेटर को आईबीएम की मदद से लॉन्च करने जा रहा है। इसके लिए एआई कमेंटेटर को टेनिस की अनूठी भाषा में तैयार किया गया है। इसके डाटा में शामिल होगा कि गेंद कहां पर है। खिलाड़ी किस तरह के शॉट खेल रहे हैं। कमेंटरी के दौरान महिला और पुरुष टिप्पणीकारों का इस्तेमाल किया जाएगा, लेकिन आवाज में मनुष्य का कोई इनपुट नहीं रहेगा।

### लाइन जजों का काम भी संभाल सकती है एआई

विश्व के महत्वपूर्ण खेल क्रिकेट, फुटबाल, टेनिस आदि में समय-समय पर तकनीक का इस्तेमाल किया जाता रहा है। हॉक आई के साथ ही वार (वीडियो असिस्टेंट रेफरी) का प्रयोग खूब हो रहा है। माना जा रहा है कि टेनिस में जल्द ही लाइन जजों की जगह एआई निर्मित कृत्रिम जजों को लगाया जाएगा। आईबीएम स्पोर्ट्स पार्टनरशिप के केविन फेरार ने कहा, एआई एंकर या कमेंटेटर मानव की जगह लेने के बजाय उसके विकल्प की भूमिका में होगा। अभी एआई कमेंटेटर का इस्तेमाल एप और वेबसाइट पर दैनिक हाइलट आदि के लिए किया जाएगा। बाद में विंबलडन के प्रसारक बीबीसी पर सामान्य मैचों जैसे जूनियर, सीनियर और व्हीलचेयर टेनिस में इसको आजमाया जा सकता है।

आयरलैंड नहीं खेलेगा वनडे वर्ल्ड कप

# क्वालिफायर में सभी मैच हारे; श्रीलंका-स्कॉटलैंड के साथ ओमान सुपर-6 में पहुंची

**बुलवायो, जिम्बाब्वे।**
वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफायर में सुपर-6 स्टेज की सभी टीमें तय हो चुकी हैं। ग्रुप-बी में रविवार को श्रीलंका ने आयरलैंड को 133 रन से हराया। इस हार के साथ आयरलैंड ग्रुप-बी से एलिमिनेट हो कर सुपर-6 में क्वालिफाई नहीं कर सकी और श्रीलंका 6 पॉइंट के साथ क्वालिफाई कर गई।

रविवार के एक अन्य मुकाबले में स्कॉटलैंड ने ओमान को 76 रन से हरा दिया। इसी के साथ स्कॉटलैंड भी ग्रुप-बी से सुपर-6 में पहुंच गई। वहीं ओमान हार के बाद भी क्वालिफाई कर गई, क्योंकि टीम ने ग्रुप स्टेज में 2 मुकाबले जीते, जबकि आयरलैंड और यूएई ने सभी मुकाबले हारे, इसलिए उन्हें सुपर-6 में जगह नहीं मिली।

### श्रीलंका को लगे शुरुआती झटके

रविवार को बुलवायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में आयरलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। श्रीलंका के ओपनर पथुम निसांका और दिमुथ करुणारत्ने ने 48 रन की पार्टनरशिप की। निसांका 20 रन बनाकर आउट हो गए, उनके साथ कुसल मेंडिस भी अगली ही बॉल पर आउट हो गए।

### करुणारत्ने का शतक, समरविक्रमा के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की

शुरुआती झटकों के बाद ओपनर करुणारत्ने ने नंबर-4 पर उतरे सदीरा समरविक्रमा के साथ श्रीलंका की पारी संभाली। दोनों ने 168 रन की पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। समरविक्रमा 82 रन बनाकर आउट हुए, वहीं करुणारत्ने ने 103 रन बनाए। दोनों के बाद चरिथ असलंका ने 38 और धनंजय डी सिल्वा ने 42 रन बनाकर टीम को 300 रन के पार पहुंचाया।

श्रीलंका ने एक छोर पर लगातार विकेट भी गंवाए और टीम 49.5 ओवर में 325 रन पर ऑलआउट भी हो गई। आयरलैंड से मार्क अडायर ने 4 और बैरी मैकार्थी ने 3 विकेट लिए। गारेथ डिलेनी को 2 विकेट मिले, वहीं एक बैटर रनआउट हुआ। 326 रन के विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 21 रन पर ही ओपनर पॉल स्टर्लिंग का विकेट गंवा दिया। 39 रन के स्कोर पर एंडी मैक्ब्राइन भी आउट हो गए। 58 रन के स्कोर तक टीम ने कप्तान एंडी बालबर्नी और लॉर्कन टकर के विकेट भी गंवा दिए। 4 विकेट गिरने के बाद हैरी टेक्टर और कर्टिस कैम्फर ने आयरलैंड की पारी संभाली। लेकिन टूर्नामेंट के टॉप-विकेट टेकर वनिंदु हसरंगा ने विकेट लेने जारी रखे। उन्होंने पहले टेक्टर को आउट किया, फिर बाकी बैटर्स को भी पवेलियन भेज दिया। टेक्टर के विकेट के बाद कैम्फर पर भी दबाव आया और वह महीश तीक्षणा का शिकार हो गए। क्वालिफायर के लगातार तीसरे मैच में हसरंगा ने 5 विकेट लिए और आयरलैंड की टीम 192 रन पर ऑलआउट हो गई। हसरंगा के अलावा महीश तीक्षणा को 2 विकेट मिले। वहीं कसून रजिथा, लहिरु कुमारा और दसुन शनाका को 1-1 विकेट मिला। रविवार के एक अन्य मुकाबले में स्कॉटलैंड ने ओमान को हरा दिया। बुलवायो एथलेटिक क्लब के मैदान पर ओमान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। स्कॉटलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ही ओवर में क्रिस्टोफर मैक्ब्राइड का विकेट गंवा दिया। मैक्ब्राइड अपना खाता भी नहीं खोल सके।



### मैक्मुलेन का शतक, कप्तान बैरिंगटन की फिफ्टी

पहले ही ओवर में विकेट गंवाने के बाद ओपनर मैथ्यू क्रॉस ने ब्रेंडन मैक्मुलेन के साथ पारी संभाली। दोनों ने 82 रन की पार्टनरशिप की। क्रॉस 27 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद उतरे कप्तान रिची बैरिंगटन ने 60 रन बनाए और मैक्मुलेन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। बैरिंगटन के आउट होने के बाद मैक्मुलेन भी सेंचुरी बनाकर आउट हो गए। वह 121 बॉल पर 136 रन बनाकर आउट हुए।

### बिलाल खान ने लिए 5 विकेट

बैरिंगटन और मैक्मुलेन के बाद टोमास मैकइंटोस ने 32 और मार्क वॉट ने 25 रन बनाकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा दिया। टीम का आखिरी बैटर एड्रियन नील 50वें ओवर की आखिरी बॉल पर रनआउट हुआ। ओमान से बिलाल खान ने 5 विकेट लिए और स्कॉटलैंड ने 320 रन बना दिए।

## दुपट्टे के साथ पहनें डबल पल्लू की साड़ी...



**फैशन** में आए दिन कुछ न कुछ बदलाव आते रहते हैं, लेकिन साड़ी पहनने का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता बल्कि उसके साथ किए गए बदलाव से आप अपने लुक को और भी अधिक स्टाइलिश और ड्रेसिंग बना सकती हैं। आप अगर अपनी साड़ी को दुपट्टे के साथ डबल पल्लू के साथ पहनती हैं तो इससे आपका लुक काफी आकर्षक बनता है। इसे घर पर पहनने के लिए आपको अपनी साड़ी से मिलते झुलते रंग के दुपट्टे की जरूरत नहीं है। आप पेयरप करने का नया तरीका भी अपना सकती हैं। यह आपकी साड़ी को दिलचस्प और नया लुक देगा। आप अपने दुपट्टे को अलग-अलग तरीके से ड्रेप कर सकती हैं। इसे आप गर्दन पर स्कार्फ के तौर पर भी पहन सकती हैं या फिर आप गर्दन पर ड्रेप करके इस दुपट्टे को दोनों कंधों से पीछे की तरफ कर सकती हैं। दुपट्टे को आप कमर के एक तरफ से टक इन कर लहंगे की तरह भी पहन सकती हैं। इस साड़ी को कॉम्प्लीमेंट करता हुआ ही दुपट्टा चुनें। अगर आपकी साड़ी प्लेन हो और दुपट्टा हल्का सा हैवी तो आप भीड़ में सबसे अलग दिखती हैं। इस दुपट्टा साड़ी को एक बार पहन कर अपने लुक को सबसे अलग बनाएं।

## गर्मी में प्लेन साड़ी...



**अगर** आप डेली रूटीन में साड़ी ही वियर करती हैं तो गर्मियों में हल्के-छोटे प्रिंट्स या प्लेन साड़ी का चुनाव करें। क्योंकि मौसम में काफी बदलाव आ रहा है। ऐसे में छोटे प्रिंटस और प्लेन साड़ी काफी स्टाइलिश लगती हैं जो आपको एलीगेंट-स्टनिंग लुक देती है। कुछ लोगों को कॉटन फैब्रिक साड़ियां खूब पसंद आती है। यह काफी आरामदायक होती हैं। गर्मियों के हिसाब से यह बेस्ट रहती हैं लेकिन अगर आप पार्टी फंक्शन या शादी पर जाती हैं तो खुद को थोड़ा हटके और इम्प्रैसिव लुक देने की जरूरत होती है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप भड़कीली-चमकीली कपड़ों को चयन करें जो आपको पहनने में भी कंफर्टेबल न हो। प्लेन साड़ी को भी आप स्टाइलिश तरीके से वियर करके पार्टी लुक दे सकते हैं। बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो साड़ी के लिए डार्क क्लर्स का चयन करते हैं लेकिन लाइट कलर भी बहुत अच्छे लगते हैं। हल्के रंग को लेकर ज्यादातर लोगों की सोच यह है कि ये रंग काफी बोरिंग हैं। गर्मियों के मौसम में हल्के फ्लोरल कलर ज्यादा खूबसूरत लगते हैं ऐसे कपड़ों में गर्मी का एहसास कम होता है।



गुजरे हुए वक्त की बात करें तो बीता हुआ पल कभी दुबारा लौटकर नहीं आता पर फैशन का दौर समय के अनुसार बदलता रहता है। आज के समय में एकबार फिर ट्रेंड में है बेलबॉटम जो कभी पुरानी अभिनेत्रियों के बीच देखा जाता था। 70 के दशक के समय का यह फैशन अब बाजार में काफी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। जींस के कई शेड और डिजाइन आपने ट्राय किए होंगे। लेकिन अब उनसे आपका दिल भर गया हो तो बैलबॉटम को ट्राई करें। बेलबॉटम अब आपको जींस के फैब्रिक में भी मिलेंगे, जिससे आपको रिफ्रेश फील होगा।

# फिर लौट आए बेलबॉटम...



70वीं सदी के गाने आपको याद ही होगें जिनमें हीरोइन लंबा सा बेलबॉटम पहनती थी। दोबारा से बेलबॉटम फैशन इन हैं। सेलिब्रिटी से लेकर कॉलेज गोइंग गर्ल्स और महिलाएं भी इसे पहनना पसंद कर रही हैं। फैशन डिजाइनर्स के अनुसार पुराना फैशन ही लेटेस्ट फैशन बनकर आता है, बस उसके पैटर्न , डिजाइन, कलर्स में ही अंतर हो जाता है। वैसे इस साल ये लेटेस्ट ट्रेंड के रूप में उभर रहा है। बैलबॉटम की खास बात यह है कि इसे पहनने के बाद शरीर काफी पतला लगता है। स्लिम बॉडी पर ये काफी अच्छा दिखता है, लेकिन हैवी वेट वाले लोगों पर भी ये काफी सूट होगा। इसलिए हर फिगर की महिलाएं इसे बिना संकोच ट्राय कर सकती हैं। बेलबॉटम को पहनने से शरीर का लुक काफी अच्छा दिखने लगता है। इसे अगर छोटे कद वाले लोग पहनते हैं तो उनकी लंबाई काफी अच्छी दिखती है।

### फ्लो वाइट शर्ट के साथ

बेलबॉटम जींस का प्रयोग करते समय इसके साथ मैच करते हुए टॉप या शर्ट को पहनें या फिर इसके साथ और अच्छा लुक पाने के लिए आप फ्लो वाइट शर्ट को पहनकर आप एकदम परफेक्ट लुक पा सकती हैं। इसको पहनकर आप अपने दोस्तों के साथ फ्राइडे लुक या फिर शनिवार की ऑफिस पार्टी का मजा ले सकती हैं।

### फुटवेयर में चंकी हील्स

बेलबॉटम जींस टाइट न होकर नीचे की ओर फैली हुई होती है। इसलिए इसके साथ हाई हील्स काफी अच्छा लुक देती हैं। इसके अलावा बेलबॉटम जींस के साथ पहनने के लिये आप अलग-अलग स्टाइल की हील्स के फुटवेयर ले सकती हैं।

### कैजुअल बेलबॉटम पैंट्स



बेलबॉटम जींस की ऐसी डिजाइन जो काफी समय से चली आ रही है जिसे पहन कर लोग कंफर्टेबल फील तो करते ही हैं, साथ ही इसका लुक भी काफी अच्छा नजर आता है। इसके लिये आपको बाजार में एक से एक डिजाइन के कैजुअल बेलबॉटम पैंट्स आसानी से मिल सकते हैं। जिन्हें पहनकर आप ऑफिस या किसी मीटिंग में आराम से जा सकती हैं।

### बेल-बॉटम डंगरीज

जींस में मिलने वाले डिजाइनों में डंगरीज को पहनना बहुत ज्यादा पसंद किया जाता है। ये पहनने के बाद आपके लुक में और अच्छा निखार आता है। बेलबॉटम डंगरीज को पहनकर आप अपने दोस्तों के साथ होने वाली पार्टी के दौरान अच्छा लुक पा सकती हैं।

### क्रॉप टॉप से परफेक्ट लुक

शॉपिंग पर जाने का प्लान हो तो आप अपनी बेलबॉटम जींस को पहन सकती हैं। यदि आप अपनी बॉडी को परफेक्ट लुक देना चाहती हैं तो बेलबॉटम पैंट्स के साथ क्रॉप टॉप काफी अच्छा लुक प्रदान करेगा। इसके अलावा आप मल्टी कलर के बेलबॉटम का चयन कर इसमें प्लेन टॉप को मैच कर पहन सकती हैं।





### स्पोर्टी लुक के लिए

व्हाइट स्नीकर्स और टेनिस शूज आजकल फैशन में हैं। अगर आप पिकनिक पर जाने के लिए या फिर स्पोर्ट लुक की तैयारी कर रही हैं तो इन्हें बेलबॉटम जींस पर एक बार ट्राई जरूर करें।

### क्यों पहनें बेलबॉटम

**नए लुक के लिए:** जींस के कई शेड और डिजाइन आपने ट्राई किए होंगे। लेकिन अब उनसे अगर आपका दिल भर गया हो, तो बेलबॉटम को ट्राई करें। आपको रिफ्रेश फील होगा।

**सॉफ्ट और हलके:** जींस का वजन होता है। लेकिन बेलबॉटम सॉफ्ट और हल्के कपड़े के होते हैं आपको उन्हें पहनने में अच्छा लगेगा। जींस के कपड़ों से बने बेलबॉटम भी जींस की तरह हेवी नहीं होते हैं।

**हाईट अच्छी लगती है:** बेलबॉटम पहनने के बाद कम से कम हाईट वाले की लंबाई भी अचछी लगती है क्योंकि टांगे लंबी जान पड़ती हैं। ऐसे में अगर आप बेलबॉटम पहनें तो शायद कुछ मजा आएं।

**फीगर अच्छा लगता है:** बेलबॉटम पहनने के बाद कमर और टांगों पर कसाव रहता है जिससे फिगर अच्छी तरह समझ में आता है और बदन सुंदर लगता है।

**पतला दिखना लगना:** बेलबॉटम की यह बात खास है कि इसे पहनने के बाद शरीर काफी पतला लगता है। छरहरे बदन पर यह काफी अच्छा लगता है लेकिन भारी शरीर के लोग भी इसे पहनने के बाद भद्दे नहीं लगते हैं।

# इस मौसम में कूल ड्रेसेज...

**आज** के समय की युवा पीढ़ी फंक्शन और पार्टी के दौरान लेटेस्ट कपड़ों को पहनना ज्यादा पसंद करती है, क्योंकि इससे लुक तो सुंदर दिखता ही है साथ ही वो लोगों के बीच अलग और खास भी दिखाई देते हैं। इसी के चलते हर कोई अपने आप को कुछ खास और अलग अंदाज में दिखाना ही पसंद करता है और अपने कपड़ों का चयन आज की मॉर्डन स्टाइल को देखते हुए करता है। इन दिनों बाजार में गर्मी के मौसम के अनुसार ड्रेस छाए हुए हैं। सुंदर व आकर्षक लुक में मिल रहे लॉन्ग टॉप्स, शॉर्ट मिडी और लाइक्रा ड्रेस को काफी पसंद किया जा रहा है। इसके साथ ही सिल्वर और गोल्डन कलर से बनी ड्रेसेज को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। तो आज आपको बताते हैं कुछ ऐसी ही लेटेस्ट ड्रेसेज के बारे में।



**लॉन्ग टॉप:** इस प्रकार के कपड़ों से शरीर की खूबसूरती तो बढ़ती ही है, दिखने में भी ये बहुत सुंदर लगते हैं। ये ज्यादातर लंबी युवतियों पर ज्यादा ही खूबसूरत लगते हैं, लेकिन इसे सभी युवतियां खास अंदाज के साथ पहन सकती हैं। ये हमेशा ही डीप लेंथ का होता है। आप इसे किसी स्पेशल प्रोग्राम में लेगिंग्स या फिर जींस के साथ मैच कर पहन सकती हैं। यदि आप मलमल कॉटन से बनाया गया लॉन्ग टॉप पहनती हैं तो ये रात में इसका लुक काफी अच्छा दिखता है।

**मक्खी नेट शॉर्ट्स:** इन दिनों मार्केट में मक्खी नेट शॉर्ट्स का चलन काफी बढ़ता दिख रहा है। इस प्रकार के कपड़े काफी कूल और डिफरेंट दिखाई देते हैं। नेट शॉर्ट्स को पहनना बहुत ही अरामदायक है।

**शॉर्ट मिडी:** गर्मियों के आते ही बाजार में शॉर्ट मिडी का फैशन काफी तेजी के साथ बढ़ता नजर आता है। इसे आप लेगिंग्स या फिर वन पीस ड्रेस के साथ भी पहन सकती हैं। अगर आप इसे जींस, लेगिंग्स या जेगिंग्स के साथ पहनती हैं तो ये आपको ज्यादा आरामदायक लगेगा।



**वेल्वेट ड्रेस:** आजकल हर पार्टी के लिए पहली पसंद लाइक्रा और वेलवेट ड्रेसेस बनती जा रही हैं। इन पर फ्रिल पैटर्न में डिजाइन बहुत ही अच्छी लगती है। बाजार में इवनिंग गाउन से लेकर वन पीस ड्रेसेस, स्कर्ट्स और ज्यादातर ड्रेसेस फ्रिल पैटर्न में भी उपलब्ध हैं।

**डिफरेंट स्टाइल टॉप्स:** अगर आप समर सीजन में लांग कुर्ते, टी-शर्ट्स, सैंडो, टूनिक्स पहन कर बोर हो गई तो इस बार डिफरैंट स्टाइल टॉप्स को अपनी वॉर्डरोब में शामिल करें। समर सीजन ऑफ शोल्डर टॉप में युवतियां काफी अट्रैक्टिव लगती हैं। इसे आप कॉटन, शिफॉन, क्रेप, जार्जट फैब्रिक में खरीद सकते हैं। वैसे तो यह टॉप प्लेन में भी अच्छे लगते हैं और फ्लेयरी फ्रील स्टाइल में भी। कलर लाइट हो या डार्क, प्रिंटेड हो या प्लेन, ऑफ शोल्डर टॉप की अपनी ही एक अलग ग्रैस होती है। इन्हें आप शॉर्ट निकर, स्कर्ट, डेनिम किसी के साथ भी मैच करके पहन सकते हैं लेकिन इन दिनों ऑफ शोल्डर के साथ फ्लेयर्ड पेंट ट्रैंड में हैं। समर पार्टी में आपको स्टाइलिश के साथ-साथ कूल लुक भी चाहिए तो ऐसी ड्रैस बेस्ट ऑप्शन में आती हैं। अगर आप किसी बीच के आस-पास किसी वैकेशन ट्रिप पर जा रहे हैं तो तो ऑफ शोल्डर क्रॉप टॉप के साथ हाई वेस्ट फ्लेयर्ड पेंट आपको एक दम परफैक्ट बीच स्टाइल लुक देती हैं। इसके साथ आप बालों को लूज भी छोड़ सकते हैं और रफ-टफ लुक में हाई बन भी कर सकते हैं।

# आपको बीमार बना रहा है प्लास्टिक



**पहले** के जमाने में लोग पीतल या तांबे के बर्तनों में पानी पिया करते थे। उनका मानना था कि इससे बीमारियां उनसे कोसों दूर भाग जाती हैं। लेकिन आज उन तांबे और पीतल के बर्तनों की जगह प्लास्टिक ने ले ली है। खाने के बर्तनों से लेकर पीने के पानी की बोतल तक सभी जगह प्लास्टिक ही प्लास्टिक दिखता है। प्लास्टिक हमारे जीवन में इस कदर घर कर चुका है, जो दिनों-दिन हमें बीमार कर रहा है।

### मोटापे को देता है बुलावा

इसका कारण है प्लास्टिक की बनी पानी की बोतलों में प्रयोग होने वाला एक रसायन जोकि हमारे दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाली बोतल, धातु युक्त भोजन के डिब्बे और थर्मल रसीद पेपर जैसे उत्पादों में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला रसायन है। शोध में पाया गया कि प्लास्टिक की बोतल के पानी के प्रयोग से बच्चों के शरीर में फैट सैल्स काफी जल्दी बढ़ जाता हैं, जिससे लंबे समय तक वे मोटापे का शिकार रहते हैं।

### इन बीमारियों को देता है जन्म

खास बात ये है कि यह अस्थमा, टैंशन, डिप्रैशन, डायबिटीज और लड़कियों के जल्दी किशोर होने जैसे कारणों के लिए भी इस रसायन को जिम्मेदार ठहराया गया है, जिनका उपयोग प्लास्टिक में होता है। इसलिए अगर आप अपने शरीर को स्वस्थ्य रखना चाहते हैं, तो प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें। आप गर्म खाने और पीने की चीजों को रखने के लिए स्टील के बर्तन और ग्लास का उपयोग करें। आप जितनी जल्दी प्लास्टिक को खुद से दूर करेंगे, उतनी ही जल्दी आप बीमारियों को अलविदा कहेंगे।

### गर्भवती महिलाओं के लिए खतरा

अगर आप अभी भी प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीते हैं, तो सावधान हो जाइए। क्योंकि प्लास्टिक के इस्तेमाल को लेकर अब एक नया खतरा सामने आया है। प्लास्टिक को लेकर हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि जो गर्भवती महिलाएं बोतल के पानी का इस्तेमाल करती हैं या हमेशा बोतल के पानी का सेवन करती हैं, उनके बच्चों में मोटापे का खतरा बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है।





# युवाओं पर भी छाया, हृदय रोगों का साया



एक अध्ययन चौंकाने के लिए काफी है। अध्ययन दर्शाता है कि युवाओं में उच्च रक्तचाप, मोटापा और दिल संबंधी बीमारियों की दर तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से महानगरों में रहने वाले युवा इसके चपेट में तेजी से आ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार महानगरों में रहने वाले युवाओं की गतिहीन जीवनशैली, वसायुक्त भोजन और शराब का बढ़ता सेवन इसके लिए उत्तरदायी है जिसकी वजह से युवाओं में मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह के मामले बढ़ रहे हैं। शोध दर्शाते हैं कि ऐसे मामलों में महानगरीय युवाओं की हालत चिंताजनक है। तेज रफ्तार जिंदगी में आगे बढ़ने की होड़, खान-पान में फास्ट फूड की बहुतायत, धूम्रपान की लत और शराब सेवन की वजह से युवाओं में दिल संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।

### स्ट्रेस से बढ़ा 10 से 15 फीसदी खतरा

काम के दौरान पैदा होने वाला तनाव और थकन तथा बदलती जीवनशैली कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएचडी) का एक बड़ा कारण है। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ किसी भी कार्य की डेडलाइन्स और दबाव के साथ पैदा होने वाली समस्याएं ही युवाओं को इसके शुरुआती स्तर की ओर धकेल रही हैं। नौकरी के साथ ही इन चीजों की शुरुआत तेजी से होने लगती है, जो चिंता का गहन विषय है। छोटे-छोटे कार्यों में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। वर्क कल्चर तेजी से बदला है। इसकी वजह से हृदय रोग संबंधी शिकायतों का खतरा 10-15 फीसदी बढ़ गया है।

आज बच्चों को बचपन से ही गतिहीन जीवनशैली का सामना करना पड़ रहा है। व्यायाम के लिए समय नहीं है, जिससे आनुवांशिक विकार बढ़ रहे हैं। साथ में तेजी से बदलता खानपान, वसा की कमी आदि कारणों के चलते ही युवाओं में दिल की बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। हमारा आहार, श्रमहीन जीवन व स्ट्रेस जैसी चीजें हार्ट अटैक के रूप में सामने आती हैं। लम्बे समय तक तनाव में रहने या तनावपूर्ण कार्यस्थितियों में काम करने के कारण एड्रिनल और कोर्टिसोल जैसे हार्मोन्स का स्तर बढ़ जाता है और इससे ब्लडप्रेशर बढ़ने, हृदय की रक्त नलियों में रक्त के थक्के बनने और दिल के दौरे पड़ने के खतरे बढ़ जाते हैं।

### दिल की सलामती के लिए

- कम-से-कम रोज 45 मिनट तक ब्रिस्क वॉक करें यानी तेज चलें। डाइट पर कंट्रोल रखें।
- खाने में ऐसा तेल इस्तेमाल करें जो जमे नहीं। इसके नसों में जमने से खून के प्रवाह में रुकावट आती है। ऑलिव ऑयल व सफोला में कम कोलेस्ट्रॉल होता है।
- सिगरेट पीने वालों में हार्ट अटैक के चांस ज्यादा होते हैं। नियमित योग करना और ध्यान लगाना चाहिए। इससे नसें रिलैक्स हो जाती हैं और हृदय को कम नुकसान पहुंचता है। जिनके परिवार में हृदय रोग का इतिहास रहा हो उन्हें अपना पूरा चेकअप कराते रहना चाहिए।
- हृदय रोगियों के लिए लाफिंग थेरेपी भी कारगर साबित होती है क्योंकि हंसने से अन्य अंगों के साथ हृदय की भी कसरत होती है।

### धूम्रपान की धुन सवार

आज के कई युवाओं में धूम्रपान की धुन सवार होती दिखती है। उनके लिए यह अब एक फैशन स्टेटमेंट बन गया है। एक तल के रूप में धूम्रपान के बुरे प्रभाव न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी दर्ज किए गए हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाभर में करीब 1.1 बिलियन लोग धूम्रपान करते हैं, जिसमें एक-तिहाई 16 साल की उम्र के हैं। धूम्रपान के दुष्प्रभाव के बारे में डॉक्टर कहते हैं, पेशेवर लोग धूम्रपान इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे उनका तनाव दूर होता है, लेकिन वह उस तथ्य कि अनदेखी कर रहे हैं, जिससे सामने आया है कि यह उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। सिगरेट में निकोटिन और टार जैसे हानिकारक तत्व होते हैं और कार्बन मोनोआक्साइड दिल के तबाह कर देने के लिए काफी है।

**ध्यान दें:** डायबिटीज के मरीजों में एंजाइना का कोई लक्षण प्रकट नहीं होता। शरीर की ओर से कोई वार्निंग नहीं मिलती। उनकी नसें डायबिटीज के कारण सुन्न हो जाती हैं। ऐसे लोगों को हमेशा अपना चेकअप कराना चाहिए।

### किसको खतरा अधिक

ऐसे युवाओं में जिनके माता-पिता को दिल की समस्या रही हो उनमें यह समस्या छोटी आयु में ही उभरने की संभावना रह सकती है। यानी यदि 30 साल की उम्र के बाद मेडिकल तौर पर इसकी आशंका जताई गई है तो ऐसे युवाओं को 20 साल की उम्र में भी यह समस्या हो सकती है।

### ब्लड प्रेशर

130/85 से ज्यादा होना ठीक नहीं। खून में गाढ़ापन आने के कारण हृदय की धमनियों में थक्के जमने से हार्ट की समस्या बढ़ती है। बिगड़ी हुई जीवनशैली के कारण लोग तनावग्रस्त हो जाते हैं और तनाव से तुरंत निजात पाने के लिए स्मोकिंग और एल्कोहल का सहारा लेते हैं। धीरे-धीरे ब्लड प्रेशर गड़बड़ाने के बाद हृदय संबंधी बीमारियां जन्म ले लेती हैं और पता नहीं चलता।

### लाइफ स्टाइल से बढ़ा, हाई रिस्क फैक्टर

- दिल संबंधी बीमारियों के मामले में भारत नंबर एक पर है, जिसकी 10 फीसदी आबादी दिल के रोगों से ग्रस्त है जबकि यूरोप और अमेरिका दूसरे स्थान (7 फीसदी ग्रस्त) पर हैं और चीन में यह दर 4 फीसदी है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 2015 तक भारत में हृदय संबंधी बीमारियां सबसे बड़ी बीमारी के रूप में सामने आने वाली है।
- भारत में 5 करोड़ लोग दिल संबंधी बीमारियों से ग्रस्त हैं और इस वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा दोगुना हो सकता है।
- युवा कामकाजी लोगों में यह शिकायत सबसे अधिक पाई जा रही है यानी 10 में से एक में और जिनकी औसत आयु है 30 वर्ष।
- देश में युवाओं में हार्ट अटैक की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जो वैश्विक दर के मुकाबले 10 फीसदी ज्यादा है। ऐसे मामलों की शुरुआत अब 20 साल के युवाओं में भी होने के आसार हैं।
- भारत में होने वाली 10 मौतों में से 1 हार्ट अटैक की वजह से हो रही है।
- पिछले एक दशक में खासतौर से युवा कामकाजी लोगों में सीएडी की दर 17.5 से 35 फीसदी की ओर तेजी से बढ़ी है यानी यह दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही है।
- नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के मुताबिक 13 फीसदी महिलाओं और 9 फीसदी पुरुष मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं। कमर की चौड़ाई के साथ मेटाबॉलिक रोग बढ़ने लगता है इसलिए ध्यान रखें कि शरीर में पाए जाने वाले सेल्स हमेशा ऊर्जा प्रदान करने वाले नहीं होते।

### क्या कहता है सर्वे

दस-बारह वर्ष पूर्व तक लोग यह सोचते थे कि हिन्दुस्तान में हृदय रोग यानी हार्ट की नलियों में रुकावट की समस्या पूरी दुनिया की तुलना में कम है। पर तमाम अध्ययनों और शोधों में यह पता चला है कि पश्चिमी मुल्कों की तुलना में भारत में 2-3 प्रतिशत ज्यादा लोग हृदय रोगों से पीड़ित हैं। निस्संदेह यह बहुत चिंता का विषय है। वास्तव में भारतवासियों में कोरोनरी हृदय संबंधी रोग की दर खासतौर से युवाओं में, पश्चिमी देशों के मुकाबले तकरीबन तीन गुना ज्यादा पाई जाने लगी है।

### बीमारी बढ़ती है स्टेप बाई स्टेप

शहरी लोगों में शारीरिक श्रम की आदत कम पड़ती दिख रही है। अधिकांश लोग गाड़ी पर चलते हैं, बिल्डिंगों में लिफ्ट लगी हैं। पैदल चलना-फिरना तो लगभग है ही नहीं। अक्सर लोग समझ नहीं पाते कि उन्हें हृदय रोग है। वे इसे गैस बनने या किसी अन्य समस्या के रूप में ही देखते हैं, लेकिन यह जानने के लिए कि कहीं कोई समस्या तो नहीं आ रही, इसे तीन रूपों में समझा जा सकता है।

**स्टेप-1:** इसमें हृदय रोग की शुरुआत तो हो गई है, पर रोगी को पता नहीं चला। उसे कोई नुकसान भी नहीं हुआ।

**स्टेप-2:** कोई काम करते वक्त झुंझलाहट हो, गुस्सा आए या भाग-दौड़ करने पर छाती पर दबाव व जलन महसूस हो, तो यह एंजाइना हो सकता है। जब कभी ऐसे लक्षण महसूस हों तो सचेत हो जाएं और फौरन चेकअप कराएं।

**स्टेप-3:** यह सबसे खतरनाक है और हार्ट अटैक के रूप में सामने आता है। इसमें मरीज को पता ही नहीं होता कि एंजाइना का कारण था या पता होने पर भी उसने अनदेखा कर दिया था। ऐसे में हार्ट अटैक का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ जाता है जिसमें आदमी की जान भी जा सकती है। इसमें 10 प्रतिशत मामले अस्पताल भी ही नहीं पहुंच पाते। इसलिए बहुत सावधान रहना चाहिए। यदि छाती में दर्द हो रहा है तो अस्पताल जाने में देर न करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**